✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 178 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 25 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जस्टिस सूर्यकांत को सीजेआइ पद की शपथ दिलाई

## नौ कमिश्नरी टाउन में बनेगी सैटेलाइट सिटी : नितिन नवीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मंत्री नितिन नवीन ने आज नगर विकास एवं आवास विभाग का पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर बिहार के शहरी विकास को लेकर विस्तृत योजना सामने रखी। उन्होंने कहा कि अर्बन डेवलपमेंट डिपार्टमेंट में 2025 से 2030 तक बड़े स्तर पर काम करने का स्कोप है। बिहार में अर्बनाइजेशन अब नई उड़ान भर सकता है। नितिन नवीन ने कहा कि राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता इंडस्ट्रियलाइजेशन और अर्बनाइजेशन है जिससे निवेश के नए अवसर पैदा हों और आम नागरिकों को शहरों में विश्व स्तरीय सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि शहरों के इंफ्रास्ट्रक्चर, विस्तारीकरण, ड्रिंकिंग वाटर सप्लाई, ड्रेनेज, सीवरेज सिस्टम,




पार्क और तालाब के संरक्षण और विकास पर तेजी से काम किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि नए शहरों के विकास की दिशा में बिहार सैटेलाइट सिटी के कॉन्सेप्ट पर आगे बढ़ रहा है। हम 9 कमिश्नरी टाउन में सैटेलाइट सिटी बनाने पर काम कर रहे हैं। हर कमिश्नरी में एक सैटेलाइट सिटी विकसित करना हमारी प्राथमिकता है। यह मॉडल बड़े शहरों पर दबाव कम करेगा और क्षेत्रीय विकास को गति देगा।

# हिंदी सिनेमा के ही-मैन धर्मेन्द्र का निधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हैदराबाद।** हिंदी सिनेमा के ही-मैन धर्मेंद्र का सोमवार को 89 साल की उम्र में निधन हो गया है। एक्टर का निधन उनके 90वें बर्थडे से पहले हुआ है। वह आगामी 8 दिसंबर 2025 को अपना 90वां जन्मदिन मनाने वाले थे। बॉलीवुड एक्टर धर्मेंद्र के निधन की इस खबर से पूरा देश शोक में डूब गया है। सेलेब्स से लेकर राजनेता तक एक्टर के निधन पर शोक जता रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समेत अन्य राजनेताओं ने एक्टर धर्मेंद्र के निधन पर दुख जताया है। धर्मेंद्र के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताया है। उन्होंने एक्स हैंडल पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा है, 'धर्मेंद्र जी के जाने से भारतीय सिनेमा में एक युग का अंत हो गया है। वह एक आइकॉनिक फिल्म पर्सनैलिटी थे, एक जबरदस्त एक्टर थे जिन्होंने अपने हर रोल में चार्म और गहराई लाई। जिस तरह से उन्होंने अलग-अलग तरह के रोल किए, उसने अनगिनत लोगों के दिलों



को छुआ। धर्मेंद्र जी अपनी सादगी, विनम्रता और प्यार के लिए भी उतने ही जाने जाते थे। इस दुख की घड़ी में, मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, दोस्तों और अनगिनत फैंस के साथ हैं। ओम शांति।' देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी एक्टर धर्मेंद्र के निधन पर शोक जताया है। एक्स हैंडल पर पोस्ट साझा करते हुए राष्ट्रपति ने लिखा है, 'जाने-माने एक्टर और पूर्व सांसद धर्मेंद्र जी का निधन भारतीय सिनेमा के लिए एक बहुत बड़ा नुकसान है। सबसे पॉपुलर एक्टर्स में से एक, उन्होंने अपने दशकों लंबे शानदार करियर में कई यादगार परफॉर्मेंस दीं। भारतीय सिनेमा की एक बड़ी हस्ती के तौर पर, वह अपने पीछे एक ऐसी विरासत छोड़ गए हैं जो कलाकारों की नई पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। उनके परिवार, दोस्तों और चाहने वालों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।' केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी एक्टर धर्मेंद्र के निधन पर दुख प्रकट किया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने एक्स हैंडल पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा है, 'अपने बेहतरीन अभिनय से छह दशकों तक हर देशवासी के दिल को छूने वाले धर्मेंद्र जी का निधन भारतीय सिनेमा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। एक सामान्य परिवार से आकर उन्होंने फिल्म जगत में अपनी अमिट पहचान बनाई। धर्मेंद्र जी उन चुनिंदा अभिनेताओं में से एक रहे, जिन्होंने जिस किरदार को छुआ, वह जीवंत बन उठा और अपनी इसी कला के माध्यम से उन्होंने हर आयु-वर्ग के करोड़ों दर्शकों का दिल जीता। अपने अभिनय से वे सदैव हमारे बीच रहेंगे।

### धर्मेन्द्र का निधन फिल्म जगत के लिए अपूरणीय क्षति : नीतीश

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हिंदी फिल्मों के लोकप्रिय अभिनेता एवं पूर्व सांसद धर्मेन्द्र के निधन पर गहरा शोक एवं दुख व्यक्त किया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व धर्मेन्द्र हिंदी फिल्मों के एक प्रसिद्ध और लोकप्रिय अभिनेता थे जो भारतीय संसद (लोकसभा) के सदस्य रह चुके थे। उन्हें 2012 में केन्द्र सरकार द्वारा भारत के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। उनके निधन से फिल्म जगत एवं राजनीतिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

## संक्षिप्त समाचार

### जदयू विधायक नरेंद्र नारायण यादव बने प्रोटेम स्पीकर

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जदयू विधायक नरेंद्र नारायण यादव को बिहार विधानसभा का प्रोटेम स्पीकर बनाया गया है। वे बिहार में नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाएंगे। इसके बाद बिहार विधानसभा के स्पीकर की नियुक्ति की जाएगी। स्पीकर के लिए भाजपा के प्रेम कुमार के नाम की चर्चा है। प्रोटेम स्पीकर विधानसभा में एक अस्थायी संवैधानिक पद होती है जिसकी नियुक्ति राज्यपाल करते हैं। विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव के बाद प्रोटेम स्पीकर की जिम्मेदारी खत्म हो जाती है।

### एसिड टैंक के फटने से कई मजदूर घायल

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पूसा स्थित राजेंद्र कृषि विश्वविद्यालय परिसर में एसिड टैंक फट गया। इस दौरान वहां सफाई कर रहे कई मजदूर घायल हो गए। देखते-ही-देखते वहां चीख पुकार मच गई। हादसे में झुलसे मजदूरों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय परिसर के प्लांट पैथोलॉजी व लाइब्रेरी के बीच जमा कचरे को कुछ मजदूर साफ कर रहे थे। इसी दौरान वहां जोरदार आवाज हुआ।

### जदयू नेत्री पर चाकू से किया हमला

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुर जिले के कोइलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया गांव में बदमाशों ने जदयू नेत्री चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता की पहचान लीलावती उर्फ सोनम पटेल के रूप में हुई है। वारदात को उस समय अंजाम दिया गया जब वह घर से बाहर जा रही थीं। चाकू सोनम पटेल के पीठ में घोंपी गई जिससे वे गंभीर रूप से जख्मी हो गईं। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

मुख्यमंत्री ने हाजीपुर औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण कर औद्योगिक इकाइयों का किया निरीक्षण

# औद्योगिक विकास को और गति देकर अधिक से अधिक रोजगार का करें सृजन : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को हाजीपुर औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण कर औद्योगिक इकाइयों यथा-न्यू जील सीजनल वियर प्राइवेट लिमिटेड, कम्पीटेंस एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड एवं ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड का निरीक्षण किया। भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने न्यू जील सीजनल वियर प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण कर वहां तैयार किये जा रहे विभिन्न प्रकार के वस्त्रों एवं कार्यरत कर्मियों की संख्या आदि के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने टेलरिंग के काम में लगे कर्मियों से बातचीत कर औद्योगिक इकाई द्वारा दी जा रही सुविधाओं आदि के संबंध में जानकारी ली। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने कम्पीटेंस एक्सपोर्ट



प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने यहां बनाये जा रहे विभिन्न प्रकार के जूतों से संबंधित बाजार, कच्चे माल आदि के संबंध में प्रबंधन से विस्तृत जानकारी ली। हाजीपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यहां मुख्य रूप से बिस्कुट और कुकीज़ का निर्माण होता है, जो पूरे भारत के साथ-साथ विदेशों में भी भेजे जाते हैं। यह कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड का हिस्सा है जो बिस्कुट, ब्रेड और डेयरी उत्पादों के निर्माण के लिए जानी जाती है। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक इकाइयों में चल रही उत्पादन गतिविधियों, उद्योग विस्तार की संभावनाओं तथा रोजगार सृजन से जुड़े मुद्दों सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने औद्योगिक विकास को और अधिक गति देने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए ताकि ज्यादा से ज्यादा रोजगार का सृजन हो सके। इस अवसर पर विधायक सिद्धार्थ पटेल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, वैशाली जिलाधिकारी वर्षा सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## फर्जी डिग्री वाले तकनीकी सहायकों के सर्टिफिकेट की होगी जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के पंचायती राज विभाग ने तकनीकी सहायकों द्वारा फर्जी डिग्री और नकली सर्टिफिकेट लगाकर नौकरी पाने के बढ़ते मामलों पर सख्त कदम उठाया है। विभाग ने राज्य के सभी जिलों में कैंप लगाकर उनके सभी एजुकेशनल और टेक्निकल सर्टिफिकेट की पूरी तरह जांच करने का आदेश दिया है। सात साल पहले हुई भर्ती प्रक्रिया पर लगातार सवाल उठ रहे थे जिसके बाद इस जांच से पूरे सिस्टम में हड़कंप मचा हुआ है। विभाग के जॉइंट सेक्रेटरी शम्स जावेद अंसारी ने सभी डीएम को निर्देश भेजा है। इसमें बताया गया है कि 25 जुलाई 2018 के आदेश के अनुसार हर चार पंचायतों पर एक तकनीकी सहायक की बहाली की गई थी लेकिन अब भी कई शिकायतें मिल रही हैं कि कई तकनीकी सहायकों ने फर्जी डॉक्यूमेंट देकर नौकरी हासिल की है। विभाग ने साफ कहा है कि अगर किसी का प्रमाणपत्र नकली पाया गया तो उसकी नौकरी तुरंत खत्म कर दी जाएगी और उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। बिहार के पंचायती राज विभाग ने तकनीकी सहायकों के प्रमाणपत्रों का कैंप लगाकर युद्ध स्तर पर सख्त जांच के आदेश दिये हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में तकनीकी सहायकों के दस्तावेजों का युद्धस्तर पर वेरिफिकेशन किया जायेगा। नियुक्ति के समय जमा किये गये रिकॉर्ड का वर्तमान प्रमाणपत्रों से बारीकी से मिलान किया जायेगा। यदि किसी तकनीकी सहायक का प्रमाणपत्र फर्जी पाया जाता है तो उसकी सेवा तत्काल समाप्त कर दी जायेगी। साथ ही संबंधित कर्मी पर एफआइआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। जांच के बाद पूरी रिपोर्ट विभाग को अनिवार्य रूप से देनी होगी। आदेश जारी होने के बाद से ही जिला और प्रखंड स्तर पर कार्यरत उन तकनीकी सहायकों में भारी बेचैनी है, जो अपने दस्तावेजों में गड़बड़ी को लेकर आशंकित हैं। सूत्रों का मानना है कि यदि जांच ईमानदारी से की गयी तो फर्जी दस्तावेज पर कार्यरत तकनीकी सहायकों की बर्खास्तगी होनी तय है। विभाग ने सात वर्षों से लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए इस बार ढुलमुल रवैया छोड़ कर निर्णायक कार्रवाई करने का फैसला लिया है। विभाग का कहना है कि फर्जी डिग्री वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा।

## घरेलू विवाद में महिला ने मासूम संग किया विषपान, दोनों की मौत


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच(गया)।** कोंच थाना क्षेत्र के रूपसपुर गांव में घरेलू विवाद के चलते शनिवार रात एक दर्दनाक घटना सामने आई जहां 23 वर्षीय पूनम देवी ने अपने एक वर्षीय पुत्र के साथ विषपान कर लिया जिससे दोनों की मौत हो गई। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि महिला की रविवार दोपहर इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि उसका एक वर्षीय पुत्र सोमवार सुबह करीब 8 बजे दम तोड़ दिया। दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। घटना के बाद मृतका के मायके पक्ष ने दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कोंच थाना में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपित पति विमल कुमार को सोमवार दोपहर गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शनिवार रात करीब 8 बजे घरेलू कलह से परेशान पूनम ने बच्चे सहित जहर खा लिया था। परिजनों ने गोपनीय रूप से इलाज कराने की कोशिश की लेकिन दोनों को बचाया नहीं जा सका। घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृतका की शादी दो वर्ष पूर्व विमल कुमार से हुई थी जो अमूल डेयरी में बर्तन धोने का काम कर मजदूरी करता है। पूनम का मायका पंचानपुर थाना क्षेत्र के चैनपुर गोपालपुर गांव में है।

## पंचायत चुनाव की तैयारी में जुटा पंचायती राज विभाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विधानसभा चुनाव का शोर थमते ही अब अगले साल होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की सुगबुगाहट तेज हो गयी है। जिसके चलते पंचायती राज विभाग ने प्रारंभिक तैयारियां शुरू कर दी हैं। चर्चा के अनुसार पंचायत चुनाव अप्रैल से जुलाई 2026 के बीच कराये जाने की संभावना है। स्थानीय राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई हैं और संभावित प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान शुरू कर चुके हैं। बिहार में पंचायत चुनाव हमेशा से बेहद महत्वपूर्ण और प्रभावशाली माने जाते हैं क्योंकि गांव की सत्ता का आधार मुखिया, सरपंच, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य



और पंच जैसे पदों पर टिका होता है। इसी कारण विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद अब सभी की नजरें पंचायत चुनाव पर टिक गई हैं। इस बार पंचायत चुनाव में आरक्षण रोस्टर में बड़े बदलाव की संभावना है। बिहार पंचायती राज अधिनियम 2006 और पंचायत निर्वाचन नियमावली के अनुसार प्रत्येक 10 वर्ष में आरक्षण रोस्टर बदला जाता है। 2026 में होने वाला यह बदलाव कई पंचायतों में पदों के आरक्षण वर्ग को बदल सकता है। इससे महिला, अति पिछड़ा, अनुसूचित जाति एवं सामान्य श्रेणी के आरक्षण में फ़ेरबदल के आसार हैं। यही वजह है कि प्रत्याशी अपने पंचायत क्षेत्र के संभावित आरक्षण को लेकर सक्रिय हैं। हालांकि आधिकारिक अधिसूचना अभी जारी नहीं हुई है, लेकिन प्रखंड क्षेत्र में संभावित उम्मीदवार जनसंपर्क तेज कर रहे हैं। माना जा रहा है कि इस बार पंचायत चुनाव का मुकाबला बेहद कड़ा और दिलचस्प रहेगा। दिसंबर-जनवरी से मतदाता सूची के अद्यतन का काम शुरू होगा। इसके बाद वार्डवार मतदाताओं का विखंडन कर नई सूची तैयार की जाएगी तथा मतदान केंद्रों का निर्धारण किया जाएगा।

### बारात से लौटते समय गड्ढे में गिरी स्कॉर्पियो, दो की मौत

**मधेपुरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मुरलीगंज थाना क्षेत्र में रविवार देर रात बारात से लौट रही एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर बलुआहा पुल के पास करीब 100 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाकी सवार किसी तरह जान बचाकर बाहर निकल गए। सुबह स्थानीय लोगों को घटना की जानकारी हुई जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मृतकों की पहचान मुरलीगंज थाना क्षेत्र के सिंगियान निवासी 55 वर्षीय चंद्रकिशोर यादव और पश्चिम बंगाल के मालदा निवासी 30 वर्षीय चिंटू अग्रवाल के रूप में हुई है। चिंटू अग्रवाल दूल्हे का दोस्त बताया जा रहा है।

### ताला तालाब से दो सगे भाइयों का शव बरामद

**डिहरी ऑन-सोन(नबिटा ब्यूरो)।** रोहतास जिले के इंद्रपुरी थाना अंतर्गत नावाडीह निवासी दो सगे भाइयों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में शोक और सनसनी का माहौल व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों युवक कल दोपहर करीब 12 बजे घर से बेर खाने की बात कहकर निकले थे लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। इसी दौरान निमियाड के पास पहाड़ के नीचे स्थित ताला तालाब से दोनों युवकों का शव बरामद किया गया। मृतक दोनों भाई राजेश पाल के पुत्र बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने में जुटी है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस हर पहलू से मामले की छानबीन कर रही है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

## भू-माफियाओं के चेहरों पर रहेगी सरकार की नजर : विजय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सोमवार को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने से पूर्व उन्होंने अपने चेंबर में भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने विभाग के सभी अधिकारियों से मुलाकात की और विभाग के बारे में जानकारी जुटाई। पदभार ग्रहण के बाद मीडिया से बात करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि बालू और शराब से अवैध कमाई करने वाले तत्व आगे चलकर भू-माफिया का रूप ले लेते हैं। उन्होंने साफ किया कि ऐसे माफियाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने का काम विभाग की प्राथमिकता होगा। उन्होंने कहा कि




भू-माफिया के खिलाफ कार्रवाई में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जनता ने एनडीए सरकार को भारी जनादेश देकर राज्य की प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार के विकास की रफ्तार को और तेज किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि जनता ने जिस विश्वास और उम्मीद के साथ जनादेश दिया है उसे सरकार पूरी जिम्मेदारी से निभाएगी। श्री सिन्हा ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें पहले अपनी हार की समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कथनी और करनी में समानता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अब 'बिहारी' शब्द किसी गाली की तरह नहीं बल्कि स्वाभिमान का प्रतीक बनेगा। सरकार का लक्ष्य बिहारी स्वाभिमान को मजबूत करना और उसे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। उपमुख्यमंत्री ने भू-माफिया को लेकर विभाग की रणनीति स्पष्ट करते हुए कहा कि वे किसी को डराने धमकाने की बात नहीं करते लेकिन अवैध गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि खनन विभाग की तरह ही राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में भी सफ़ेदपोशों की छत्रछाया में पलने वाले भू-माफियाओं के चेहरों पर सरकार की नजर बनी रहेगी। भूमि सर्वे को लेकर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा कर सर्वे प्रक्रिया को अधिक सरल, त्वरित और पारदर्शी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि तकनीक और बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था से भूमि विवादों को काफी हद तक कम किया जा सकता है और यही सरकार की दिशा होगी।

## मैट्रिक परीक्षा 2027 के लिए रजिस्ट्रेशन 8 दिसंबर तक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2027 के लिए विलंब शुल्क के साथ रजिस्ट्रेशन तिथि बढ़ा दी है। अब स्टूडेंट्स आठ दिसंबर तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इससे पहले रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 23 नवंबर थी, जिसे बढ़ा कर समिति ने आठ दिसंबर कर दिया है। जिन स्टूडेंट्स ने सत्र 2025-26 में नौवीं कक्षा में नामांकन कराया है, 2027 में होने वाली मैट्रिक परीक्षा में शामिल होने के लिए यह रजिस्ट्रेशन आवश्यक है। नियमित व प्राइवेट स्टूडेंट्स को 250 रुपये और स्वतंत्र उम्मीदवार को 430 रुपये आवेदन शुल्क देना होगा। जिन छात्रों ने नौवीं में नामांकन लिया है, वे समय पर आवेदन कर रजिस्ट्रेशन करें ताकि आगे परीक्षा में शामिल होने में कोई परेशानी न हो। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अपने विद्यालय के छात्रों की जानकारी बिहार बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर भरेंगे। आवेदन में छात्र का नाम, पिता-माता का नाम, जन्म तिथि, विषय, फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करना होगा। आवेदन भरने के बाद विद्यालय प्रधान की स्वीकृति अनिवार्य है।

### पीडब्ल्यूसी में तीन शिक्षकों की वेकेंसी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना वीमेंस कॉलेज में तीन शिक्षकों की वेकेंसी निकाली गयी है। यह वेकेंसी कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर होगी। इसमें मैथ में दो और स्टैटिस्टिक्स विषय में एक वेकेंसी निकाली गयी है। ऑनलाइन आवेदन की आखिरी तारीख 25 नवंबर है। आवेदन कॉलेज की वेबसाइट पर लिया जायेगा और दो हजार रुपये शुल्क लगेंगे।

# आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना का नवम दीक्षांत समारोह आयोजित

## राज्यपाल ने की आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के नवम दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय का नवम दीक्षांत समारोह 24 नवंबर को सम्राट अशोक कंन्वेंशन सेंटर, बापू सभागार, पटना में आयोजित किया गया। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खान जी ने की। इस समारोह में राज्यपाल बिहार के प्रिंसिपल सेक्रेटरी राबर्ट एल चोंग्थू भी बतौर अतिथि शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में दो हजार से ज्यादा विद्यार्थियों को उपाधि दी गई। इनमें 63 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल भी दिया गया। इस दौरान 67 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी गई। बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश पियूष अग्रवाल को विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि दी गई। राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खान ने दीक्षांत समारोह में उपाधि धारण करने वाले सभी शोधार्थी-विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह दीक्षांत है शिक्षांत नहीं, ज्ञान अर्जन के लिए सदैव जागरूक एवं प्रयासरत रहना चाहिए एवं स्वाध्याय निरंतर जारी रखना चाहिए तथा अर्जित ज्ञान का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाना चाहिए। मेरी आशा है कि आप सभी जिस भी क्षेत्र में जाएं, अपने कार्य को पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ रहा है। लड़कियों द्वारा सर्वाधिक स्वर्णपदक हासिल करने पर राज्यपाल सह कुलाधिपति ने सभी को बधाई दी और अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की। ज्ञान के हर विधा में प्रचुर ज्ञान उपलब्ध हों जो भारत को विकसित करने में अपना योगदान दे सके। ज्ञान विज्ञान के साथ-साथ संस्कार भी आवश्यक है जो आत्मनियंत्रण एवं आत्मसंयम से प्राप्त हो सकता है। मनुष्य का श्रेष्ठतम धर्म ही आत्मनियंत्रण है। इस संदर्भ में उन्होंने वृहदारण्यक उपनिषद् में वर्णित आकाशीय ध्वनि 'दा दा दा' को उद्धृत किया गया जिसका तीन अर्थ है, यथाः- दमयत (आत्म नियंत्रण), दान एवं दया जो ईश्वर द्वारा प्रदत सभी प्राणियों के लिए दिव्य ज्ञान है। उनके द्वारा आगे कहा गया कि धर्म वही है जो अपने में संवेदना जागृत करे ताकि आप दूसरे की पीड़ा को समझ सकें। कुलाधिपति द्वारा हितोपदेश के सूक्त अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम। उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम को उद्धृत करते हुए बताया गया कि अपना और पराया की गणना छोटे विचार वाले करते हैं। उदार हृदय वालों के लिए सम्पूर्ण धरती ही परिवार है। ज्ञान तब तक सार्थक नहीं है जब तक वह हमारे जीवन एवं कार्यों में परिलक्षित नहीं हो।

कुलपति प्रो. डॉ. शरद कुमार यादव ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के आदर्श वाक्य 'सत्य धर्मार्य दृष्टये' का स्मरण करते हुए कहा कि वर्ष 2010 में अपनी स्थापना के बाद से खास तौर पर तकनीकी शिक्षा को सुव्यवस्थित तथा नियमित करने में विश्वविद्यालय ने प्रतिबद्धता दिखाई है। हमारे विश्वविद्यालय का उद्देश्य शिक्षण, अनुसंधान और रचनात्मक प्रयासों के माध्यम से वैश्विक मानकों की उच्च शिक्षा प्रदान करना है। ज्ञान और मानवीय समझ का विस्तार करना एवं समाज की चुनौतियों से निपटने के लिए विश्वविद्यालय ने उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण सृजित किया है।

### बिहार भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल देवघर पहुंचे की बाबा बैद्यनाथ की पूजा

# बाबा बैद्यनाथ धाम पूरे देश के लिए आस्था का केन्द्र : डॉ. दिलीप जायसवाल



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बिहार सरकार में उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल आज सपरिवार झारखंड के देवघर पहुंचे और बाबा वैद्यनाथ धाम में पवित्र ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना कर बिहारवासियों पर अपनी असीम कृपा, आरोग्य, समृद्धि और मंगल की वर्षा करते रहने का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि बाबा का आशीर्वाद हमें निरंतर जन-सेवा और राज्य के विकास के संकल्प को और अधिक दृढ़ करने की प्रेरणा देता है। देवघर में पूजा अर्चना करने के बाद वे दुमका के बासुकीनाथ धाम पहुंचे और वहां पूजा अर्चना की। बिहार के उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि बाबा की अनंत कृपा का अनुभव हृदय को असीम शांति और दिव्य ऊर्जा प्रदान करता है। बाबा बासुकीनाथ से उन्होंने समस्त बिहारवासियों के जीवन में सदैव सुख, स्वास्थ्य एवं समृद्धि का संचार करने की प्रार्थना की। उन्होंने बिहार के विकास एवं जनसेवा के संकल्प को और अधिक मजबूती प्रदान करने का आशीर्वाद भी मांगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि बाबा बैद्यनाथ धाम पूरे देश और झारखंड के लिए आस्था और श्रद्धा का केन्द्र है। यहां आने से लोगों को अद्भुत शांति और ऊर्जा का अनुभव होता है। उन्होंने भक्तों से भी अपनी आस्था बनाए रखने का आग्रह किया। यह स्थल न केवल धार्मिक सेक्टर में बल्कि पर्यटन के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है।

# स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पांडेय आज ग्रहण करेंगे पदभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पांडेय आज (मंगलवार) अपना पदभार ग्रहण करेंगे। वे स्वास्थ्य विभाग में दोपहर 12:30 बजे तथा विधि विभाग में शाम 4:00 बजे पद ग्रहण करेंगे। मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पुनः विश्वास जताने और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने के लिए आभार प्रकट किया। श्री पांडेय ने कहा कि नई सरकार का मुख्य लक्ष्य बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को शहरों से लेकर गांव तक सुलभ बनाना है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार जनता के हित में निरंतर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता को स्वास्थ्य की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के और अधिक सुदृढ़ एवं सुलभ व्यवस्था सुनिश्चित कर रही है। श्री पांडेय ने यह भी कहा कि बिहार के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# छह वर्ष के लिए सात नेताओं को कांग्रेस ने किया निष्कासित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कांग्रेस पार्टी के मूल सिद्धांतों, अनुशासन और संगठनात्मक मर्यादा के प्रति शिथिल रवैया अपनाने तथा पार्टी-प्लेटफॉर्म के बाहर लगातार अवांछित व भ्रामक बयान जारी करने के आरोप में प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति ने सात नेताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए उन्हें छह वर्ष के लिए कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि संबंधित नेताओं से प्राप्त स्पष्टीकरण समिति को संतोषजनक नहीं लगा। उनके कार्य पार्टी अनुशासन उल्लंघन के पांच मानकों में से तीन के अंतर्गत स्पष्ट रूप से आते हैं। समिति ने उल्लेख किया कि नेताओं ने कांग्रेस के कार्यक्रमों और निर्णयों के विरुद्ध लगातार पार्टी मंचों से बाहर बयान दिए। सक्षम अधिकारियों के निर्देशों की जानबूझकर अवहेलना की। प्रिंट और सोशल मीडिया में टिकट खरीद-फरोख्त जैसे निराधार और भ्रामक आरोप लगाकर पार्टी की प्रतिष्ठा को गंभीर क्षति पहुंचाई। समिति ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मुद्दों को उठाकर नेताओं ने दुष्प्रचार किया, उन पर पार्टी ने पूर्ण पारदर्शिता अपनाई थी। पर्यवेक्षकों की नियुक्ति, जनसंपर्क कार्यक्रम, प्रदेश चुनाव समिति की बैठकों तथा अखिल भारतीय चुनाव समिति द्वारा विस्तृत समीक्षा के बाद ही अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा की गई थी। इसके बावजूद संबंधित नेताओं के आचरण से पार्टी के विभिन्न स्तरों–प्रदेश कांग्रेस कमेटी, पर्यवेक्षक, चुनाव समितियों तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी–के निर्णयों की अवमानना हुई और संगठन के भीतर भ्रम फैलाने की कोशिश की गई। समिति ने यह भी बताया कि केंद्रीय पर्यवेक्षक अविनाश पाण्डेय की सहमति से विधान सभा पर्यवेक्षक बनाए जाने के बाद भी इन नेताओं ने अनुशासनहीनता जारी रखी। इन सभी तथ्यों के आधार पर प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति ने निम्नलिखित व्यक्तियों को छह वर्षों के लिए कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित करने का निर्णय लिया है। आदित्य पासवान-पूर्व उपाध्यक्ष, कांग्रेस सेवा दल, शकीलुर रहमान-पूर्व उपाध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस, राज कुमार शर्मा-पूर्व अध्यक्ष, किसान कांग्रेस, राज कुमार राजन-पूर्व अध्यक्ष, प्रदेश युवा कांग्रेस, कुंदन गुप्ता-पूर्व अध्यक्ष, अति पिछड़ा विभाग, कंचना कुमारी-अध्यक्ष, बांका जिला कांग्रेस कमिटी, रवि गोल्डेन-नालंदा जिला।

# आलोक दत्त पाठक के आकस्मिक निधन पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** सूचना भवन के सभा कक्ष में सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के प्रेस कतरन शाखा में प्रतिनियुक्त स्व. आलोक दत्त पाठक को उनके आकिस्मक निधन पर विभाग द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। ज्ञातव्य है कि आवास राजीव नगर में रात्रि काल को हृदयाघात के कारण उनकी मृत्यु हो गई थी। विदित हो कि 22 एवं 23 नवम्बर को विभागीय कार्यालय में राजकीय अवकाशों की वजह से कार्यालय बंद था। कार्यालय खुलने पर विभाग द्वारा दिवंगत स्व. आलोक दत्त पाठक के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। निदेशक वैभव श्रीवास्तव द्वारा शोक संवेदना व्यक्त की गई तथा इस मौके पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए पूरी सभा ने दो मिनट का मौन भी रखा। इस अवसर पर विभाग के सभी पदाधिकारी तथा कर्मी उपस्थित थे तथा सभी ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# अशोका यूनिवर्सिटी ने यंग इंडिया फेलोशिप के 15 साल पूरे होने पर नया डिप्लोमा किया लॉन्च

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** इंटरडिसिप्लिनरी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी अशोका यूनिवर्सिटी ने यंग इंडिया फेलोशिप (वाईआईएफ) के 16वें बैच, सत्र 2026-27 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। फेलोशिप के 15 वर्ष पूरे होने के अवसर पर विश्वविद्यालय ने घोषणा की है कि अब वाईआईएफ इंटरडिसिप्लिनरी स्टडीज में पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा प्रदान करेगी। इस बैच के सभी चयनित फेलोज को एचडीएफसी बैंक के सहयोग से स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। करीब 100 सीटों वाले इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में पूरे देश, विशेषकर पटना और रांची जैसे शैक्षणिक रूप से उभरते शहरों से प्रतिभाशाली युवाओं को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। आवेदन की पहली राउंड 19 जनवरी 2026 तक खुली रहेगी। फेलोशिप की विरासत पर बात करते हुए अशोका यूनिवर्सिटी के बोर्ड ऑफ ट्रस्टी के संस्थापक और चेयरपर्सन प्रमथ राज सिन्हा ने कहा अशोका की शुरुआत यंग इंडिया फेलोशिप से हुई थी, इसलिए इसका विश्वविद्यालय में बेहद खास स्थान है। प्रोग्राम का उद्देश्य ऐसे युवाओं को तैयार करना है जिनमें आलोचनात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक बदलाव लाने की प्रतिबद्धता हो। पिछले 14 वर्षों में लगभग 2400 पूर्व छात्र सरकार, सिविल सोसायटी, विकास क्षेत्र, अकादमिक जगत, शोध, खेल, परफॉर्मिंग आर्ट्स, बहुराष्ट्रीय संगठनों, कॉरपोरेट जगत और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। फेलोशिप के प्रभाव पर बात करते हुए अशोका यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर सोमक रायचौधरी ने कहा यंग इंडिया फेलोशिप ने विश्वविद्यालय में ऐसे नेताओं को तैयार करने में बड़ी सफलता हासिल की है।

# थाईलैंड में जॉब के नाम पर गयाजी के धर्मेंद्र को मानव तस्करों को बेचा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** थाईलैंड में नौकरी का सपना लेकर घर से निकला गया जी के डेल्हा मोहल्ले का युवक धर्मेंद्र कुमार जिस रास्ते गया, वह सीधे साइबर गुलामी की भयावह दुनिया में जा पहुंचा। बेहतर भविष्य की तलाश में उसने एजेंट पर भरोसा किया। लेकिन, चंद दिनों में वह म्यांमार के जंगलों में बंद कमरों में भूख-प्यास और बंदूकधारी गिरोहों के बीच मौत का इंतजार करता मिला। थाईलैंड में आकर्षक वेतन और मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी का झांसा देकर उसे म्यांमार की सीमा पर सक्रिय साइबर स्कैम गिरोह के हाथों बेच दिया गया। तीन दिनों तक अंधेरे कमरे में भूखे-प्यासे कैद रखने के बाद उनकी जान म्यांमार आर्मी की छापेमारी में बची। धर्मेंद्र ने बताया कि वह पुणे में नौकरी करता था। लेकिन, नौकरी छूटने पर वह परेशान था। तभी एक दोस्त ने मुजफ्फरपुर के रहने वाले शुभम कुमार का नंबर दिया जिसने थाईलैंड मे चाइनीज कंपनी की हाई सैलरी की नौकरी का झांसा दिया। कई ऑनलाइन इंटरव्यू, वीडियो कॉलिंग और हाई-लेवल टेस्ट के बाद शुभम ने अंतिम इंटरव्यू थाईलैंड में होने की बात कही। 19 अक्टूबर को टिकट कटा और वह पटना से कोलकाता होते हुए 20 अक्टूबर को वह बैंकॉक पहुंच गया।

# रबी फसल हेतु राज्य में उर्वरक की कमी नहीं : पंकज कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने रबी 2025-26 मौसम के लिए राज्य में उर्वरक उपलब्धता, वितरण व्यवस्था और निगरानी तंत्र के विषय में बताया कि भारत सरकार द्वारा बिहार राज्य के लिए इस रबी मौसम में 13.50 लाख मे. टन यूरिया, 3.90 लाख मे. टन डीएपी, 3.50 लाख मे. टन एनपीके, 1.50 लाख मे. टन एमओपी तथा 1.00 लाख मे. टन एसएसपी की आवश्यकता निर्धारित की गई है। राज्य सरकार द्वारा समय पर आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने के कारण वर्तमान में बिहार के किसी भी जिले में उर्वरक की कमी नहीं है। ऐसे सभी जरूरतमंद किसानों को ससमय उर्वरक निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि 24 नवम्बर 2025 तक राज्य में 3.38 लाख मे. टन यूरिया, 1.66 लाख मे. टन डीएपी, 2.48 लाख मे. टन एनपीके, 0.60 लाख मे. टन एमओपी और 1.12 लाख मे. टन एसएसपी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए विभाग सतत सक्रिय है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है। प्रधान सचिव ने कहा कि जीरो ऑफिस डे के तहत कृषि विभाग के सभी पदाधिकारी उर्वरक की कालाबाजारी, अधिक मूल्य पर विक्रय और अनियमितताओं पर रोक लगाने के लिए राज्यभर में व्यापक छापामारी अभियान चला रहे हैं। श्री कुमार ने बताया कि रबी 2025-26 मौसम के दौरान, 24 नवम्बर 2025 तक 10 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर अनियमितता के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा 28 उर्वरक प्रतिष्ठानों के प्राधिकार पत्र निरस्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि विभाग जीरो टॉलरेंस नीति पर कार्य कर रहा है और उर्वरक से जुड़ी किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रधान सचिव ने सभी जिलों के जिला कृषि पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि जिला स्तरीय तथा प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समितियों की बैठकें जहां आयोजित नहीं हुई हैं वहां तुरंत आयोजित की जाए।

# खलिहान में आग से डेढ़ बीघा धान के बोझे जलकर राख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** थाना क्षेत्र के बीकन बिगहा गांव में सोमवार को खलिहान में अचानक आग लगने से डेढ़ बीघा धान के बोझे जलकर राख हो गया। घटना लगभग 11 बजे हुई जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। खलिहान में तीन किसानों का धान रखा हुआ था जिसमें बीकन बिगहा निवासी लालू कुमार और नागेंद्र कुमार (दोनों पिता स्व. रामाशीष यादव) तथा लक्ष्मण बिगहा निवासी ओम प्रकाश शर्मा (पिता स्व. रामपति मिस्त्री) का बोझा शामिल था। आग कैसे लगी, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। सूचना मिलते ही कोंच पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही दमकल को भेजा गया और आग पर काबू पा लिया गया है। स्थानीय लोगों की मदद से आग को फैलने से रोका गया। घटना से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# आर्म्स एक्ट का आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाराचट्टी।** बाराचट्टी थाने की पुलिस ने आर्म्स एक्ट के आरोपित धनगाई थाने के हाहेसारी गांव के रहनेवाले काजू यादव को गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी सोमवार को एसएसपी ने दी। एसएसपी ने बताया कि पहले से चल रहे एक विवाद के कारण काजू यादव ने अपने सहयोगियों के साथ मिल कर कुछ लोगों के साथ गाली-गलौज व मारपीट की थी। मना करने पर जान मारने की नीयत से रिवॉल्वर निकाल कर गोली चला दी। इस मामले को लेकर पीड़ित परिजनों के बयान पर 26 फरवरी 2024 को बाराचट्टी थाने में आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

# विष्णुपद से झूमते-गाते निकली प्रभु श्रीराम की बारात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** तीन दिवसीय श्रीराम विवाह महोत्सव के पहले दिन प्रभुश्री राम की बारात निकली। प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर से सोमवार की दोपहर बाद बारात निकली तो पूरा इलाका बैंड-बाजे की धुन से गूंज उठा। बैंड-बाजा व डीजे के साथ निकली बारात में भारी संख्या में गयापाल पंडे और श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाओं की संख्या अच्छी रही। बारात में चांदी मढ़ा फूल-मालाओं से सजे पालकी पर विष्णुचरण विराजमान थे। बारात निकलने के बाद रास्ते में पालकी पर विराजमान श्री विष्णुचरण की पूजा-अर्चना शुरू हुई। रास्ते भर लोगों ने प्रभुकी आराधना कर मंगल कामना की। तीन दिवसीय महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार की रात प्रभु श्रीराम व माता सीता का विवाह होगा। साथ ही लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का भी विवाह पूरे रस्म के साथ होगा। गयापाल के बैनर तले विष्णुपद से बारात निकली। बारात में पालकी पर विष्णुचरण के बाद आकर्षण का केंद्र श्रीराम दरबार की झांकी जिन-जिन रास्तों से गुजरी बारात देखने के लिए लोग सड़क से लेकर घरों की छत पर देर तक खड़े रहे। बारात दक्षिण दरवाजा, नारायणचुआं, चांदचौरा, नई सड़क, रामसागर, कोयरीबाड़ी, पीरमंसूर, गोदाम, केपी रोड, टेकारी रोड, आजाद पार्क (पश्चिमी मार्ग), गोलपत्थर, लहेरिया टोला, टावर चौक, रमना व कोयरीबाड़ी होते हुए देर रात में विष्णुपद प्रांगण लौट आयी। शोभा यात्रा (बारात) में समिति के अध्यक्ष शंभूलाल विट्ठल, सचिव गजाधर लाल पाठक, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार हल सहित अन्य भारी संख्या में गयापाल व श्रद्धालु शामिल रहे।

श्री विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शंभूलाल विट्ठ और सचिव गजाधर लाल पाठक ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को विवाह होगा। श्रीराम विवाह महोत्सव को लेकर विष्णुपद मंदिर को रंग-बिरंगे बल्बों व फूल-मालाओं से सजाया गया है। मंदिर के सभाकक्ष में विवाह के लिए फूलों से आकर्षक मंडप बनाया गया है। रात भव्य मंडप में वर पक्ष के चार और वधू पक्ष के चार का विवाह होगा। वैदिक मंत्रोच्चार और महिलाओं के विवाह गीत के बीच भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न जी का शुभ विवाह होगा।

# जानलेवा हमला करने के मामले में महिला गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाराचट्टी।** जानलेवा हमला करने के मामले में बाराचट्टी थाने की पुलिस ने एक महिला आरोपित को गिरफ्तार किया। यह जानकारी सोमवार को एसएसपी ने दी है। एसएसपी ने बताया है कि एक पीड़ित महिला ने बाराचट्टी थाने में शिकायत दर्ज करायी थी। अपने आवेदन में पीड़िता ने बताया था कि जब वह घर में थी तो एक महिला अपने सहयोगियों के साथ उनके घर में घुसी और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर जान मारने की नीयत से लोहे के रड व डंडे से मार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। इस मामले को लेकर पीड़िता के बयान पर बाराचट्टी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी। इस मामले में पहले ही एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब महिला आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ कर बाराचट्टी थाने की पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# 38वां डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विचार की धनी, सरलता एवं सादगी की प्रतिमूर्ति तथा देववाणी संस्कृत के प्रति आजीवन समर्पित डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र निश्चय ही संस्कृत भाषा की अमर संरक्षिका के रूप में सदा स्मरण की जाएंगी। उक्त बातें 'आधुनिको भव, संस्कृतं वद' अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र स्मृति अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय दश-दिवसीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर के निरन्तर 38वें समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कही। अपने उद्घाटन उद्बोधन में अभियान के प्रधान संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश राज्य लोक सेवा न्यायाधिकरण के सदस्य डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र संस्कृत साहित्य के प्रति पूर्णतः समर्पित थीं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि आगामी 7 दिसम्बर को पटना स्थित राजकीय संस्कृत महाविद्यालय में उनकी जयंती के शुभ अवसर पर 'डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र साधक सम्मान' का आयोजन किया जाएगा जिसमें सौ से अधिक संस्कृत अनुरागियों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्यातिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के पूर्व संयुक्त निदेशक (पेंशन विभाग) धर्मेन्द्र पाण्डेय त्रिपाठी ने कहा कि संस्कृत भारत की प्राणभूत भाषा है। मुख्य वक्ता शैलेन्द्र कुमार सिन्हा रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. अनिल कुमार चौबे, डॉ. अवन्तिका कुमारी, उग्र नारायण झा, डॉ. नीरा कुमारी, डॉ. बिधु बाला, डॉ. लीना चौहान, डॉ. उमाशंकर सिंह, श्रद्धा कुमारी एवं महेश मिश्र सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र संस्कृत सम्भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. रागिनी कुमारी, मुरलीधर शुक्ल, पंकज कुमार, हर्षित राय, विमलेश पाण्डेय, बीजेन्द्र सिंह, भव्या राज, आयुष नन्दन, पारस नाथ, अजीत कुमार त्रिवेदी, डॉ. कौशलेंद्र कुमार, रीना चौहान, चारू, प्रशान्त कुमार, निपुण आदि की प्रस्तुतियां सराहनीय रहीं।

# विधानसभा चुनाव के परिणामों पर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश कुमार ने आज सभी जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्षों एवं कार्यकारी अध्यक्षों को पत्र जारी कर बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के परिणामों पर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया है। ज्ञात हो कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुए तथा राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार का गठन हो चुका है। प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि चुनावों के बाद प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रदर्शन अपेक्षित स्तर पर नहीं रहा, जो संगठन तथा कार्यकर्ताओं के लिए गंभीर चिंता का विषय है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सभी जिलों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने जिले में शीघ्र समीक्षा बैठक बुलाकर चुनावी परिणामों के राजनीतिक, संगठनात्मक और क्षेत्रीय कारणों का निष्पक्ष और गहन विश्लेषण किया जाए। मतदान प्रतिशत, बूथ-स्तर की गतिविधियां, संगठन की मजबूती, प्रचार-प्रसार, स्थानीय मुद्दों एवं गठबंधन की स्थितियों पर तथ्यात्मक चर्चा की जाए। समीक्षा का विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर अविलंब प्रदेश कांग्रेस कार्यालय को भेजा जाए जिससे आगे की रणनीति और संगठन सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया को शीघ्र गति दी जा सके। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा चुनाव परिणाम केवल जीत-हार का संकेत नहीं देते, बल्कि यह बताते हैं कि हमें किन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है।

## 26 नवंबर को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर आयोजित होगा विशेष कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के परिपत्र 22 नवंबर 2025 के निर्देश पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने घोषणा की है कि आगामी 26 नवंबर (संविधान दिवस) को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर 'संविधान बचाओ कार्यक्रम' का भव्य एवं गरिमापूर्ण आयोजन किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम संविधान की मूल भावना, लोकतांत्रिक मूल्यों और संस्थागत स्वतंत्रता की रक्षा के संकल्प को मजबूती से दोहराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज संविधान और लोकतांत्रिक ढांचे पर बढ़ते खतरे को देखते हुए जन-जागरूकता और संवैधानिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। इस अवसर पर सभी जिलों में 'संविधान संरक्षण एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा' विषय पर एक विचार-गोष्ठी आयोजित की जाएगी। इसमें स्थानीय वरिष्ठ नेताओं, बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, अधिवक्ताओं, युवाओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी जिला कांग्रेस कमेटियों को निर्देश दिया है कि कार्यक्रम को पूर्ण अनुशासन, गंभीरता और उच्च सहभागिता के साथ आयोजित किया जाए।

# जगदगुरु रंगनाथचार्य के नेतृत्व में श्रीराम-जानकी की शोभा यात्रा निकाली गयी





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** गांधी नगर स्थित त्रिदंडीदेव सत्संग आश्रम में श्री राम व माता जानकी विवाह उत्सव को लेकर उत्सवी माहौल है। सोमवार को शहर में भव्य रूप से श्री राम की बारात निकली। शहर मंगल गीतों से गूंजयमान हो उठा। महंथ जगद्गुरु रंगनाथचार्य के नेतृत्व में श्री राम की बारात की शोभा यात्रा निकली। गाजे-बाजे के साथ आश्रम से निकली बारात शहर के मुख्य मार्ग होते पुनः आश्रम पहुंची। इस बीच श्रद्धालुओं की ओर से कई जगह बारात का जोरदार ढंग से स्वागत किया गया। बारात के स्वागत में श्रद्धालुओं ने गलियों की सफाई कर रंगोली बनायी। महिलाओं ने जगह-जगह श्रीराम की आरती उतारी। मंगल गीत गाये। साधु संत धर्माचार्य व जगतगुरु को अंग वस्त्र फूल-माला से स्वागत किया गया। प्रभु श्रीराम की बारात निकलने पर पूरा शहर जय श्रीराम के नारे से गूंज उठा। पालकी में भगवान श्रीराम भैया लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के साथ विराजमान थे। श्री राम पालकी पर विराजे थे। शोभा यात्रा में अयोध्या से पधारे जगद्गुरु विद्या भास्कर जी महाराज समेत भारी संख्या में साधु संत व श्रद्धालु शामिल हुए। बारात शोभा यात्रा के पूर्व जगद्गुरु विद्या भास्कर जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा श्री राम का विवाहित जीवन महान घटना थी जिसमें धर्म, प्रेम और आदर्शों का संगम हुआ। मिथिला नरेश राजा जनक ने अपनी पुत्री सीता के विवाह के लिए स्वयंवर का आयोजन किया जिसमें यह शर्त थी कि जो भी शिव धनुष को उठाकर उसकी प्रत्यंचा चढ़ा देगा उसी से सीता का विवाह होगा। कई राजाओं ने प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। अंततः गुरु विश्वामित्र के कहने पर भगवान राम ने धनुष को उठाया और प्रत्यंचा चढ़ाते समय वह टूट गया। इस प्रकार श्री राम ने सीता का हाथ थामा। उन्होंने कहा कि इस कथा से हमें प्रेम आदर्श समर्पण और मर्यादा जैसे मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है। यह हमें सिखाती है कि सच्ची भक्ति और वीरता ही हर बाधा को पार कर सकती है। श्री राम ने मर्यादा और धर्म का पालन करते हुए यह विवाह किया और वह मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। उन्होंने कहा कि श्री राम सीता के विवाह प्रसंग को प्रेम पूर्वक सुनने और गाने से घर में हमेशा आनंद और उत्साह बना रहता है। बारात शोभा यात्रा के दौरान विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने साधु संत तथा बारातियों को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया और शोभा यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान अनुज कुशवाहा, यश उपाध्याय, संतोष सिंह, चंदन गुप्ता, जगन्नाथ, राजू कुमार सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए।

# श्री अरविन्द का सिद्धि दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पाली रोड स्थित श्री अरविन्द सोसाइटी में महर्षि अरविन्द का सिद्धि दिवस श्रद्धा व भक्ति के साथ सोमवार को मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ उषा ध्यान से हुआ। भजन व स्वाध्याय के बाद मातृ झंडोत्तोलन अध्यक्ष ज्योति उपाध्याय ने किया। मातृ प्रसाद वितरण के पश्चात प्रथम सत्र का समापन होगा। वरिष्ठ साधक विनोद मरोदिया, नंद किशोर व अन्य वक्ताओं ने श्री अरविन्द के सिद्धि दिवस पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पुदुचेरी श्री अरविन्द आश्रम में 1926 के नवम्बर का आरम्भ हुआ। उच्चतर चेतना का दबाव बढ़ने लगा। माताजी और श्रीअरविन्द के पास रहने वाले भी इसे अनुभव करने लगे। लोग जिस दिन की प्रतीक्षा में थे वह आ गया। 24 नवंबर की शाम को जब कुछ लोग अपने काम-धाम में लगे थे और कुछ समुद्र किनारे टहलने के लिये गये थे, माताजी की ओर से सबके पास बुलावा पहुंचा। सब लोग उस बरामदे में इकट्ठे हो गये। श्री अरविन्द की कुर्सी के पीछे काला रेशमी पर्दा टंगा था जिस पर तीन सुनहरे ड्रैगन कढ़े हुए थे। चीन में कुछ ऐसी मान्यता है कि जिस दिन ये तीन ड्रैगन धरती, मन और आकाश मिलेंगे उस दिन सत्य का अवतरण होगा।

# नीतीश कुमार को 10 वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर संघ ने दी बधाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मेहतर सेवा संघ बिहार के अध्यक्ष व डॉ अंबेडकर फैलोशिप सम्मान प्राप्त मोहन राम ने सूबे बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ 10 वीं बार नीतीश कुमार को लिए जाने पर 'मेहतर सेवा सेवा संघ बिहार' के अध्यक्ष मोहन राम ने नीतीश कुमार को कोटि-कोटि बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दी है। श्री राम ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि नीतीश कुमार के ही मुख्यमंत्रित्व काल में बिहार के सदियों से वंचित मेहतर, डोम, वाल्मीकि एवं बासफोर (भंगी) समाज के चतुर्दिक विकास हेतु 'राज्य सफाई कर्मचारी आयोग' का गठन हेतु कैबिनेट में फैसला लाया गया था।

# संघ परिवार सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**तिलौथू (रोहतास)।** सरस्वती विद्या मंदिर, तिलौथू के प्रांगण में संघ परिवार सम्मेलन का भव्य आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता खंड संघचालक जंगलेश प्रसाद चौरसिया ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नंदकिशोर तिवारी, संयोजक–कुटुम्ब प्रबोधन, रोहतास विभाग ने अपने प्रेरक उद्बोधन में परिवार की महिमा पर प्रकाश डालते हुए रामचरित मानस की विभिन्न चौपाइयों के माध्यम से संस्कारित एवं सशक्त परिवार निर्माण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मजबूत परिवार ही सशक्त समाज की नींव होता है और इसके लिए संस्कार, परंपरा एवं नैतिक मूल्यों का संरक्षण आवश्यक है। जिला संघचालक विजय कुमार सिंह ने उपस्थित परिवारों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विशालता, संगठन की कार्यप्रणाली एवं समाज निर्माण में उसके योगदान से अवगत कराया। सम्मेलन में लगभग 50 परिवारों के कुल 150 महिला, पुरुष एवं बच्चों की सहभागिता रही जिससे कार्यक्रम की भव्यता और भी बढ़ गई। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष जंगलेश प्रसाद चौरसिया ने सभी आगंतुकों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। सम्मेलन को सफल बनाने में वैभव कुमार, रवीन्द्र ठाकुर, राकेश सिन्हा, अभय कुमार, सोनू कुमार, चितरंजन मिश्र सहित सभी स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान रहा। यह सम्मेलन परिवार, संस्कार और सामाजिक एकता के संदेश को मजबूत करते हुए समाज में सकारात्मक चेतना का संचार करने वाला सिद्ध हुआ।

# दो पंचायतों में लगा कृषि जन कल्याण चौपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दाउदनगर(औरंगाबाद)।** दाउदनगर प्रखंड के गोरडीहां और संसा पंचायत में कृषि विभाग द्वारा कृषि जन कल्याण चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों की समस्याओं को सुना गया और उन्हें रबी फसल से जुड़ी तकनीकी सुझाव दिये गये। चौपाल में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे और खेती में आ रही चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। संचालन प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अमर नाथ कुमार ने किया। उन्होंने किसानों को भूमि प्रबंधन, फसल संरक्षण, उर्वरक के संतुलित उपयोग, कीट नियंत्रण और जल संरक्षण जैसे विषयों पर जानकारी दी। इस बात पर बल दिया गया कि बदलते मौसम और अनियमित वर्षा के बीच कृषि पद्धतियों में सुधार अत्यंत आवश्यक है। किसान सलाहकार सत्येन्द्र कुमार ने खेतों में रोग पहचान, दवा के सही उपयोग और बुआई तकनीक की विस्तृत जानकारी दी। पूर्व आत्मा अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह ने किसानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक अपनाने से उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने सफल किसानों के उदाहरण देते हुए बताया कि मृदा परीक्षण से लेकर बागवानी और पशुपालन तक, प्रत्येक आयाम पर जानकारी होना किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी है। गोरडीहा पंचायत के किसान सलाहकार विनोद कुमार ने क्षेत्र की खेती योग्य भूमि, जलस्रोतों की स्थिति और फसल चक्र को ध्यान में रखते हुए किसानों को स्थानीय स्तर पर अपनाई जाने वाली फसलों और पद्धतियों के बारे में बताया। कई प्रतिभागी किसानों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से उन्हें सीधी जानकारी मिलती है और अपनी समस्याओं को अधिकारियों तक पहुंचाने का प्रभावी मंच मिलता है।

# अनुदानित बीज वितरण में फर्जी लाभुक सक्रिय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अंबा(औरंगाबाद)।** रबी फसल की बुआई के लिए कृषि विभाग द्वारा जिले के सभी प्रखंडों में अनुदानित दर पर बीज वितरण किया जा रहा है। हाल के दिनों में चना, मटर, मसूर और सरसों के बीज बांटे जा रहे हैं। बीज लेने के लिए कृषि कार्यालय के बाहर रोजाना सैकड़ों किसानों की लंबी कतार देखने को मिल रही है। भीड़ बढ़ने से किसान और विभागीय कर्मी दोनों परेशान हैं। किसानों का आरोप है कि योजना का लाभ उठाने के लिए फर्जी लाभुकों की सक्रियता बढ़ गई है। कई ऐसे लोग भी लाइन में लग जाते हैं, जो खेती नहीं करते। इससे वास्तविक किसानों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। प्रगतिशील किसानों का कहना है कि घंटों लाइन में खड़े रहने के बावजूद बीज मिल जाना मुश्किल होता है। मजबूरी में उन्हें खुले बाजार से ही महंगे दाम पर बीज खरीदना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि अनुदानित बीज की कीमत बाजार से काफी कम होती है। यही कारण है कि पहले आओऽपहले पाओ के आधार पर वितरण के दौरान भारी भीड़ उमड़ पड़ती है। भीड़ इतनी अधिक हो जाती है कि असली और फर्जी लाभुक की पहचान करना लगभग नामुमकिन हो जाता है। किसानों ने आरोप लगाया कि कई बार फर्जी लाभुक बीज उठाव कर लेते हैं और उसे बाजार में अधिक दाम पर बेच देते हैं। बाजार निरीक्षण में भी सामने आया है कि प्रखंड कार्यालय से उठाये गये बीज साहूकारों और व्यापारियों तक पहुंच जा रहे हैं। अनुदानित दर के कारण स्थिति कई बार तनावपूर्ण भी हो जाती है और पुलिस की निगरानी में वितरण कराना पड़ता है। कुछ दिन पहले अंबा कृषि कार्यालय में अव्यवस्था और अत्यधिक भीड़ के कारण वितरण रोकना पड़ा था। बीएओ दीपक कुमार ने बताया कि बीज वितरण पूरी तरह सरकार की गाइडलाइन के अनुरूप कराया जा रहा है, फिर भी अत्यधिक भीड़ और फर्जी लाभुकों की वजह से दिक्कतें उत्पन्न हो रही हैं। किसानों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि वास्तविक किसानों की पहचान कर ही बीज वितरण सुनिश्चित किया जाये, ताकि सरकारी योजना का लाभ सही पात्रों तक पहुंच सके।

# आयोजन को यादगार बनाने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें : गोविंद नारायण सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के तत्वावधान में आयोजित होने वाले मेटा 3 : 0 का औपचारिक उद्घाटन गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में किया गया। आगामी 18 से 21 दिसंबर 2025 तक आयोजित होने वाले बहुआयामी कार्यक्रम में बिहार एवं बिहार के बाहर के विभिन्न चिकित्सा शिक्षा संस्थानों से लगभग 500 प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम घोषणा सत्र में विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति गोविंद नारायण सिंह, कुलपति डॉ जगदीश सिंह, छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉ कुमार अंशुमान, कुलसचिव आलोक प्रताप एवं परीक्षा नियंत्रक सुदीप कुमार सिंह व मि.विकास कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम का लोगो जारी करते हुए अतिथियों ने चिकित्सा शिक्षा के छात्रों से आह्वान किया कि विगत दो कार्यक्रमों में संस्थान ने जिस प्रकार से अनुशासित एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम को संपन्न किया है। आने वाले इस आयोजन को भी यादगार बनाने हेतु अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। अतिथियों ने सभी का आह्वान किया कि कार्यक्रम में बाहर से आने वाले छात्र-छात्राओं का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि संस्थान से अच्छा अनुभव लेकर अपने-अपने घर लौटें। उल्लेखनीय है कि 21-22 सत्र के चिकित्सा शिक्षा छात्रों द्वारा इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया जा रहा है। इस आयोजन में संस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद के साथ ही बाहर से आए नामचीन कलाकारों के द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाती है। विदित हो कि गत वर्ष इस कार्यक्रम में 900 मेडल्स, 10 ट्रॉफीज एवं लगभग चार लाख रुपये नगद पुरस्कार के रूप में प्रतिभागियों के बीच वितरण किया गया था। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के सभी विभागाध्यक्ष एवं आयोजन से जुड़े छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. पीवीसी–आर_25–26, दिनांक 20.11.2025,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, काँचरापाड़ा, कैरिज कॉम्प्लेक्स, उत्तर 24 परगना, पीओः काँचरापाड़ा, पिन–743145 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** 01 (एक) वर्ष की अवधि के लिए खुली निविदा के आधार पर कार्य अनुबंध के माध्यम से कैरिज कॉम्प्लेक्स, काँचरापाड़ा में पीओएच के दौरान पारंपरिक, एलएचबी, एमईएमयू (ट्रेलर और मोटर) और डीईएमयू (ट्रेलर और मोटर) कोचों की फ्लोरिंग पर पीवीसी स्ट्रिपिंग, बिछाने और वेल्डिंग का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु.63,22,815.40 (जीएसटी सहित)। **निविदा कागजात का मूल्य (टीडीसी):** शून्य। **वेबसाइट जहाँ निविदा कागजात उपलब्ध होगा :** निविदा कागजात का संपूर्ण सेट भारतीय रेल की ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 20.11.2025 से 12.12.2025 को 11.00 बजे तक उपलब्ध होगा। **बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी:** रु.1,26,500/–, **कार्य की समापन अवधिः** 01 (एक) वर्ष। **विज्ञापन अवधिः** दिनांक 20.11.2025 से 12.12.2025 को 11.00 बजे तक। **प्रस्ताव जमा देने की अवधिः** 15 (पंद्रह) दिन पूर्व से 12.12.2025 को 11.00 बजे तक। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 12.12.2025 को 11.00 बजे तक। **निविदा की वैधताः** 66 (छियासठ) दिन। **निविदा के खुलने की तिथि और समयः** निविदा दिनांक 12.12.2025 को 12.00 बजे और उसके बाद खोली जाएगी।

MISC-297/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# पत्रकार बनाम पुलिस के बीच खेला गया मैत्री क्रिकेट मैच



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**काराकाट (रोहतास)।** काराकाट के गोडारी स्थित खेल स्टेडियम में पत्रकार और पुलिस के बीच मैत्री क्रिकेट मैच खेली गई। यह मुकाबला जहां रोमांच से भरपूर रहा, वहीं पत्रकारों के जज्बे और टीम भावना ने सबका दिल जीत लिया। मैच का उद्घाटन एएसपी संकेत कुमार (आईपीएस) ने किया। टॉस जीतकर पुलिस टीम ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और 16 ओवर में 175 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। पुलिस टीम के मनीष कुमार 'दो' ने 46 रनों की शानदार पारी खेली जबकि कच्छवा थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने 37 रन का योगदान दिया। पत्रकार टीम की ओर से पत्रकार अमित कुमार ने गजब की फिरकी गेंदबाजी करते हुए सिर्फ चार ओवर में छह विकेट झटके और पुलिस टीम को बैकफुट पर ला दिया। पत्रकार राहुल मिश्रा ने भी अपनी ओर से पूरी कोशिश की। हालांकि उनके ओवर थोड़े महंगे साबित हुए। गेंदबाजी में अंकित कुमार ने भी दो विकेट लेकर टीम की उम्मीदें कायम रखीं। पुलिस टीम की ओर से कप्तान आईपीएस संकेत कुमार ने 28 रनों की तेज तर्रार पारी खेली। जवाब में पत्रकार टीम ने शानदार शुरुआत की। पत्रकार प्रिंस कुमार ने 70 रन की दमदार पारी खेलकर टीम की मान बढ़ाई। मैच आखिरी ओवर तक रोमांचक रहा, लेकिन पत्रकारों की टीम 9 विकेट खोकर 155 रन ही बना सकी और 20 रन से यह मुकाबला हार गई। हार के बावजूद पत्रकारों का उत्साह कम नहीं हुआ। मैदान में हर बॉल, हर रन और हर विकेट पर उनके चेहरे पर टीम भावना और गर्व झलक रहा था। पत्रकार टीम को दर्शकों और पुलिस अधिकारियों ने जोरदार तालियों से सराहा। विजेता टीम को वरिष्ठ पत्रकार संतोष चंद्रकांत ने कप प्रदान किया। इस मौके पर आईपीएस संकेत कुमार ने कहा कि जीत-हार खेल का हिस्सा है, लेकिन ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा और सहयोग की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि चुनाव जैसे व्यस्त समय के बाद भी पुलिस और पत्रकारों ने मिलकर यह आयोजन किया, यही इस मैच की असली जीत है। मैच के दौरान नासरीगंज थानाध्यक्ष अविनाश कुमार, काराकाट एसआई रफीक अंसारी, पत्रकार विकास कुमार, राहुल मिश्रा, अंकित कुमार, अशोक कुमार, संजय पांडे, रवि कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। मैदान में हर किसी ने इस दोस्ताना मुकाबले का भरपूर आनंद लिया।

## डॉ के एन तिवारी बने ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रोहतास इकाई के सर्वसम्मति से डॉ के एन तिवारी को अध्यक्ष और संतोष मिश्रा को महासचिव बनाया गया। जानकारी देते हुए महासचिव संतोष मिश्रा ने बताया कि स्थानीय अंचल के निर्मलधाम तेतरी ग्राम स्थित ब्राह्मण महासभा भवन में महासभा की बैठक आयोजित की गई।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या : ईएलएस/एचडब्ल्यूएच/10/ 545/ईएमयू/आरटी–2 (खुली निविदा) दो पैकेट प्रणाली के सेवा अनुबंध में ई–निविदा प्रणाली के लिए, दिनांकः 20.11.2025,** वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर (ईएमयू), पूर्व रेलवे, हावड़ा, पहली मंजिल, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा प्रणाली के तहत निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नामः** परिणाम के आधार पर 02 (दो) वर्ष की अवधि के लिए बर्द्धमान, रामपुरहाट और साइंथिया स्टेबलिंग यार्ड में ईएमयू रेक और एमईएमयू रेक (शौचालयों के साथ) की प्रतिदिन अंदरूनी शुष्क सफाई। **निविदा मूल्यः** रु. 2,02,86,159.51, **बयाना राशि जमा (ई.एम.डी.) :** रु. 2,51,400/–, **निविदा कागजात का मूल्यः** रु. 0.00, **समाप्त होने की अवधिः** 730 दिन। **निविदा की अंतिम तिथिः** 11.12.2025 को 12.00 बजे। **अनुबंध की किस्मः** सेवा। **बोली प्रणालीः** दो पैकेट प्रणाली। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-410/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद**
**अल्पकालीननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 05/2025–26**
Email- eenkcd1aurangabad@gmail.com

1. **विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता** :– कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद।
2. **निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि** :– दिनांक 19.11.2025
3. **परिमाण विपत्र बिक्री की तिथिः**–दिनांक :– 15.12.2025से19.12.2025 (03:00 बजे अपराह्ण)तक।
4. **निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय** :– दिनांक 20.12.2025को 3.00 बजे अपराह्न तक।
5. **तकनीकीबीड खोलने की तिथि एवं समय** :– दिनांक 20.12.2025 को 3.30 बजे अपराह्न में।
6. **प्राईस बीड खोलने की तिथि** :–सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी।
7. **परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान** :– (क) मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, औरंगाबाद। (ख)अधीक्षण अभियंता, उत्तर कोयल नहर अंचल, औरंगाबाद। (ग)कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद।
8. **निविदा खोलने का स्थान** :– क्रमांक –1में उल्लेखित स्थानों पर।
9. **कार्य की विवरणीः**–

| ग्रुप स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) जो लौटायी नहीं जायेगी। | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | उत्तर कोयल नहर शिविर औरंगाबाद में अवस्थित निरीक्षण भवन के मुख्य द्वार पर मार्बल लगाने एवं चाहरदिवारी के किनारे पेभर ब्लॉक लगाने का कार्य। | 1.2855 | 2600.00 | 500.00 | 30 दिन |
| 02 | उत्तर कोयल नहर शिविर, औरंगाबाद में अवस्थित सी0–टाईप आवास का बाहरी भाग का मरम्मति एवं रंग–रोगन कार्य। | 1.75 | 3500.00 | 500.00 | 30 दिन |
| 03 | उत्तर कोयल नहर शिविर, औरंगाबाद में अवस्थित ई0–टाईप (E-31,E-38,E-42एवं E-46)आवास का मरम्मति, रंग–रोगन, बिजली, वायरिंग एवं प्लम्बरिंग का कार्य। | 6.60 | 13200.00 | 1250.00 | 45 दिन |

निविदा से संबंधी विस्तृत शर्त, नियम, अर्हता, अग्रधन का स्वरूप, निविदा की प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी के लिए परिमाण विपत्र ब्रिक्री स्थल से सम्पर्क किया जा सकता है। प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अनुमोदित परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

(ई0 मो0 आरिफ अहमद)
कार्यपालक अभियन्ता,
उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल,
औरंगाबाद
मो0 नं0–7463889720

PR. No. 017833 (WRD) 2025-26

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

**अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।**

# युवा उत्सव कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक कर तीन दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव सह विज्ञान मेला के तैयारी की समीक्षा की और अधिकारियों को वांछित निर्देश दिए। जिला कला संस्कृति पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी ने बताया कि जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025 का आयोजन 1 दिसम्बर 2025 एवं 2 दिसम्बर 2025 को नगर भवन, नवादा तथा खेल भवन, हरिश्चन्द्र स्टेडियम, नवादा में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में जिला के 15 वर्ष से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा कलाकार व छात्र-छात्राएं हिस्सा ले सकते हैं । जिला स्तरीय युवा उत्सव में अलग-अलग विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। इनमें समूह लोक गायन, समूह लोक नृत्य, चित्रकला, कहानी लेखन, कविता लेखन वक्तृता (भाषण) इनोवेशन ट्रैक (विज्ञान मेला) का आयोजन किया जायेगा। प्रतिभा कुमारी ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागियों को अपना आवेदन विहित प्रप्रत्र में भरकर आधार कार्ड की छाया प्रति एवं एक फोटो के साथ 29 नवंबर 3:00 बजे अपराह्न तक जिला कला व संस्कृति कार्यालय में जमा कर सकते है। प्रतिभागी अपना आवेदन ऑनलाइन के माध्यम से daconawada20@gmail.com पर भी जमा कर सकते हैं। आवेदन जिले की वेबसाइट www.nawada.nic.in पर उपलब्ध है। जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025के अंतर्गत विज्ञान मेले का आयोजन 3 दिसम्बर 2025 को राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, नवादा में किया जाएगा। विज्ञान मेले के प्रतिभागी राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, नवादा के ईमेल - gecprincipalnawada. 2022@gmail.com पर 2 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। सभी आवेदकों का My Bharat Portal पर पंजीकरण करना अनिवार्य है । जिला प्रशासन द्वारा जिले के प्रतिभाशाली युवाओं से अपील है कि बढ़ चढ़कर जिला स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लें। जिला कला व संस्कृति पदाधिकारी नवादा के द्वारा बताया गया कि कला व संस्कृति विभाग पटना बिहार के द्वारा प्रत्येक वर्ष इस तरह का आयोजन कराया जाता है । जिससे स्थानीय कलाकारों और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने का मंच उपलब्ध होता है ।



## जितेंद्र कुमार शर्मा बने प्रखण्ड अध्यक्ष

**पकरीबरावां।** जितेंद्र कुमार शर्मा को बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ का प्रखण्ड अध्यक्ष एवं मो. मेराज आलम को सचिव बनाया गया है। संघ के प्रदेश महासचिव भोला पासवान द्वारा सिल्वर गोल्डन मैरेज हॉल नवादा में संघ का एक दिवसीय अधिवेशन में सर्वसम्मति से एक बार फिर निर्वाचित होने पर प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार शर्मा एवं प्रखंड सचिव मो. मेराज आलम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रखण्ड अध्यक्ष एवं सचिव को शिक्षक मो. जावेद रजा, दिनेश कुमार, चंद्रकांत भगत, रमेश कुमार, आलोक कुमार, राजेश कुमार, प्रकाश कुमार सहित अन्य ने बधाई दी है।

# ज्वेलरी दुकान से 20 लाख की चोरी

**पुलिस की निष्क्रियता के कारण चोरों के हौसले बुलंद**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रविवार की देर रात छबीलापुर बाजार स्थित जगदंबा ज्वेलरी शॉप में अज्ञात चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए करीब 20 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण उड़ा लिए। घटना से स्थानीय व्यापारियों में भारी आक्रोश है। पीड़ित व्यवसायी चंदन वर्मा ने बताया कि चोरों ने दुकान की पिछली दीवार में बड़ी सेंध लगाई और अंदर घुसकर मुख्य तिजोरी का ताला तोड़ दिया। चोरी गए आभूषणों में ग्राहकों के गहने भी शामिल हैं, जिन्हें मरम्मत के लिए रखा गया था। चंदन वर्मा ने कहा मेरी वर्षों की जमा-पूंजी लूट ली गई। पूरा कारोबार बर्बाद हो गया। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों में बाजार की कई दुकानों में इस तरह की सेंधमारी हो चुकी है, लेकिन पुलिस किसी भी मामले का अब तक खुलासा नहीं कर सकी है। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि पुलिस की निष्क्रियता के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं और वे रात में बेखौफ घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। चोरी की वारदात सामने आते ही आक्रोशित व्यापारियों ने राजगीर-छबीलापुर मुख्य सड़क पर जाम लगा दिया। इससे घंटों तक दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि तुरंत कार्रवाई नहीं हुई तो बड़े आंदोलन की तैयारी की जाएगी। छबीलापुर थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने कहा कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और सर्किल इंस्पेक्टर भी पूरे मामले की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। थानाध्यक्ष ने दावा किया मामले की गहन जांच चल रही है। बहुत जल्द चोरों को गिरफ्तार कर पूरा मामले का खुलासा किया जाएगा।

# लापता युवती को पुलिस ने किया बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** अनुमंडल क्षेत्र के नरहट थाना क्षेत्र के एक गांव से एक लापता युवती को पुलिस बलों ने रजौली थाना क्षेत्र के मानडीह गांव से बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार नरहट थाना क्षेत्र से एक नाबालिग युवती बीते 22 नवंबर की शाम लगभग 5 बजे हिसुआ बाजार जाने के लिए घर से निकली थी,जो वापस घर नहीं लौटी।युवती के परिजन आसपास के क्षेत्रों एवं रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन किया। किंतु युवती के बारे में किसी प्रकार की जानकारी नहीं मिली, तब युवती के परिजन द्वारा थाने को लिखित दी गई। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। वहीं केस आईओ रहे पीएसआई रौशन कुमार एवं पूजा कुमारी सोमवार को लापता युवती को रजौली के फरका बुजुर्ग पंचायत के मानडीह गांव से बरामद किया। लापता युवती के साथ एक युवक को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है।लापता युवती और युवक को नरहट पुलिस अपने साथ ले गई है। इस संबंध में नरहट के प्रभारी थानाध्यक्ष एसआई धन्नू कुमार सिंह ने बताया कि प्रेम प्रसंग में लापता युवती को बरामद किया गया है।साथ ही युवती के साथ रहे एक युवक को भी पुलिस बलों के सहयोग से हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा कि बरामद की गई युवती का ब्यान न्यायालय में दर्ज किए जाने के बाद अग्रतर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित किए जाएगा।



# बेबी किट एवं फल देकर किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** समेकित बाल विकास सेवा परियोजना पकरीबरावां द्वारा पकरीबरावां दक्षिणी ग्राम पंचायत के पकरी आंगनबाड़ी केंद्र में बेबी किट एवं फल देकर लाभुकों को सम्मानित किया गया। सेविका मालती कुमारी एवं सहायिका रेणु देवी की उपस्थिति में जिला समन्वयक राष्ट्रीय पोषण मिशन शिवराज, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नेहा कुमारी एवं प्रखंड समन्वयक शशि रंजन ने संयुक्त रूप से बधाई कार्ड, बेबी किट एवं फल देकर लाभुकों को सम्मानित किया। सीडीपीओ ने उपस्थित लोगों को मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि की विस्तृत जानकारी दी। पुत्री रत्न की प्राप्ति होने पर यह कार्यक्रम आयोजित कर लाभुकों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षिका भारती कुमारी, सूनामिका कुमारी, पूनम कुमारी, पूनम रानी सरिता कुमारी, सुचिता देवी, साजिदा खातून और सुनीता देवी सहित अन्य उपस्थित थे।



# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर–बख्तियारपुर रेलखंड पर सोमवार को इमली बीघा हॉल्ट के पास एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। हादसा होते ही आसपास के लोग स्थल पर जुट गए, वहीं सूचना पाकर वेना थाना पुलिस भी तुरंत पहुंची। थाना प्रभारी दिनेश कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने मौके पर निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लिया। ग्रामीणों से पूछताछ के बावजूद मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। उम्र करीब 35–40 वर्ष अनुमानित बताई जा रही है। शव के पास न कोई पहचान पत्र मिला, न मोबाइल फोन। पुलिस का मानना है कि यही वजह है कि पहचान में कठिनाई हो रही है। शव को पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए मॉडल अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया गया है। पुलिस ने आसपास के थानों को भी सूचना दे दी है। साथ ही यह जांच भी की जा रही है कि मामला साधारण दुर्घटना है या इसके पीछे कोई अन्य पहलू छिपा हुआ है।

## स्मार्ट सिटी लिमिटेड के एमडी ने सीवरेज कार्य का किया निरीक्षण

**बिहारशरीफ/ नबिटा ब्यूरो।** बिहारशरीफ स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ने बीती रात मछली मंडी चौराहे पर चल रहे सीवरेज के कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संवेदक को निर्देश दिया गया कि आगामी एक कार्य दिवस के अंदर मछली मंडी के पास के कार्य को पूरा करें। ताकि ट्रैफिक संचालन सुचारु रूप से वहां पुनः शुरू किया जा सके। इसके अतिरिक्त, नई सराय से कल्याणपुर मोड़ तक मेन रोड का निरीक्षण किया, जिसमें सौ मीटर बचे हुए सीवरेज नेटवर्क से संबंधित कार्य को रोड सहित आगामी बीस कार्य दिवस के अंदर पूरा करने के लिए निर्देश दिया गया।

# मनरेगा मजदूरों का इ-केवाइसी कार्य 30 नवम्बर तक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नारदीगंज, नवादा।** प्रखंड के विभिन्न गांवों के मनरेगा योजना के तहत मनरेगा मजदूरों का इकेवाईसी कार्य चल रहा है। मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी राजीव कुमार ने कहा आगामी 30 नवम्बर 2025 तक मनरेगा मजदूरों का इकेवाईसी होना है। पीआरएस के माध्यम से मजदूरों का इकेवाईसी हो रहा है। लाभुकों का आई बिलिंग किया जा रहा है। ताकि मनरेगा योजना के तहत गलत भुगतान को रोका जा सके। और राशि का भुगतान सुगमतापूर्वक किया जा सके। यहां 35 हजार जॉब कार्ड धारी हैं। विधानसभा चुनाव के बाद इकेवाईसी के कार्य में गति आई है। समय अवधि तक सभी पीआरएस को मनरेगा मजदूरों का इकेवाईसी करने का निर्देश दिया गया। इस कार्य में किसी तरह का कोताही नहीं बरतने की बात कही गई है।

# बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ का जिला अधिवेशन संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ नवादा का एक दिवसीय शिक्षक शिक्षा अधिवेशन दिनांक 23 नवंबर 2025 को संपन्न हुआ। जिसका थीम 'प्रारंभिक शिक्षा की दिशा एवं दशा' था। सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय में जिला अध्यक्ष दिनेश नाथ पासवान एवं जिला सचिव आलोक कुमार का निर्विरोध चयन कर लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अंकेक्षक गोपाल शरण के द्वारा की गई। मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव डॉ. भोला पासवान थे। बैठक में उपस्थित माध्यमिक शिक्षक संघ नवादा के जिला सचिव शिवकुमार प्रसाद एवं विभिन्न संगठनों के अनेकों पदाधिकारी और प्रत्येक प्रखंडों से आये सैकड़ो की संख्या में शिक्षक और शिक्षिका मौजूद थे। नई जिला कमेटी में जिला कार्यालय सचिव सुरेश प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष मो0 मिन्हाज अंसारी, अंकेक्षक संतोष कुमार, उपाध्यक्ष अजय कुमार, सुरेश कुमार सुमन, देव कुमार, विनोद कुमार एवं संयुक्त सचिव मो0 जियाउल हसन, वीरेंद्र वीर, पवन कुमार, अनिल कुमार, पूनम कुमारी का चयन किया गया।

दिनेश नाथ पासवान का दुसरी बार जिला अध्यक्ष बनने के उपरांत उन्होंने कहा कि पिछले 6 वर्षों से संघ द्वारा शिक्षकों के हितों में निरंतर बेहतर कार्य किए जाने का यह नतीजा है। शिक्षकों का प्यार और आशीर्वाद ही हमारी शक्ति है। आने वाले समय में हमारा संघ इससे भी बेहतर कार्य करेगा।

नई कमेटी गठन होने के उपरांत प्रदेश महासचिव डॉ0 भोला पासवान ने सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिये।



# रंजन कुमार ने रिसर्च स्कालर की उपाधि किया प्राप्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड के नारदीगंज पंचायत के सादिकपुर निवासी संतोष कुमार का पुत्र रंजन कुमार ने रिसर्च स्कालर की उपाधि प्राप्त कर स्वजन व शुभचिंतकों को गौरान्वित कर मान सम्मान को बढ़ाया है। इस उपाधि को जानकर घर परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ है। शुभकामनाएं देने वाले का सिलसिला जारी है। कहा कड़ी मेहनत और एकाग्रता के बदौलत लक्ष्य हासिल हुआ है। इस बाबत रंजन कुमार कहते हैं कि रिसर्च स्कालर, पीजी डिपार्टमेंट आफ कामर्स,मगध विश्वविद्यालय, बोधगया से किया है। सुपरवाइजन में प्रो.( डा. ) पवन कुमार शर्मा रहे। वे टी.एस. कालेज, हिसुआ के प्रिंसिपल हैं। बताया गया मेरा शोध विषय रहा है "पटना जिले में स्टेट बैंक आफ इंडिया के विशेष संदर्भ में बैंक कर्मचारियों के बीच नौकरी की संतुष्टि का अध्ययन"। बताते हैं कि मैं इस शोध के माध्यम से पटना जिले में एसबीआई के कर्मचारियों के बीच नौकरी की संतुष्टि के स्तर का आकलन करना चाहता हूं और नौकरी की संतुष्टि को प्रभावित करने वाले कारकों की पहचान करना चाहता हूं। उन्होंने कहा यह श्रेय अपने दादा जी सेवानिवृत्त प्राचार्य बलिराम प्रसाद सिंह के अलावा दादीजी, माता पिता, धर्मपत्नी के साथ गुरुजनों को दे रहे हैं। उनके आशीर्वाद व शुभकामनाएं का देन है कि यह मुकाम हासिल किया है।

# नवोत्साह साहित्य संगम की मासिक गोष्ठी में साहित्यिक प्रवाह का अनूठा संगम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहाराशरीफ।** नवोत्साह साहित्य संगम नालंदा जिला इकाई की मासिक गोष्ठी आज डॉ. सोनिया अनंत के आवास बिहार शरीफ में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम सत्र से हुआ। जिसकी अध्यक्षता डॉ. प्रणय कुमार ने की तथा मंच संचालन संगठन मंत्री सोनिया अनंत ने किया। गोष्ठी की शुरुआत संजीव कुमार पाठक द्वारा सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके उपरांत वरिष्ठ कवि दीनानाथ शर्मा ने अपनी सशक्त रचना से उपस्थित साहित्य प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। काव्य पाठ में जिलाध्यक्ष डॉ. प्रणय कुमार, चंद्र प्रेम उपाध्याय, दीपक कुमार, सोनिया अनंत, डॉ. नीतीश कुमार, वर्षा वसी, अश्मि स्वराज सहित अन्य कवियों ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियां दी। द्वितीय सत्र में संगठन के राष्ट्रीय संयोजक अविनाश कुमार पांडेय ने साहित्यिक परिचर्चा का संचालन करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन मनोज कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।




# फतुहा-इस्लामपुर रेलखंड पर ट्रेनों की लेटलतीफ़ी से बढ़ी यात्रियों की परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** फतुहा–इस्लामपुर रेलखंड पर लगातार बिगड़ती परिचालन व्यवस्था को लेकर दैनिक रेल यात्री संघ के सदस्यों ने गहरी चिंता व्यक्त की है। संघ के टुनटुन यादव, सौरव कुमार, राज चंदन, सुधांशु कुमार, रजनीश रंजन, नीतीश निराला सहित कई अन्य सदस्यों ने कहा कि ट्रेनों की अनियमितता और लेटलतीफ़ी से यात्रियों की मुश्किलें दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। यात्रियों ने बताया कि हिलसा स्टेशन पर कई प्रखंडों और पंचायतों के लोगों की निर्भरता है, लेकिन यहां सुविधाओं का भारी अभाव अब भी बरकरार है। स्टेशन का कायाकल्प वर्षों से अधर में लटका है, जबकि हालत यह है कि प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, टाइमिंग और सूचना प्रणाली सब कुछ अव्यवस्थित बना हुआ है। नियमित यात्रियों के अनुसार, ''हिलसा स्टेशन समय पर ट्रेन मिलने की जगह असुविधाओं का केंद्र बन गया है।''स्थानीय यात्रियों ने यह भी बताया कि पिछले एक माह से स्थिति और खराब हो गई है। किसी भी ट्रेन की निश्चित टाइमिंग नहीं है। कई बार ट्रेन एक-एक घंटे तक छोटे स्टेशनों पर रोक दिया जाता है, जिससे यात्रियों को भारी कष्ट झेलना पड़ता है। स्थिति यह है कि पटना से इस्लामपुर तक मात्र 60 किलोमीटर की दूरी तय करने में पैसेंजर ट्रेनों को 5 घंटे से भी अधिक समय लग रहा है। वहीं, फतुहा–हिलसा पैसेंजर ट्रेन को अक्सर रद्द कर दिया जा रहा है। यात्री संघ के सदस्यों का आरोप है कि कोयला लदी मालगाड़ियों को प्राथमिकता देने के कारण भी यात्री ट्रेनें लगातार लेट हो रही हैं। इससे छात्र, कर्मचारी, व्यापारी और आम यात्रियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।संघ के सदस्यों ने बताया कि वे लगातार डीआरएम और जीएम को एक्स (X) के माध्यम से स्थिति सुधारने की अपील कर रहे हैं, लेकिन अब तक किसी तरह की ठोस पहल नहीं की गई है। उन्होंने रेल प्रशासन से फतुहा–इस्लामपुर रेलखंड पर ट्रेनों का समयबद्ध संचालन सुनिश्चित करने, हिलसा स्टेशन की सुविधाओं में सुधार लाने और यात्रियों की समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग की गई है।



**पूर्व रेलवे**

**निविदा संख्याः ईएल–एमएलडीटी–ई–निविदा–393, दिनांक 21.11.2025,** वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.– झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम** : "मालदा टाउन मंडल के तहत ऊर्जा दक्ष 5 स्टार रेटेड एयर कंडीशनरों द्वारा पारंपरिक एयर कंडीशनरों का प्रतिस्थापन" के संबंध में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.88,62,368.64, **बयाना राशिः** रु. 1,77,300/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई–निविदा जमा देने की तिथि एवं समयः** दिनांक 28.11.2025 से 12.12.2025 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट :** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** सूचना पटः वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता/ (सामान्य), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि वेबसाइट **www.reps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
MLD-243/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# विभिन्न थानों से जब्त किए गए विदेशी व देसी शराब का विनष्टीकरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददता**

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा अनुमंडल कार्यालय के समीप सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच भारी मात्रा में जब्त विदेशी एवं देसी शराब का विनष्टीकरण किया गया। अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न थानों से हिलसा उत्पाद थाना, हिलसा थाना, एकंगरसराय थाना, इस्लामपुर थाना, तेल्हाड़ा थाना, औगारी थाना, खुदागंज थाना, चंडी थाना, नगरनौसा थाना, करायपरसुराय थाना, एकंगरसराय थाना तथा वेना थाना—द्वारा जब्त कुल 271 लीटर विदेशी शराब एवं 1806 लीटर देसी शराब को विधि-व्यवस्था के तहत नष्ट किया गया। विनष्टीकरण प्रक्रिया के दौरान मजिस्ट्रेट के रूप में अंचल अधिकारी मोहम्मद इकबाल अहमद उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि जब्त शराब को निर्धारित नियमों के अनुसार नष्ट किया गया, ताकि किसी प्रकार की पुनः उपयोग या दुरुपयोग की संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। मौके पर उत्पाद थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, पुलिस पदाधिकारी पुष्पा कुमारी, दिलीप कुमार सहित अन्य सुरक्षाकर्मी कड़ी निगरानी में मौजूद थे।




**कड़ी सुरक्षा के बीच शराब को किया गया नष्ट**

# जीविका का सिलाई प्रशिक्षण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा प्रखंड के कुर्मिया विगहा में जीविका दीदियों के लिए संचालित 7 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को संपन्न हो गया। यह चौथा बैच था, जिसमें कुल 100 दीदियों को सिलाई का कौशल प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षित दीदियां आने वाले दिनों में हिलसा प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए यूनिफॉर्म तैयार करेंगी। समापन समारोह का संचालन सामुदायिक समन्वयक सरिता कुमारी एवं किरण कुमारी तथा जीविकोपार्जन विशेषज्ञ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रशिक्षण सुहानी संकुल संघ योगीपुर तथा प्रगति संकुल संघ, कुर्मिया विगहा के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षकों ने सभी प्रतिभागियों को आत्मनिर्भरता, गुणवत्तापूर्ण सिलाई कार्य और स्थानीय स्तर पर आय सृजन के अवसरों के बारे में जानकारी दी। जीविका सदस्यों ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण न सिर्फ महिलाओं को सक्षम बनाते हैं, बल्कि गांवों में रोजगार के नए अवसर भी पैदा करते हैं।



# डॉ. प्रेम कुमार ने किया क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** पूर्व मंत्री एवं गया विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ विधायक डॉ. प्रेम कुमार ने आज अपने क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास तथा निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक परियोजना की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे होने चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा क्योंकि



यह सीधे जनता की सुविधाओं और अधिकारों से जुड़ा हुआ विषय है। निरीक्षण के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने सड़क निर्माण, नाली-निर्माण, पेयजल से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों का जायजा लिया। उपस्थित अधिकारियों को उन्होंने निर्देशित किया कि चाहे सड़क हो या शहरी बुनियादी ढांचा, हर काम में पारदर्शिता और गुणवत्ता सर्वोपरि होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यों की चरणबद्ध रिपोर्ट समय-समय पर उन्हें उपलब्ध कराई जाए, ताकि विकास योजनाओं की निगरानी निरंतर होती रहे। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने गया की जनता और अपने मतदाताओं के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें लगातार नौवीं बार प्रेम और विश्वास देकर बिहार विधानसभा भेजा है जो उनके लिए अत्यंत गर्व और जिम्मेदारी की बात है। उन्होंने कहा कि यह जनता का स्नेह ही है जिसने उन्हें सदैव प्रदेश और गया के विकास हेतु समर्पित रहने की प्रेरणा दी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि गया के सर्वांगीण विकास के लिए वे निरंतर कार्यरत रहेंगे और क्षेत्र की हर समस्या के समाधान के लिए वे हमेशा जनता के साथ खड़े रहेंगे। 'मैं गया जी के विकास के लिए वचनबद्ध हूं और हर वह कार्य करूंगा जिससे हमारे क्षेत्र की खुशहाली और प्रगति तेजी से आगे बढ़ सके।

## जम्मू-कश्मीर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा : डा. मनीष पंकज



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा से भेंट के दौरान भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने उनका बड़े ही सम्मान और आदर के साथ फूलों का बुके भेंट कर स्वागत किया। इस सौजन्य मुलाकात के समय डॉ. मिश्रा ने राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन और नेतृत्व न केवल जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। डॉ. मनीष पंकज ने राज्यपाल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर शांति, प्रगति और विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

## प्रवीण तोगड़िया का दो दिवसीय गया जी प्रवास फरवरी माह में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल सहित सभी आयामों की संयुक्त जिला बैठक सोमवार को कार्याध्यक्ष मुकेश शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में फरवरी 2026 में परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रवीण तोगड़िया के संभावित गया प्रवास और हिंदू रक्षा निधि पर चर्चा की गयी। मुकेश शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं के सहयोग से संगठन को सशक्त बनाया जा सकता है। तोगड़िया के दो दिवसीय गया प्रवास के दौरान कार्यकर्ताओं को शारीरिक और बौद्धिक प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा वे विष्णुपद मंदिर प्रांगण में संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत मिश्रा ने बताया कि पटना, जहानाबाद और गयाजी में कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। बैठक में विभिन्न आयामों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नक्सल प्रभाव घटते ही छकरबंधा के जंगलों में सक्रिय हुए शिकारी गिरोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरिया (गया)।** जिले के डुमरिया प्रखंड स्थित छकरबंधा के घने जंगल एक बार फिर वन्यजीव तस्करों और शिकारियों के अड्डे में बदल रहा है। नक्सली गतिविधियों के कमजोर पड़ते ही तस्करी और शिकार की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। रविवार को इलाके में चीतल (छोटे हिरण) के अवैध शिकार का बड़ा मामला उजागर हुआ जिसके बाद वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान भैंसादोहर गांव के मो. जुबैर आलम के रूप में हुई है जबकि दो अन्य आरोपित फरार बताए जा रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि नक्सलियों के भय के कारण वर्षों तक इन जंगलों में शिकार लगभग बंद हो गया था। बाहरी लोग जंगलों में प्रवेश करने से कतराते थे जिससे वन्यजीवों की जनसंख्या सुरक्षित रूप से बढ़ने लगी थी। लेकिन, पिछले कुछ समय में नक्सलियों की पकड़ कमजोर होने के साथ ही शिकारी गिरोह फिर से सक्रिय हो गए हैं और जंगलों में बिना रोकटोक आवाजाही बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले दो वर्षों में हिरण, सुअर, खरगोश और पक्षियों के शिकार के मामले तेजी से बढ़े हैं। कई बार रात में जंगलों से गोली चलने की आवाजें भी सुनी गई हैं। तस्करों के सक्रिय होने से छकरबंधा का पारिस्थितिकी तंत्र गंभीर खतरे में है। जानकारों का मानना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो वन्यजीवों की कई प्रजातियां संकटग्रस्त श्रेणी में पहुंच सकती हैं। गश्ती बढ़ाने और संयुक्त अभियान की मांग स्थानीय लोगों ने वन विभाग और पुलिस प्रशासन से संयुक्त रूप से गश्ती अभियान बढ़ाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि शिकार रोकने के लिए सिर्फ कागजी कार्रवाई से काम नहीं चलेगा, बल्कि तस्करों पर कड़ी कार्रवाई और जंगलों में चौकसी बढ़ाना जरूरी है। तस्करी नेटवर्क फिर मजबूत, प्रशासन पर उठ रहे सवाल शिकार का मामला सामने आने के बाद प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि निगरानी की कमी और लापरवाही के कारण तस्करों का नेटवर्क फिर खड़ा हो रहा है। इस घटना के बाद अगर अधिकारियों ने समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए तो छकरबंधा के जंगलों की जैव विविधता को बचाना मुश्किल हो जाएगा। 21 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी किछकरबंधा आरक्षित वन में चीतल का अवैध शिकार किया गया है। मुखबिर ने एक तस्वीर भी उपलब्ध कराई जिसमें आरोपित चीतल के अवशेषों का चीर-फाड़ करते दिख रहा था।

## अवैध डंपिंग पॉइंट्स की पहचान कर करें समाधान : डा. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया अतिथि गृह में शहर की विधि-व्यवस्था एवं स्वच्छता व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता बिहार सरकार के निवर्तमान सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने की। बैठक में उप नगर आयुक्त, सिटी मैनेजर सहित नगर निगम के कई वरीय अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में शहर की स्वच्छता से जुड़े सभी अहम बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों से पूछा कि वर्तमान में शहर में कितने अधिकृत डंपिंग जोन हैं तथा किन-किन स्थानों पर अनधिकृत रूप से कूड़ा फेंका जा रहा है। मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि अवैध डंपिंग पॉइंट्स की तुरंत पहचान कर व्यवस्थित समाधान तैयार किया जाए, ताकि शहर में गंदगी फैलने से रोका जा सके।



इसके साथ ही नगर निगम की उन गाड़ियों की सूची भी मांगी गई जो खराबी के कारण नियमित उपयोग में नहीं आ रही हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि खराब गाड़ियों की मरम्मत और वैकल्पिक व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित हो, ताकि डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण की प्रक्रिया बाधित न हो। बैठक में निगम की डोर-टू-डोर कलेक्शन व्यवस्था की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। इस पर मंत्री ने निर्देश दिया कि दक्ष कर्मचारियों की तैनाती के साथ कलेक्शन रूट में पारदर्शिता और निगरानी व्यवस्था मजबूत की जाए।

बैठक में नगर निगम के अंतर्गत संचालित टेंपो स्टैंड और बस स्टैंड की स्थिति, टैक्स वसूली प्रक्रिया एवं राजस्व संग्रहण की पारदर्शिता पर भी विस्तृत चर्चा हुई। कई क्षेत्रों में अवैध वसूली की शिकायतें सामने आने पर डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों को सख्ती से ऐसे मामलों की पहचान कर तत्क्षण कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध वसूली न केवल जनता का शोषण है बल्कि नगर निगम की आय पर भी प्रतिकूल असर डालती है। आरटीआई के द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर में केवल दो ही स्थान टावर चौक एवं जिला स्कूल के पूर्वी गेट पर अधिकृत टेंपो स्टैंड है

इन सभी मुद्दों पर गहन समीक्षा के बाद डॉ. प्रेम कुमार ने घोषणा की कि वे कल, 25 नवंबर को सुबह 10:30 बजे, नगर निगम की टीम के साथ विभिन्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण का उद्देश्य वास्तविक स्थिति का आकलन कर जनता को बेहतर स्वच्छता एवं सुचारू शहरी सेवाएं उपलब्ध कराना है। मंत्री ने कहा कि गया शहर के विकास और साफ-सुथरी छवि के लिए सभी विभागों को मिलकर जिम्मेदारी निभानी होगी। बैठक में उपनगर आयुक्त शशिकांत सिटी मैनेजर पवित्र एवं जफर, नगर निगम से निशांत कुमार शामिल के साथ भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ प्रदेश सहसंयोजक प्रेम सागर, क्षेत्रीय प्रभारी अमित लोहानी, जिला उपाध्यक्ष सुनील सिन्हा,वरिष्ठ कार्यकर्ता कुंदन शरण, दीपक कुमार दीपू, मंडल अध्यक्ष धनंजय धीरू, अजय कुमार, राजनंदन गांधी जितेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

## बिजली की चिंगारी से धान की ढेरी में लगी आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** मेन थाना क्षेत्र के मेन गांव के बधार में सोमवार को अचानक धान की ढेरी में आग लग गयी। ग्रामीणों के अनुसार बिजली की लाइन से निकली चिंगारी गिरने से आग लगी, जो देखते ही देखते तेजी से फैल गयी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में पीड़ित किसान शंभू शर्मा का धान पूरी तरह जलकर राख हो गया। किसान ने बताया कि बिजली की चिंगारी से आग भड़की जिससे लगभग एक लाख रुपये से अधिक मूल्य का धान नष्ट हो गया। घटना से किसान परिवार में भारी नुकसान और मायूसी छा गयी है।

## ट्रैक्टर विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, अलग-अलग प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के चैनपुर टोला गांगू बिगहा में ट्रैक्टर विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। इस मामले में सोमवार दोपहर 1 बजे दोनों पक्षों की ओर से कोंच थाने में लिखित आवेदन दिए गए जिसके आधार पर दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्रथम पक्ष के बालेश्वर यादव ने आरोप लगाया कि 22 नवंबर को उनके घर में उनके भाई रामबली यादव सहित छह लोग गाली-गलौज करते हुए घुस आए और मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष की महेश्वरी देवी, जो रामबली यादव की पत्नी हैं, ने आवेदन में बताया कि उनके गोतिया बालेश्वर यादव और सात अन्य लोगों ने उनके घर में घुसकर गाली-गलौज की और मारपीट की। दोनों पक्षों के बीच ट्रैक्टर को लेकर पिछले कई महीनों से विवाद चल रहा है। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने जानकारी दी कि मामले में कांड संख्या 533/25 और 534/25 दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## फाइलेरिया उन्मूलन के उद्देश्य से रात्रि रक्त संग्रह को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** प्रखंड अंतर्गत शिवनगर पंचायत के पंचानपुर में उर्दू मध्य विद्यालय में सोमवार को पीरामल फाउंडेशन द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन के उद्देश्य से रात्रि रक्त संग्रह को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का नेतृत्व प्रोग्राम ऑफिसर कुंदन कुमार ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों तथा स्थानीय ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। जागरूकता सत्र के दौरान कुंदन कुमार ने बच्चों को फाइलेरिया बीमारी के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है जो क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलती है। इस बीमारी का जीवाणु (परजीवी) मानव शरीर में रात के समय सक्रिय होता है और रक्त में उसकी पहचान भी केवल रात्रि के समय ही संभव होती है। इसी वजह से फाइलेरिया की जांच रात में रक्त सैंपल लेकर की जाती है जिससे परजीवी की



सटीक पहचान की जा सके। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया से प्रभावित व्यक्ति को हाथ-पांव में सूजन, बुखार, शरीर में दर्द, कमजोरी और काम करने की क्षमता में कमी जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। यह बीमारी इलाज योग्य है, लेकिन देर करने पर यह स्थायी रूप से शरीर में विकृति और अपंगता तक ला सकती है। इसलिए समय पर जांच और उपचार अत्यंत आवश्यक है। कुंदन कुमार ने बच्चों को स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए बताया कि घर और आसपास के वातावरण को साफ रखना, पानी को ढककर रखना, मच्छरदानी का उपयोग करना और रात में जागरूकता के साथ जांच करवाना ही फाइलेरिया से बचने का सबसे प्रभावी तरीका है। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि जब स्वास्थ्य विभाग द्वारा रात में रक्त संग्रह की टीम पहुंचे तो सभी लोग सहयोग करें और जांच अवश्य करवाएं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षा कर्मी तथा ग्रामीणों ने पीरामल फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान की सराहना की और इसे जनहित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक सहित दो युवक गिरफ्तार




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** बहेरा थाना पुलिस ने थाना गेट के समीप वाहन जांच अभियान के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवकों की पहचान सिंटू कुमार (उम्र 20 वर्ष), पिता शंभू ठाकुर, निवासी बेला, बिहिया तथा गौरव कुमार (उम्र करीब 19 वर्ष), पिता नरेश साव, निवासी बड़ी बिगहा, थाना-हंटरगंज, जिला-चतरा (झारखंड) के रूप में हुई है। पूछताछ और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार नियमित वाहन चेकिंग से अपराधियों पर लगाम लगाने में बड़ी मदद मिल रही है। चोरी की मोटरसाइकिल की बरामदगी को महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।


बिहार सरकार

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्

ई–मेल. msbspcb-bih@gov.in, वेबसाईट-http://bspcb.bihar.gov.in

"D:\BSPCB\PC-17\P.H\AURANGABAD BLOCK 36 SONE MoEF 5-F SAND GHATdocx"

**लोक–सुनवाई की सूचना**

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533, दिनांक 14.09.2006 एवं यथा संशोधित अधिसूचनाओं के आलोक में राज्य पर्यावरण समाधात निर्धारण प्राधिकरण के समक्ष आवेदकः श्री सच्चिदानंद सिंह, पिताः श्री शिवकुमार सिंह, पताः मृगनैनी होटल के पीछे, न्यू एरिया, जिला– औरंगाबाद, द्वारा औरंगाबाद सोन नदी स्थित ब्लॉक–36, औरंगाबाद MoEF सोन– 5–F बालू घाट, मौजा– नौर, पो०–नौर, प्रखंड– नबीनगर, जिला– औरंगाबाद (बिहार) में प्रस्तावित बालू खनन परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति का प्रस्ताव विचाराधीन है।

इस परियोजना के कार्यान्वयन के पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु राज्य पर्यावरण समाधात निर्धारण प्राधिकरण द्वारा TOR (Terms of Reference) निर्गत की गयी हैं तथा लोक–सुनवाई की जानी है।

परियोजना का पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार किया गया है। जिसमें संभावित कुप्रभावों को निरस्त करने के उपाय प्रस्तावित है। उक्त प्रतिवेदन तथा परियोजना के कार्यपालक सार की प्रति पर्षद् मुख्यालाय, पटना, जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद; कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, औरंगाबाद ; महाप्रबंधक, जिला उधोग केन्द्र, औरंगाबाद एवं जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद के कार्यालय में प्रभावित क्षेत्र के लोगों के अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं। परियोजना की विवरणी का अवलोकन पर्षद् के वेबसाईटः http://bspcb.bihar.gov.in पर भी किया जा सकता है। वैसे व्यक्ति जो इस परियोजना से प्रभावित होने वाले हों, अपना लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य इस सूचना प्रकाशन के 30 (तीस) दिनों के अन्दर पर्षद् कार्यालय में भी जमा कर सकते है। साथ ही पर्षद् के ई–मेलः msbspcb-bih@gov.in पर अथवा डाक के माध्यम से भी लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य भेजी जा सकती है।

परियोजना प्रभाव क्षेत्र के नागरिकों के लिए लोक–सुनवाई निम्नानुसार आहूत किया गया हैः–

| दिनांकः | समय | प्रखंड का नाम | बालू घाट का मौजा | बालू घाट का नाम | लोक–सुनवाई का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 06.01.2026 | अपराह्न 12:30 बजे | नबीनगर, जिला– औरंगाबाद | नौर | ब्लॉक–36, औरंगाबाद MoEF सोन– 5–F | प्रखंड कार्यालय, नबीनगर, जिला– औरंगाबाद |

सभी आम लोगों/संबंधित से अनुरोध हैं कि उपरोक्त लोक–सुनवाई के दौरान सरकार द्वारा निर्गत कोविड–19 गाईड–लाईन का पालन करते हुए परियोजना के संबंध में अपने मंतव्य/सुझाव/विचार से अवगत करायेगें।

**सदस्य सचिव**

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 018201 ( B & C ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



**AFFIDAVIT**

I, Mohammad Waliullah (MOHAMMAD WALIULLAH), also known as Waliullah (WALIULLAH), aged about 30 years, son of Md. Kamal (MD KAMAL), resident of Mohalla–Shumali, Post–Sherghati, Police Station–Sherghati, District–Gaya, Bihar, am a permanent resident of India. I solemnly affirm and declare the following:I am a citizen of India. My name Mohammad Waliullah (MOHAMMAD WALIULLAH), also known as Waliullah (WALIULLAH), is how I am known and identified, and I am commonly recognized in my village by both these names and the same address. Apart from me, no other person in my village is known by this name and address.Mohammad Waliullah (MOHAMMAD WALIULLAH) and Waliullah (WALIULLAH) are both names of the same person, and that person is me. My Aadhaar Card number is 3788 2185 5446.My name Mohammad Waliullah (MOHAMMAD WALIULLAH) will now be used everywhere in place of my previous name Waliullah (WALIULLAH). This affidavit is being executed regarding the change of my name from Waliullah (WALIULLAH) to Mohammad Waliullah (MOHAMMAD WALIULLAH). I further declare that all statements mentioned in this affidavit are true and correct to the best of my knowledge and belief.

Affidavit No.: 2636Date: 04.09.25

**Deponent**
**Mohammad Waliullah**



GOVT. OF BIHAR

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD**
**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**
**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**POST GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING [PGMAC (Ayush)]-2025 for MD / MS (Ayurveda)**

***Advt. No.-*** **BCECEB [PGMAC(Ayush)]-2025/24 Dated : 24.11.2025**

**Notice for Stray Vacancy Round Online Application & Choice Filling**

Online Application with Choice Filling after Round-3 are invited from such qualified, eligible & interested All India Ayush Post Graduate Entrance Test (AIAPGET)-2025 [Ayurveda] candidates for appearing in the Stray Vacancy Round Online Counselling of Post Graduate Medical Admission Counselling PGMAC(Ayush)-2025, who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No. BCECEB[PGMAC(Ayush)]-2025/03 Dated 26.09.2025 , 2025/17 dated 05.11.2025, on the vacant seats of Government/ Private Ayush Colleges of Bihar for admission to the first year PG Ayush Courses (MD / MS [Ayurveda]) in Government / Private Ayush Colleges of Bihar state based on the Rank of PGMAC(Ayush)-2025 prepared on the basis of merit list of AIAPGET-2025 conducted by the National Testing Agency (NTA) on the basis of vacant seats available after admission on the basis of PGMAC(Ayush)-2025 Online 3rd Round counselling held from 20.11.2025 to 22.11.2025.

Consent / Willingness are also invited from eligible candidates who have already duly submitted the online Application Form earlier but do not fall under the candition mentioned in Point no. 4 of Adv. No. BCECEB[PGMAC(Ayush)]-2025/23 Dated 24.11.2025 uploaded on Board's website.

2. Seat Matrix of vacancies after completion of 3rd round Counselling will be available on Board's website from **24.11.2025**. If any further vacancies arises, the Seat Matrix will be updated further and updated vacancies shall be uploaded on the Board's website before start of Stray Vacancy Round Counselling. **The candidate must see the seat matrix before filling up of Application form / giving willingness / consent and filling up of their Choices for Online Counselling.**
3. **Stray Vacancy Round Counselling will be conducted Online.**
4. **The online Consent / Willingness / Registration and submission of Application will start from 25.11.2025 and close on 30.11.2025 (10.00 pm).**
5. Eligibility criteria for counselling, Fee payment procedure, instructions and other details are available in the prospectus of PGMAC(Ayurveda)-2025 and the related detailed Advertisement No. BCECEB[PGMAC(Ayush)]-2025/23 Dated 24.11.2025 which can be downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.

**Controller of Examination**



GOVT. OF BIHAR

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD**
**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**
**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**POST GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING [PGMAC (Ayush)]-2025 for MD (Homeo)**

***Advt. No.-*** **BCECEB [PGMAC(Ayush)]-2025/22 Dated : 24.11.2025**

**Notice for Stray Vacancy Round Online Application & Choice Filling**

Online Application with Choice Filling after Round-3 are invited from such qualified, eligible & interested All India Ayush Post Graduate Entrance Test (AIAPGET)-2025 [Homeopathy] candidates for appearing in the Stray Vacancy Round Online Counselling of Post Graduate Medical Admission Counselling PGMAC(Ayush)-2025, who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No. BCECEB[PGMAC(Ayush)]-2025/01 Dated 26.09.2025 , 2025/15 dated 05.11.2025, on the vacant seats of Government/ Private Ayush Colleges of Bihar for admission to the first year PG Ayush Courses (MD [Homeo]) in Government / Private Ayush Colleges of Bihar state based on the Rank of PGMAC(Ayush)-2025 prepared on the basis of merit list of AIAPGET-2025 conducted by the National Testing Agency (NTA) on the basis of vacant seats available after admission on the basis of PGMAC(Ayush)-2025 Online 3rd Round counselling held from 20.11.2025 to 22.11.2025.

Consent / Willingness are also invited from eligible candidates who have already duly submitted the online Application Form earlier but do not fall under the candition mentioned in Point no. 4 of Adv. No. BCECEB[PGMAC(Ayush)]-2025/21 Dated 24.11.2025 uploaded on Board's website.

2. Seat Matrix of vacancies after completion of 3rd round Counselling will be available on Board's website from **24.11.2025**. If any further vacancies arises, the Seat Matrix will be updated further and updated vacancies shall be uploaded on the Board's website before start of Stray Vacancy Round Counselling. There is no vacancy in R.B.T.S. Govt. Homeopathy Medical College & Hospital, Muzaffarpur till date. **The candidate must see the seat matrix before filling up of Application form / giving willingness / consent and filling up of their Choices for Online Counselling.**
3. **Stray Vacancy Round Counselling will be conducted Online.**
4. **The online Consent / Willingness / Registration and submission of Application will start from 25.11.2025 and close on 30.11.2025 (10.00 pm).**
5. Eligibility criteria for counselling, Fee payment procedure, instructions and other details are available in the prospectus of PGMAC(Homeopathy)-2025 and the related detailed Advertisement No. BCECEB[PGMAC(Ayush)]-2025/21 Dated 24.11.2025 which can be downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.

**Controller of Examination**


C M Y K

संपादकीय

# वोट बटोरने का नया साधन न बने सब्सिडी

पिछले कुछ वर्षों में सत्तारूढ़ दलों द्वारा वोट और उसके जरिये सत्ता हासिल करने के लिए सरकारी खजाने से दी जाने वाली सब्सिडी का जो इस्तेमाल किया जा रहा है, वह बेहद चिंताजनक है. लोगों द्वारा मुफ्त कही जाने वाली 'रेवड़ियों' और सरकारों द्वारा दी जाने वाली सहायता (सब्सिडी) ने नेताओं को कुशासन से सुरक्षित कर दिया है. कभी आंध्र प्रदेश/तेलंगाना द्वारा गरीबों को सस्ता चावल देने से शुरू हुआ यह वोट-लुभाने का हथियार अब लोगों की कल्पना से परे चला गया है.

नीति निर्माता और नौकरशाह आधिकारिक योजनाओं के लिए नए, आकर्षक नाम सुझाते रहते हैं जो खूबसूरती से मुफ्त चीजों को लपेटते हैं और उपहारों की एक विस्तृत श्रृंखला को तैयार करते हैं, खासकर महिलाओं के लिए.

नीतिगत थिंक टैंक, पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च ने राज्यों के वित्त पर अपनी 2025 की हालिया रिपोर्ट में दिखाया है कि अनेक राज्य अपने धन का इस्तेमाल मतदाताओं को मुफ्त सुविधाएं देने पर कर रहे हैं, जिससे वास्तविक और व्यापक विकास योजनाओं के लिए बहुत कम राशि बचती है.

धन की कमी के कारण आम नागरिकों के लिए विद्यालय, सड़क-पुल और अस्पताल जैसे बुनियादी ढांचे के निर्माण पर पूंजीगत व्यय को कम प्राथमिकता मिल रही है. यह रेवड़ियां राज्यों के खजाने पर अभूतपूर्व दबाव डाल रही हैं, लेकिन राजनेता खुश हैं-उन्हें अब और मेहनत नहीं करनी पड़ती, पैसा बांटो, वोट कमाओ.

पीआरएस के निष्कर्षों के अनुसार, भारत में कई राज्य असीमित ऋण ले रहे हैं और उन्हें चुकाने के लिए भारी मात्रा में ब्याज चुका रहे हैं. इसने सब्सिडी को युक्तिसंगत बनाने की सिफारिश की है. गैरउत्पादक और मुफ्त सब्सिडी योजनाएं उत्पादक पूंजीगत व्यय के लिए कोई राजकोषीय गुंजाइश छोड़ ही नहीं रही हैं.

पीआरएस ने बताया कि राज्यों का बकाया ऋण स्तर सकल घरेलू उत्पाद का 28.5 प्रतिशत आंका गया है, जो एफआरबीएम (राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन) के 20 प्रतिशत के लक्ष्य से कहीं अधिक है. जाहिर है, सत्ताधारी दल राज्य के कामकाज को चलाने के लिए विवेकपूर्ण वित्तीय उपायों की बजाय तिकड़मों पर निर्भर हैं. झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों या किसानों को मुफ्त बिजली, चुनाव से पहले महिलाओं को सीधे नकद हस्तांतरण, खाद्य सब्सिडी, बस यात्रा, साइकिल और स्कूटी वगैरह राज्यों के वित्त पर अंतहीन बोझ डाल रहे हैं. ये कदम भेदभावपूर्ण भी हैं.

इस नए 'कल्याणकारी राज्य' में मजदूरों और नौकरीपेशा लोगों का एक छोटा समूह भारी कर चुकाता है, लेकिन उसे बहुत कम फायदा मिलता है. जो लोग जनसंख्या और अनुत्पादक कार्यों में वृद्धि कर रहे हैं, वे सरकारों के प्रिय हैं, हालांकि लाभार्थियों और गैर-लाभार्थियों, सबके पास एक-एक वोट ही होता है.

इस गंभीर समस्या का समाजशास्त्रीय पहलू यह है कि सारे राजनेता एक ऐसी पीढ़ी तैयार कर रहे हैं जिसे काम करने की बिल्कुल जरूरत नहीं होगी, बल्कि उसका तरह-तरह की सरकारी सहायता पर गुजारा हो जाएगा. कुशल श्रमिकों की पहले से ही कमी है जो अब बढ़ती जा रही है. आलसी पीढ़ी तैयार की जा रही हैं. परंतु इसे रोकना होगा. सही सोच रखने वाले साहसी लोगों और अदालतों को मुफ्तखोरी पर लगाम लगाने के लिए आगे आना होगा, वरना बहुत देर हो जाएगी।

# आतंकवादी गतिविधियों का माध्यम बनते टेलीग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म

**जहां तक टेलीग्राम प्लेटफार्म का सवाल है यह सर्वविदित है कि आतंकवादी गतिविधियों का यह केन्द्र रहा है। रुस यूक्रेन युद्ध में जेलेन्स्की द्वारा इस प्लेटफार्म का उपयोग किया गया है तो हांगकांग-बेलारुस द्वारा भी इसका उपयोग इसी तरह से किया जाता रहा है। दरअसल टेलीग्राम को आजादी की आवाज कहा जाता है। रुस के दो भाईयों पॉवेल ड्यूरोव और निकोलोई ड्यूरोव द्वारा तैयार ओर संचालित इस प्लेटफार्म का दावा है कि वह डाटा शेयर नहीं करता। इस पर प्रसारित संदेशों को कोई तीसरा नहीं देख या पढ़ नहीं सकता। और यही कारण है कि सुरक्षित व गोपनीयता के दावें के चलते इस तरह की गतिविधियों को संचालित करने वाले ग्रुप इस प्लेटफार्म पर सक्रिय है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सदस्य बनाने, हिंसा फैलाने, पैसा जुटाने, नशीली दवा, हथियार जुटाने, नफरत के संदेश फैलाने आदि आदि असामाजिक गतिविधियों में प्लेटफार्म का उपयोग किया जाता है।**

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

सहज संवाद और एक दूसरे को जोड़ने का प्रमुख माध्यम सोशल मीडिया आज आतंकवादी गतिविधियों का भी सुरक्षित एवं गोपनीय माध्यम बनता जा रहा है। हालिया दिल्ली ब्लास्ट में लिप्त व्हाइट कॉलर आतंकवादियों के परस्पर संवाद का माध्यम टेलीग्राम सोशल मीडिया प्लेटफार्म पाया गया है। सोशल मीडिया के दुरुपयोग की यह अति अवस्था है। न्यूयार्क टाइम्स ने एक अध्ययन में 3.2 मिलियन संवादों का विश्लेषण किया है। वहीं जानकारों के अनुसार टेलीग्राम सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ही 1500 से अधिक नस्लवादी चैनल सक्रिय है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इतनी अधिक संख्या में असामाजिक गतिविधियों में लिप्त चैनलों का सक्रिय होना गंभीर चिंता का विषय बन जाता है। मानवता के लिए सबसे सम्माननीय डाक्टरी का पेशा दिल्ली ब्लॉस्ट और इसके बाद दिन प्रतिदिन खुलती परतों से बेनकाब होता जा रहा है। डाक्टर जिसका जीवन बचाने का दायित्व है वहीं लोगों की मौत का सौदागर बनता है तो यह मानवता के लिए शर्मनाक स्थिति है। मजे की बात यह है कि शिक्षा का केन्द्र विश्वविद्यालय इसका केन्द्र बना हुआ पाया गया। हांलाकि फरीदाबाद के अलफलाह विश्वविद्यालय ने अपने आपको आतंकवादी गतिविधियों से दूर और साफ-सुथरा होने का दावा किया है पर यह महज लिपापोती से अधिक कुछ ज्यादा नहीं लगती। मजे की बात यह है कि जब डॉक्टर बेनकाब हो रहे हैं और इनपर कार्रवाई की बात हो रही है तो कुछ राजनीतिक दल और संगठन इनके पक्ष में दूसरी तरह की भाषा बोलने लगे हैं। समझ से परे यह बात है कि ऐसे संगठनों का क्या दायित्व उन बेगुनाह लोगों और परिवारों के प्रति नहीं होता क्या जो इन आतंकी गतिविधियों में अकारण मौत के आगोश में चले जाते हैं तो



बहुत से लोग घायल हो जाते हैं। इन प्रभावित लोगों व इनके परिवारों के प्रति भी किसी की जबावदेही होनी चाहिए। अच्छा तो यह हो कि दूसरी तरह की भाषा बोलने वाले प्रभावित लोगों के पक्ष में भी आगे आएं। आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े लोगों के साझा संवाद का माध्यम टेलीग्राम प्लेटफार्म पाया गया है।

सोशल मीडिया की जहां तक बात है तो इसमें कोई दो राय नहीं कि आज सोशल मीडिया प्लेटफार्म लोगों की पसंद, सूचनाओं को साझा करने और एक दूसरे तक अपनी भावनाएं पहुंचाने का माध्यम बन गए हैं। सवाल इनके दुरुपयोग और इन पर आवष्यक अंकुश की आवश्यकता को लेकर है। लाख दावें करें पर यह प्लेटफार्म असामाजिक गतिविधियों व भ्रामक समाचारों पर तत्काल कार्रवाई करने में विफल ही देखें गए हैं। सोशल मीडिया के संदेशों की प्रतिक्रिया स्वरुप लोगों के जुटजाने और भीड़ के आक्रोशित हो जाना आज आम हो गया है। यही कारण है कि कानून व्यवस्था के जिम्मेदार सबसे पहले उस क्षेत्र में इंटरनेट सेवाओं को स्थगित करना ही श्रेयस्कर समण्ते हैं। यह भी सही है कि देश में अधिकांश लोगों से जुड़े सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का संचालन विदेशी धरती पर हो रहा है। इसे दुर्भाग्यजनक ही माना जाएगा कि लाख प्रयासों के बावजूद देश में बने सोशल मीडिया प्लेटफार्म अपनी पहचान बनाने व अधिकांश देशवासियों के चहेते बनने में सफल नहीं हो पाए। आज फेसबुक, इंस्टाग्राम, लिंकड्विन, यूट्यूब, व्हाट्सएप, क्रास या ट्वीटर, ठिकटॉक, स्नेपचेट, पिंटरेस्ट, वीचैट, रेडिट, टेलीग्राम आदि आदि प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफार्म की संचालन की ड़ोर विदेशियों के हाथ ही है। हांलाकि हमारे देश में यूट्यूब, वाट्सएप, इंस्टाग्राम, फेसबुक लिंक्डइन आदि सोशल प्लेटफार्म अधिक चलन में है तो वाट्सएप और इंस्टा की पहुंच आम लोगों तक है। दुनियाभर में 5 अरब 41 लाख से अधिक लोग सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग कर रहे हैं।

जहां तक टेलीग्राम प्लेटफार्म का सवाल है यह सर्वविदित है कि आतंकवादी गतिविधियों का यह केन्द्र रहा है। रुस यूक्रेन युद्ध में जेलेन्स्की द्वारा इस प्लेटफार्म का उपयोग किया गया है तो हांगकांग-बेलारुस द्वारा भी इसका उपयोग इसी तरह से किया जाता रहा है। दरअसल टेलीग्राम को आजादी की आवाज कहा जाता है। रुस के दो भाईयों पॉवेल ड्यूरोव और निकोलोई ड्यूरोव द्वारा तैयार ओर संचालित इस प्लेटफार्म का दावा है कि वह डाटा शेयर नहीं करता। इस पर प्रसारित संदेशों को कोई तीसरा नहीं देख या पढ़ नहीं सकता। और यही कारण है कि सुरक्षित व गोपनीयता के दावें के चलते इस तरह की गतिविधियों को संचालित करने वाले ग्रुप इस प्लेटफार्म पर सक्रिय है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सदस्य बनाने, हिंसा फैलाने, पैसा जुटाने, नशीली दवा, हथियार जुटाने, नफरत के संदेश फैलाने आदि आदि असाामाजिक गतिविधियों में प्लेटफार्म का उपयोग किया जाता है। जहां तक टेलीग्राम सोशल मीडिया प्लेटफार्म की बात है तो केवल 60 कार्मिकों द्वारा संचालित इस प्लेटफार्म पर इस तरह की गतिविधियों की मोनेटरिंग करने, हटाने, कार्रवाई करने की आशा करना बेमानी होगा।

ऐसे में एक बार फिर यक्ष प्रश्न यही उभरता है कि जब सोशल मीडिया प्लेटफार्म आज लोगों की जरुरत बन चुका है तो फिर इन प्लेटफार्मों के संचालकों के लिए एक आदर्श एसओपी जारी करने के साथ ही इन पर असामाजिक, समाज विरोधी, आतंकवादी, भ्रम फैलाने वाली या इसी तरह की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाये जाने की आवश्यकता हो गई है। सवाल देश की सुरक्षा और आंतरिक शांति और सदभावना का है तो फिर सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को भी समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का समझना होगा। सरकार को भी इस तरह की गतिविधियों में लिप्त प्लेटफार्मों पर रोक या सख्त कार्रवाई करने में किसी तरह की देरी व संकोच नहीं किया जाना चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफार्म अपनी मूल भूमिका संवाद, साझा जानकारी, स्वस्थ्य मनोरंजन और एक दूसरे को जोड़ने जैसे मूल्यों को लेकर आगे आना होगा।

अध्यात्म

## सहनशीलता की पराकाष्ठा

घूमते हुए महावीर वेगवती नदी के किनारे स्थि?त एक उजाड़ गांव के निकट पहुंचे। गांव के बाहर एक टीले पर एक मंदिर बना हुआ था। उसके चारों ओर हड्डियों और कंकालों के ढेर लगे थे। महावीर ने सोचा, यह स्थान उनकी साधना के लिए ठीक रहेगा। तभी कुछ ग्रामीण वहां से गुजरे और उनसे बोले- यहां अधिक देर मत ठहरो मुनिराज। यहां जो भी आता है, उसे मंदिर में रहने वाला दैत्य शूलपाणि चट कर जाता है। ये हड्डियां ऐसे ही अभागे लोगों की हैं। यह गांव कभी भरापूरा हुआ करता था। उस दैत्य ने इसे उजाड़कर रख दिया है।' यह कहकर ग्रामीण तेज कदमों से वहां से चले गए। महावीर ने ग्रामवासियों के मन का भय दूर करने की ठानी और उस मंदिर के प्रांगण में एक स्थान पर खड़े होकर ध्यान करने लगे। जल्दी ही वे अंतरकेंद्रित हो गए। अंधेरा घिरते ही वातावरण में भयंकर गुर्राहट गूंजने लगी। हाथ में भाला लिए शूलपाणि दैत्य वहां प्रकट हुआ और महावीर को सुलगते नेत्रों से घूरते हुए भयंकर क्रोध से गुर्राने लगा। उसे आश्चर्य हो रहा था कि उससे भयभीत हुए बिना उसके सामने खड़े होकर ही एक मानव ध्यान-साधना में लीन था। वह मुंह से गड़गड़ाहट का शोर करते हुए मंदिर की दीवारों को हिलाने लगा। लेकिन महा?वीर मुनि न तो भयभीत हुए, न ही उनकी तंद्रा टूटी। अपने छल-बल से शूलपाणि ने वहां एक पागल हाथी प्रकट किया। वह महावीर को अपनी पैनी सूंड चुभोने लगा। फिर उन्हें उठाकर चारों ओर घुमाने लगा। जब महावीर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा तो वहां एक भयानक राक्षस प्रकट हुआ। वह तीखे नख और दांतों से उन पर प्रहार करने लगा। अगली बार एक भयंकर विषधर उन पर विष उगलने लगा। इतने पर भी महावीर ध्यानमग्न रहे तो शूलपाणि भाले की नुकीली नोक उनकी आंखों, कान, नाक, गर्दन और सिर में चुभोने लगा। लेकिन महावीर ने शरीर से बिलकुल संबंध-विच्छेद कर लिया था अतः उन्हें जरा दर्द का अनुभव नहीं हुआ। यह सहनशीलता की पराकाष्ठा थी, जो केवल तीर्थंकर में ही हो सकती थी। शूलपाणि समझ गया कि वह मनुष्य निश्चित ही कोई दिव्य प्राणी है। वह भय से थर्राने लगा। तभी महावीर के शरीर से एक दिव्य आभा निकलकर दैत्य के शरीर में समा गई और देखते ही देखते क्रोध पिघल गया, गर्व चूर-चूर हो गया। वह महावीर के चरणों में लोट गया और क्षमा मांगने लगा। महावीर ने नेत्र खोले और उसे आशीर्वाद देते हुए करुणापूर्ण स्वर में बोले- 'शूलपाणि! क्रोध से क्रोध की उत्पत्ति होती है और प्रेम से प्रेम की। यदि तुम किसी को भयभीत न करो तो हर भय से मुक्त रहोगे। इसलिए क्रोध की विष-बेल को नष्ट कर दो।' शूलपाणि के नेत्र खुल गए। उसका जीवन बदल गया।

राम मंदिर की कथा : अनुश्रुति से परंपरा तक

# यह भव्य राम मंदिर भारत की समृद्धि और विकसित भारत का साक्षी होगा

**स उपलब्धि के पीछे गहन आस्था, सांस्कृतिक स्मृति की विजय और कानून के शासन के अंतर्गत ऐतिहासिक न्याय की बहाली की कथा है। अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण की यात्रा भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं के माध्यम से एक लंबे कानूनी और सांस्कृतिक मामले को सुलझाए जाने का उदाहरण है। भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने 9 नवंबर, 2019 को समूची 2.77 एकड़ विवादित भूमि एक सर्वसम्मत और ऐतिहासिक निर्णय के अंतर्गत राम मंदिर के निर्माण के लिए दे दी। न्यायालय ने विश्व भर के आस्थावानों के लिए इस स्थल के महत्व को स्वीकार किया। इस निर्णय की न्याय, मेलजोल और सावैधानिक सिद्धांतों की जीत के रूप में सराहना की गई। इससे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास की देखरेख में मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया।**

**परिचय :** अयोध्या में प्रातः सूर्य की पहली किरणें सिर्फ पत्थर के स्तंभों और नक्काशीदार मीनारों को ही प्रकाशित नहीं करतीं। वे उस कथा पर भी प्रकाश डालती हैं जिसने शताब्दियों से भारत के सांस्कृतिक अंतस को गढ़ा है। अपनी पूरी भव्यता के साथ खड़ा राम मंदिर सिर्फ वास्तुशिल्प का अद्भुत नमूना ही नहीं, बल्कि आस्था और समुत्थान का संगम भी है।

दुनिया भर के लाखों व्यक्तियों ने हमेशा से अयोध्या को भगवान राम की जन्मस्थली माना है। इस पवित्र स्थान पर मंदिर बनाने का विचार भारत की सांस्कृतिक पहचान से गुंथा हुआ है। यह मंदिर इस स्थल को विश्व भर के आस्थावानों के लिए आध्यात्मिक संकेतक बनाता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर, 2025 को 22 फुट की धार्मिक ध्वजा फहरा कर ध्वज आरोहण का पवित्र हिंदू अनुष्ठान संपन्न करेंगे। शास्त्रीय परंपरा में ध्वज आरोहण को अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक माना गया है। यह विश्व भर के उपासकों को इस समारोह में हिस्सा लेने का खुला निमंत्रण देता है।

**एक संक्षिप्त प्रासंगिक इतिहास** – इस उपलब्धि के पीछे गहन आस्था, सांस्कृतिक स्मृति की विजय और कानून के शासन के अंतर्गत ऐतिहासिक न्याय की बहाली की कथा है। अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण की यात्रा भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं के माध्यम से एक लंबे कानूनी और सांस्कृतिक मामले को सुलझाए जाने का उदाहरण है। भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने 9 नवंबर, 2019 को समूची 2.77 एकड़ विवादित भूमि एक सर्वसम्मत और ऐतिहासिक निर्णय के अंतर्गत राम मंदिर के निर्माण के लिए दे दी। न्यायालय ने विश्व भर के आस्थावानों के लिए इस स्थल के महत्व को स्वीकार किया। इस निर्णय की न्याय, मेलजोल और सांवैधानिक सिद्धांतों की जीत के रूप में सराहना की गई। इससे श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास की देखरेख में मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया। भारत सरकार ने 5 फरवरी, 2020 को इसके लिए स्वीकृति प्रदान कर दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त, 2020 को भूमि पूजन और शिलान्यास किया जिसके साथ ही मंदिर निर्माण के संकल्प को मूर्त रूप मिल गया। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि यह समारोह शताब्दियों की प्रतीक्षा के अंत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह मंदिर भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरित करेगा तथा संयोजकता और आर्थिक अवसरों में वृद्धि के माध्यम से क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देगा।

भव्य श्री राम जन्मभूमि मंदिर पारंपरिक नागर स्थापत्य शैली में बना हुआ है। इसमें 392 स्तंभ और 44 प्रवेश द्वार हैं। इसके स्तंभों और दीवारों पर हिंदू देवताओं और देवियों की उत्कृष्ट नक्काशी की गई है। भूतल पर बने गर्भगृह में भगवान श्री रामलला को प्रतिष्ठापित किया गया है।

राम लल्ला की मूर्ति ग्राउंड फ़्लोर पर मुख्य गर्भगृह में रखी है, जहाँ पूर्वी दरवाज़े पर सिंह द्वार से 32 सीढ़ियों से पहुँचा जा सकता है। इस कॉम्प्लेक्स में भक्ति गतिविधियों के लिए पाँच मंडप (हॉल) हैं—नृत्य, रंग, सभा, प्रार्थना और कीर्तन मंडप, साथ ही कुबेर टीला पर पुराने शिव मंदिर और ऐतिहासिक सीता कूप कुएँ का जीर्णोद्धार भी किया गया है।

आज, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र भारत की सभ्यता की निरंतरता और कानून समर्थित आस्था की ताकत का साक्ष्य है। यह शानदार भवन न सिर्फ़ अयोध्या की आध्यात्मिक विरासत को फिर से जीवित करता है बल्कि समग्र विकास को भी बढ़ावा देता है, जिसमें महर्षि वाल्मीकि अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा और दोबारा से बनी नई सड़कें शामिल हैं। इन बुनियादी सुविधाओं से यहाँ के तीर्थ और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिल रहा है।

**राम मंदिर- समूचे जगत में अनुगूंज** – अयोध्या में राम मंदिर उन शिल्पकारों की अटूट आस्था का सबूत है, जिन्होंने चिलचिलाती गर्मी में दिन-रात मेहनत की है। यह राम मंदिर के प्रति सामूहिक राष्ट्रीय भावनाओं को प्रदर्शित करता है।

इससे पहले भी, राम मंदिर के निर्माण के उत्साह की भावना भारत के बाहर दूर तक गूंजी थी। उदाहरण के लिए त्रिनिदाद और टोबैगो अपनी राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन में एक भव्य राम मंदिर के निर्माण की योजना को आगे बढ़ा रहा है। यह मई 2025 में पोर्ट ऑफ़ स्पेन में अयोध्या के राम लल्ला की मूर्ति की प्रतिकृति के अनावरण के बाद हुआ है। ऐसे कार्यक्रम आध्यात्मिक प्रयास और सांस्कृतिक भावना का महत्वपूर्ण मेल दिखाते हैं, साथ ही धार्मिक पर्यटन और तीर्थगमन के दरवाज़े भी खोलते हैं।

इस मंदिर को अहमदाबाद के श्री चंद्रकांत सोमपुरा ने डिज़ाइन किया है। इसके निर्माण का काम विश्व प्रसिद्ध कंपनी लार्सन एंड टुब्रो को सौंपा गया है और टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स को सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है।

÷यह राम के रूप में राष्ट्रीय चेतना का मंदिर है। भगवान राम भारत की आस्था, नींव, विचार, विधि, चेतना, सोच, प्रतिष्ठा और गौरव हैं7÷

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर, 22 जनवरी, 2024)

यह परियोजना प्राचीन शिल्प कौशल के अत्याधुनिक विज्ञान के साथ जुड़ने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी बॉम्बे, और आईआईटी गुवाहाटी सहित देश के प्रमुख संस्थानों के इंजीनियर और बुद्धिजीवी इस पत्थर के मंदिर के निर्माण में शामिल हैं जो एक हज़ार साल तक कायम रहेगा। मंदिर में सभी उम्र के भक्तों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आधुनिक सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं, जिसमें एक समर्पित तीर्थयात्रा सुविधा केंद्र, बुज़ुर्ग भक्तों के लिए रैंप और आपातकालीन चिकित्सा सहायता आदि शामिल हैं। अपने विशाल आकार के बावजूद, मंदिर परिसर में सौर ऊर्जा पैनल लगाए गए हैं जो शहर के संवहनीय स्थलों के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है।

**निष्कर्ष :-**

राम मंदिर पर 25 नवंबर, 2025 को भगवा ध्वज लहराने के साथ ही इस चिरस्मरणीय परिसर का निर्माण कार्य पूर्ण हो जायेगा। इसके साथ ही एक विवादित सपने से लेकर जीवंत विरासत तक की यह यात्रा भी अपने गन्तव्य पर पहुँच जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह ध्वजारोहण न केवल मंदिर की वास्तुकला का बल्कि धर्म की चिरस्थायी भावना का भी उत्सव मनाएगा क्योंकि अयोध्या सद्भाव, परम्परा और विकास के केंद्र के रूप में फिर से उभर रहा है। राम मंदिर केवल पत्थरों से बनी एक संरचना नहीं है—यह समुत्थान, भक्ति और प्राचीन परंपरा और एक जुड़े हुए वैश्विक भविष्य के बीच सेतु का प्रतीक है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

आज स्वास्थ्य खराब हो सकता है। सिरदर्द और बुखार की समस्या हो सकती है। आडम्बर युक्त व्यवहार के कारण लोग आपकी आलोचना कर सकते हैं।

**वृषभ**

नया काम भी आज शुरू कर सकते हैं। अचानक बड़ा धन लाभ हो सकता है। शुभ समाचार मिलने से उत्साह में वृद्धि होगी। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी।

**मिथुन**

विवाहोत्सुक जातकों को प्रस्ताव मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में विदेशी लोगों से आपको समर्थन मिल सकता है। अपनी गलतियों को सुधारने का प्रयास करें।

**कर्क**

अपने भाग्य को दोष देने के बजाय मजबूती से चुनौतियों का सामना करें, सफलता शीघ्र ही मिलेगी। अध्यात्मिक विषयों के प्रति आपकी जिज्ञासा आज बढ़ सकती है।

**सिंह**

कार्यक्षेत्र में आपका मन नहीं लगेगा। घर में कोई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्य अधूरे छूट सकते हैं।

**कन्या**

नाराज लोगों को मनाने के लिये दिन बेहतर है। सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। कर्मचारी विद्रोही रूख व्यक्त कर सकते हैं।

**तुला**

आपके द्वारा बोला गया झूठ पकड़ा जा सकता है। मान-सम्मान में कमी आ सकती है। किसी जरूरी कार्य के बाधित होने के कारण कुण्ठाग्रस्त हो सकते हैं।

**वृश्चिक**

आज व्यवसाय में नये अनुबन्ध हो सकते हैं, किन्तु काम शुरू नहीं हो पायेगा। आप अपनी जिम्मेदारियों को लेकर अत्यन्त संवेदनशील रहेंगे।

**धनु**

आज आपको बहुत परिश्रम करने से बचना चाहिये। मेहनत का उत्तम परिणाम प्राप्त नहीं होगा। कानूनी उलझनों में फँस सकते हैं। बेमतलब के कार्यो में आपका समय बर्बाद होगा।

**मकर**

कार्यक्षेत्र में दबदबा बढ़ेगा। प्रियजनों से आपको उत्तम सलाह व उचित सहायता मिल सकती है। बच्चे माता-पिता की आशाओं पर खरे उतरेंगे। नौकरीपेशा लोगों की आय में वृद्धि हो सकती है।

**कुंभ**

किसी से अधिक अपेक्षा न करें। क्योंकि आप जैसा सोचेंगे वैसा होगा नहीं। आज केवल अपने काम पर ध्यान दें। सन्तान को लेकर थोड़े विचारशील हो सकते हैं।

**मीन**

आज क्रोध व उत्तेजित प्रतिक्रिया से बचें। धर्म के प्रति मन में शंका हो सकती है। सम्पत्ति विवाद गहरा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको कठिन काम सौंपे जा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग पुजारी की मौत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के पूरा गांव में फोरलेन पर सोमवार के दिन सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से जख्मी दूसरे युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है। ढीवर गांव निवासी अर्जुन पांडे शिव मंदिर में पुजारी थे। वे किसी शादी समारोह में अपने पोते केशव कुमार के साथ बख्तियारपुर प्रखंड के करनौती आए थे। वे पोते के साथ बाइक से अपने घर लौट रहे थे। तभी पूरा गांव के पास किसी अज्ञात वाहन से बाइक की आमने सामने की टक्कर हो गई। आस पास के लोग बचाने के लिए दौड़े, लेकिन कुछ देर में अर्जुन पांडे की ऑनस्पॉट डेथ हो गई थी। बाढ़ थाने की पुलिस ने सूचना मिलते ही घायल केशव कुमार को अस्पताल में भर्ती करा दिया, जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतक के पोस्टमार्टम के बाद डेडबॉडी परिजनों को सौंप दी गई है। दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर बाढ़ थाने में लगा दिया गया है।

### ट्रेन से गिरकर अज्ञात यात्री की मौत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर मंडल रेल के बाढ़ और मोकामा रेलवे स्टेशन के बीच अप रेलवे लाइन पर सिकंदरपुर और शहरी गांव के बीच सोमवार की सुबह एक अज्ञात रेल यात्री का सब रेलवे पटरी के बगल से रेल पुलिस ने बरामद किया। स्थानीय लोगों की सूचना पर रेल पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल भेज दी है। घटना रेलवे बिजली पोल संख्या 478/25 से पोल संख्या 478,/23 के बीच घटित हुई देखने से पता चलता है कि ट्रेन से फिसल कर गिरने के बाद युवक की दर्दनाक मौत हो गई है । रेल पुलिस पोस्टमार्टम के बाद पहचान के लिए लाश को सुरक्षित रखा है और पहचान करवाए जाने के प्रयास में जुट गई है। रेल थाना अध्यक्ष मानिकचंद पांडे ने बताया कि अभी तक व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है अर्थात 48 घंटा उसे पहचान के लिए लाश को सुरक्षित रखना जरूरी है।

### नीलगाय द्वारा फसल बबार्दी से किसान परेशान

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के बेलछी प्रखंड इलाके में इन दोनों किसान युद्ध स्तर पर दलहन की फसल लगाने में जुटे हुए हैं। कुछ किसानों के फसल अब हरा भरा खेत में दिखने भी लगा है लेकिन किसानों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि दलहन के फसल को बड़े पैमाने पर नीलगाय की झुंड क्षति पहुंच रहा है और ठंड के मौसम में किसानों को खेत में रात गुजारना भी मुश्किल है। इसके लिए कई प्रकार के जुगाड़ टेक्नोलॉजी का उपयोग किसान करते तो हैं लेकिन फसल तैयार होते-होते हजारों बीघा खेत में लगाए गए फसल में से बड़े पैमाने पर बर्बाद करने में नीलगाय सफल हो जाते हैं। इलाके के किसानों ने अनुमंडल प्रशासन से लेकर जिला कार्यालय तक नीलगाय के संख्या के रोकथाम के लिए सरकार से गुहार लगाई है लेकिन किसानों का यह भी कहना है कि कई वर्षों से वह नीलगाय के चलते परेशान है लेकिन सरकार आज तक इसके संख्या पर प्रतिबंध नहीं लगा पाई है। धीरे-धीरे नीलगाय की संख्या और बढ़ती जा रही है और किसानों को भारी नुकसान का सामना हर वर्ष करना पड़ता है।

### गेंहू का बीज उठाने पहुचीं किसानों की भीड़

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड ई किसान भवन में रबी फसल योजना 2025-26 के तहत किसानों में गेंहू के बीज वितरण के दौरान सोमवार को किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा दिन किसानों का हुजूम लगा रहा। भीड़ को देख बीएओ रोहित गौतम ने वरीय अधिकारियों के साथ पुलिस प्रशासन को सूचित किया। जिसके बाद पुलिस ने पहुचकर किसानों को कतारबद्ध करते हुए बीज वितरण करवाया। बीएओ श्री गौतम ने बताया कि गेहूं का बीज वितरण किया जा रहा है।इस बार किसानों का बायोमैट्रिक सत्यापन के बाद उन्हें बीज दिया जाना है। उन्होंने कहा कि भीड़ को देखते हुए प्रखंड प्रशासन व अनुमंडल प्रशासन को सूचित किया गया है। हालांकि पुलिस प्रशासन के सहयोग से शांतिपूर्ण बीज का वितरण किया जा रहा है। बीएओ ने बताया कि 10 वर्ष से कम अवधि वाले योजना के तहत कुल करीब 920 क्विंटल, 10 वर्ष से कम अवधि वाले का अतिरिक्त वाले का 480 क्विंटल का लक्ष्य प्राप्त है। 10 वर्ष के कम अवधि वाले तथा अतिरिक्त वाले का अनुदानित मूल्य एक हजार रुपए प्रति 40 किलो पैकेट निर्धारित है।

### तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस का आयोजन

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** फ्रेंड्स एकेडमी बरवा बंजारिया कैंपस में गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस पर छात्रों ने उनके जीवन पर आधारित प्रेरक प्रस्तुति दी। बच्चों ने गुरु साहिब के जन्म, गुरु गद्दी प्राप्ति और धर्म रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान की कहानी को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सिद्धू, अनूप, प्रिंस, शिखा, साक्षी, मीनाक्षी और शिक्षा ने गुरु साहिब के जीवन परिचय को विस्तार से बताया और श्रद्धांजलि अर्पित की।

### फुलवारी शरीफ में महागठबंधन की समीक्षा बैठक

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारी शरीफ के नया टोला मोहल्ले में महागठबंधन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता राजद जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर आफताब आलम ने की. राजद नेताओं ने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान 10 हजार रुपये का प्रलोभन देकर एन डी ए ने वोट खरीदने की कोशिश की और चुनाव आयोग मुंह ताकता रह गया,कोई कार्रवाई नहीं की गई. बैठक में आफताब आलम ने कहा कि हर चुनाव में फुलवारी नगर परिषद क्षेत्र से महागठबंधन उम्मीदवार को बढ़त मिलती रही है. इस बार भी महागठबंधन प्रत्याशी गोपाल रविदास को 9545 वोटों की बढ़त मिली. आफताब आलम ने श्याम रजक की जीत पर बधाई दी और नीतीश कुमार को बिहार का दसवीं बार मुख्यमंत्री बनने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जहां कमी रही है, वहां सुधार किया जाएगा और जमीनी स्तर पर महागठबंधन के सभी नेता मेहनत जारी रखेंगे. बैठक में राजद प्रदेश महासचिव कौसर खान, माले नेता गुरुदेव, सलाउद्दीन मंसूरी, नगर अध्यक्ष गोल्डन, वसीमुल हक, टीपू सुल्तान, अमजद खान, सद्दाम सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे.

### परसा पंचायत के मुखिया पर हमला मामले में दूसरी गिरफ्तारी

**मझौलिया पुलिस की कार्रवाई तेज, फरार आरोपियों की तलाश जारी**

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** परसा पंचायत के मुखिया शिवशंकर ठाकुर उर्फ पुतुल ठाकुर पर हुए जानलेवा हमले मामले में मझौलिया पुलिस ने दूसरी बड़ी कार्रवाई की है। रविवार को पुलिस ने नामजद आरोपी संदीप कुमार ठाकुर को विशेष छापेमारी के दौरान गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि 26 जून 2025 को मुखिया पर पट्टीदारों द्वारा मारपीट कर गंभीर हमला किया गया था। घटना के बाद तीन नामजद व 10 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था।इससे पहले 21 नवंबर को पुलिस ने आरोपी रामबली ठाकुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस शेष फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

# पटना में बस मालिक की गोली मारकर हत्या ग्रामीणों ने दो अपराधियों को पीटकर मार डाला

## डोमानाचक गांव में 85 वर्षीय अशर्फी लाल सिंह की सरेशाम हत्या





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी पटना में दिल दहला देने वाली वारदात में बस मालिक अशर्फी लाल सिंह की गोलियों से छलनी कर हत्या कर दी गई. वहीं भाग रहे बाइक सवार दोनों अपराधियों को ग्रामीणों ने 100 से 200 मीटर की दूरी पर घेरकर लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर से पीट-पीटकर मार डाला. डोमानाचक गांव में हुई इस सनसनीखेज घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया. शाम करीब 4.30 बजे 85 वर्षीय बस व्यापारी अशर्फी लाल सिंह पिता स्व कुनाई सिंह अपने घर के दरवाजे पर जानवरों को चारा दे रहे थे. इसी दौरान बाइक पर सवार दो अपराधी पहुंचे और अचानक दनादन 5 से 6 गोलियां बरसा दीं. गोली लगते ही वे जमीन पर गिर पड़े. घर की महिलाओं और उनके बेटे रविंद्र सिंह ने शोर मचाया कि बाबूजी को गोली मार दिया. चीख-पुकार सुनते ही गांव के लोग दौड़ पड़े और भाग रहे अपराधियों का पीछा किया. अपराधी खेतों के रास्ते बाइक से भागते हुए गोपालपुर थाना क्षेत्र के पास के भोगीपुर गांव की ओर बढ़े, लेकिन वहां तक पहुंचने से पहले ही सैकड़ों ग्रामीणों ने चारों ओर से घेर लिया. भीड़ ने दोनों हमलावरों पर लाठी, डंडा और ईंट-पत्थर से हमला बोल दिया. इतने जोरदार प्रहार किए गए कि दोनों अपराधियों के चेहरे पहचान से बाहर हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई. उधर गंभीर रूप से घायल अशर्फी लाल सिंह को परिजन निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. हत्या की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में तनाव का माहौल फैल गया. सूचना पर सिटी एसपी पूर्वी, पटना सदर डीएसपी टू रंजन कुमार सिंह, परसा बाजार थानाध्यक्ष मेनका रानी, रामकृष्ण नगर थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह और गोपालपुर थानाध्यक्ष अमित कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. पूरे इलाके की नाकेबंदी कर दी गई और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि अपराधियों की पहचान और घटनाक्रम की पुष्टि की जा सके. परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले ही मृतक ने शेखपुरा गांव में अपनी एक बीघा जमीन की चारदीवारी करवायी थी, जिसको लेकर पाटीदार नागेश्वर सिंह से विवाद चल रहा था. हत्या भूमि विवाद से जुड़ी है या किसी अन्य रंजिश से, इसका पता छानबीन के बाद ही चल सकेगा. अशर्फी लाल सिंह इलाके के नामचीन बस व्यवसायी थे. उनके परिवार की 'कमल रथ' नाम से पटना से दरभंगा रूट पर कई बसें चलती हैं. वृद्ध सरल स्वभाव और सामाजिक पहचान वाले व्यक्ति माने जाते थे. वारदात के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत और तनाव का माहौल है. पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है और घटनास्थल से मिले सुरागों के आधार पर आगे की कार्रवाई में जुटी है. पटना सीटी एसपी पूर्वी ने बताया कि जमीन के विवाद के बारे में परिवार के लोग बता रहे हैं 85 वर्षीय अशर्फीलाल सिंह की दरवाजे पर बाइक सवार दो प्लाजो में गोली मारकर हत्या कर दिया इसके बाद गांव वालों ने भाग लिया है दोनों अपराधियों को घेर कर पीट-पीटकर मार डाला है दोनों ही मामलों की छानबीन चल रही है आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को भी खंघाला जा रहा है. मर गया अपराधियों की उम्र करीब 40 वर्ष से अधिक लग रही है अभी तक पहचान की नहीं हुई है अपराधियों की पहचान होने के बाद पूरी स्थिति स्पष्ट हो पाएगी. पूरे घटनाक्रम को देखने से लग रहा है की यह मामला शूटर को बुलाकर हत्या कराई जाने का लग रहा है.

**पीछा कर रहे ग्रामीणों ने 200 मीटर दूर घेरकर दोनों हमलावरों को लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर से पीटकर किया ढेर**

### गांव में घुसकर हत्या के बाद गलत दिशा में भागने के कारण भीड़ के हाथों मारे गये हत्यारे

**अशर्फी राय की हत्या में प्रयुक्त बदमाशों की हथियार नहीं बरामद कर पाई पुलिस**

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डोमानाचक गांव में मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने बुधवार की शाम बस मालिक 85 वर्षीय अशर्फी सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी. पुलिस ने घटनास्थल से अपराधियों की जेब से कई कारतूस बरामद किए हैं, लेकिन वारदात में इस्तेमाल पिस्तौल बरामद नहीं हो पाई है. आशंका है कि भीड़ हथियार छीनकर अपने साथ ले गई, या अपराधियों ने भागते-भागते खेतों में फेंक दिया. पुलिस हथियार की तलाश कर रही है और पूरे घटनाक्रम की जांच में जुटी है. बताया जाता है की वारदात को अंजाम देने के बाद जैसे ही दोनों अपराधी गांव की तंग गलियों से मोटरसाइकिल घुमाकर बाहर निकलने लगे, तभी घर के अंदर मौजूद परिजनों की चीख सुनकर गांव के लोग टूट पड़े. हड़बड़ी में हत्यारे गलती से गलत दिशा की ओर भाग निकले, जहां आगे रास्ता और संकरा हो जाता है. इसी वजह से ग्रामीणों ने आसानी से उन्हें घेर लिया. लगता है हत्यारों ने पहले से इलाके की ठीक तरह से रेकी नहीं की थी. भीड़ लाठी, डंडा, बरछा और ईंट लेकर दोनों को खदेड़ती रही. पीछा करते-करते लोग लगभग 200 मीटर आगे निकल गए, जहां दोनों अपराधियों का बैलेंस बिगड़ गया और वे मोटरसाइकिल छोड़कर पैदल भागने लगे. तभी भीड़ ने उन्हें पकड़ लिया. ग्रामीणों ने पहले लाठी-डंडे से बेहिसाब प्रहार किए. इसके बाद किसी ने घर से बरछा लाकर दोनों के शरीर पर वार दर वार करना शुरू कर दिया. गंभीर रूप से घायल होकर जब दोनों जमीन पर गिर पड़े, तब भीड़ का गुस्सा शांत नहीं हुआ. दोनों अपराधियों का हेलमेट उतारकर उनके सिर को ईंट-पत्थरों से बुरी तरह कुचल दिया गया. जब भीड़ को यह यकीन हो गया कि दोनों की मौत हो चुकी है, तब ग्रामीण धीरे-धीरे हट गए. इधर सूचना मिलते ही रामकृष्ण नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने पहले गंभीर रूप से घायल पड़े अशर्फी सिंह को ग्रामीणों की मदद से उठाकर अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. इसके बाद पुलिस ने अपराधियों के शव को अपने कब्जे में लेकर आसपास की भीड़ को नियंत्रित किया. हालात संभालने के लिए चार थानों की पुलिस बुलाई गई. दोनों शवों की घेराबंदी कर एफएसएल की टीम बुलाकर मौके से साक्ष्य संग्रह शुरू किया गया.

## अतिक्रमण पर चला नप प्रशासन का बुलडोजर



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर को स्वच्छ सुंदर और जाम से निजात दिलाने को लेकर तीसरे दिन सोमवार को नप प्रशासन ने गोला रोड मोड से संत कैरेंस स्कूल तक बुलडोजर चला. डीएम व एसडीओ आदेश के बाद नगर परिषद प्रशासन की टीम ने पुलिस बलों के सहयोग गोला रोड मोड से संत कैरेंस स्कूल तक टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया. घंटों तक चले व्यापक रूप से अभियान में. बुलडोजर से झोपडियों व गुमटी को ध्वस्त किया गया है. अतिक्रमणकारियों से 2 हजार जुर्माना वसूला गया है. अभियान नप के प्रशिक्षु आईएएस विग्नेश टीए व ईओ (व्यवस्था) रवि कुमार के नेतृत्व में चलाया गया. अभियान में नगर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार व पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ गोला रोड मोड से संत कैरेंस स्कूल तक सडक के किनारे से अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया. उन्होंने बताया कि सडक किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर सडक पर अस्थायी रूप से झोपडी व गुमटी लगाकर अतिक्रमण के कारण आए दिनों जाम लगने से आम लोगों समेत स्कूली बच्चों को परेशानी झेलनी पडती है. जिसको देखते हुए नप प्रशासन ने अभियान चलाया गया है. उन्होंने बताया कि पूरे नगर को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जायेगा और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जायेगा. यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोबारा अतिक्रमण करने वालों से जुमार्ना वसूला जायेगा. साथ ही कानूनी कारवाई की जायेगी.

### अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए नगर परिषद ने दी तीन दिनों की मोहलत

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामनगर में लगातार बढ़ रही जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए नगर परिषद ने अवैध अतिक्रमण हटाने की तैयारी तेज कर दी है। नगर परिषद द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र से लोगों को तीन दिन के अंदर स्वयं अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी जा रही है। तय समय के बाद जुमार्ना तथा कानूनी कार्रवाई की बात भी कही गई है। नगर के नरैनापुर रोड, भगत सिंह चौक, अम्बेडकर चौक, बेलागोला हरिनगर और भुनेश्वर चौक तक कई दुकानदारों ने सड़क किनारे टीन छज्जा बढ़ाकर तथा दुकानें बाहर सजाकर कब्जा कर रखा है। इससे सड़क पर जगह कम होने के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती रहती है। इधर हरिनगर शुगर मिल का पेराई सत्र 26 नवम्बर को संभावित है। पेराई शुरू होते ही गन्ना लदे ट्रैक्टर ट्रेलर और टायर गाड़ियों की आवाजाही बढ़ जाती है, जिससे नगर में जाम की समस्या और गंभीर हो जाती है। पुलिस प्रशासन भी नगर परिषद के साथ मिलकर अतिक्रमण मुक्त अभियान को सफल करेंगे।

## बिहार को अत्याधुनिक हृदय उपचार का केन्द्र बनाना लक्ष्य : डॉ. नरेश त्रेहन



**फुलवारीशरीफ/पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना द्वारा होटल लेमन ट्री प्रीमियर में अंतरराष्ट्रीय मेदांता कार्डियक कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में भारत, इंग्लैंड, अमेरिका, मॉरीशस और नेपाल के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने नवीनतम हृदय उपचार तकनीकों पर अपनी जानकारी साझा की. उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मेदांता समूह के चेयरमैन डॉ. नरेश त्रेहन ने कहा कि हृदय रोग देश की बड़ी चुनौती है और हमारा लक्ष्य है कि बिहार के मरीजों को वही आधुनिक उपचार मिले जो दुनिया के विकसित केंद्रों में उपलब्ध है. उन्होंने कहा कि जयप्रभा मेदांता अस्पताल में संरचना और तकनीक को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित किया जा रहा है. इंग्लैंड के डॉ. जेम्स नोलान, अमेरिका के डॉ. मिथिलेश दास और मॉरीशस के डॉ. शमलोल उमेश सहित कई विशेषज्ञों ने जटिल एंजियोप्लास्टी, हाई-रिस्क केस मैनेजमेंट और बिना चीरा वाली प्रक्रियाओं पर प्रस्तुति दी. देश के कई प्रमुख शहरों से आए कार्डियोलॉजिस्टों ने भी अपने अनुभव साझा किए. डॉ. प्रवीण चंद्रा ने कहा कि इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी तेजी से विकसित हो रही है और अब ऐसे मामले भी सफलतापूर्वक उपचारित किए जा रहे हैं जिनका इलाज पहले संभव नहीं था. डॉ. रजनीश कपूर ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक और प्रशिक्षित टीम का संयोजन ही हार्ट अटैक मरीजों की जान बचाता है. डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि लक्ष्य केवल उपचार देना नहीं, बल्कि बिहार को कार्डियोवस्कुलर साइंस का अग्रणी केन्द्र बनाना है. इस कॉन्क्लेव से युवा डॉक्टरों को नई तकनीकों को सीखने का बड़ा अवसर मिला है. कार्यक्रम में डॉ. रवि शंकर सिंह, डॉ. अजय कुमार सिन्हा, डॉ. शाहीन अहमद, डॉ. विजय कुमार और डॉ. पवन कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में विशेषज्ञ मौजूद थे. आयोजन सचिव डॉ. शमशाद आलम ने बताया कि इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी मास्टर क्लास चैप्टर झ1 की यह शुरूआत है और आने वाले वर्षों में भी ऐसे प्रशिक्षण जारी रहेंगे.

## आपूर्ति अनुश्रवण की बैठक में राशन घटतौली का मुद्दा उठा

**घरेलू गैस का उपयोग नहीं करे दुकानदार पकड़े जाने पर होगी कार्रवाई**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल कार्यालय प्रकोष्ट में सोमवार को आपूर्ति से संबंधित अनुश्रवण समिति की एक बैठक अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान आपूर्ति से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर जो भी राशन वितरण कार्य रुका हुआ था उसे वितरण करने का निर्देश एसडीएम ने दिया। वही राशन वितरण में घटतौली का मुद्दा उठाया गया। जन वितरण दुकानदारों का कहना था कि उन्हें गोदाम से ही कम राशन प्राप्त होता है। जिसपर एसडीओ ने निर्देश दिया है कि सभी दुकानदार गोदाम से तौल करा कर ही राशन का उठाव करे। वही रसोई गैस के वितरण में निर्धारित दर से अधिक रुपये लेने की शिकायत को एसडीओ ने गंभीरता से लेते हुए सभी गैस एजेंसी के संचालकों को सही वजन के साथ निर्धारित दर पर ही उपभोक्ताओं को रसोई गैस उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।एसडीएम ने बताया कि आपूर्ति से संबंधित बैठक की गई है। इस दौरान गोदाम से राशन उठाव में घटतौली एवं घरेलू गैस के वितरण में निर्धारित दर से अधिक रुपये लेने का मामला सामने आया है। उन्होंने कहा कि सभी डीलर को राशन उठाव के दौरान गोदाम से सही वजन कर ही अनाज लेने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया गया है। इसके साथ ही रसोई गैस को लेकर एसडीएम ने सभी एजेंसी संचालकों को कड़ा निर्देश दिया है कि गैस वितरण के दौरान वेंडर उपभोक्ता के सामने सिलेंडर का वजन करे साथ ही सिलेंडर का लीकेज प्राथमिकता से जांच कर उसके पश्चात निर्धारित दर पर उपभोक्ताओं को रसोई गैस उपलब्ध कराएंगे। निर्धारित दर से अधिक रुपये लेने पर करवाई तय है। एसडीएम ने बताया है कि बहुत सारे दुकानदार अपने दुकानों में घरेलू गैस का उपयोग कर रहे हैं इसके लिए एक टीम गठित कर छापेमारी की जाएगी। दुकान में घरेलू गैस का उपयोग करने वाले दुकानदार व संबंधित एजेंसी पर कड़ी करवाई की जाएगी। वही सभी एजेंसी संचालक प्रधानमंत्री उज्वला योजना फेस थ्री के तहत जो लक्ष्य प्राप्त है उसकी सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

## बिहार को विश्वस्तरीय हृदय चिकित्सा का केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध : डॉ. प्रमोद कुमार

**पटना में होगा अंतरराष्ट्रीय ह्यमेदांता कार्डियक कॉन्क्लेव**

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार को उन्नत हृदय चिकित्सा के क्षेत्र में देश और दुनिया के मानचित्र पर स्थापित करने के उद्देश्य से जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना के होटल लेमन ट्री में अंतरराष्ट्रीय 'मेदांता कार्डियक कॉन्क्लेव' का आयोजन कर रहा है. इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में भारत के शीर्ष हृदय रोग विशेषज्ञों के साथ इंग्लैंड, अमेरिका, मॉरीशस और नेपाल के अंतरराष्ट्रीय फैकल्टी भी शामिल होंगे. इस कॉन्क्लेव में मेदांता के चेयरमैन और देश के सुप्रसिद्ध कार्डियोथोरेसिक सर्जन डॉ. नरेश त्रेहन, वरिष्ठ इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. प्रवीण चन्द्रा, डॉ. रजनीश कपूर, यूनाइटेड किंगडम के डॉ. जिम नोलान, अमेरिका के डॉ. मिथिलेश दास और मॉरीशस के शमलोल अपनी विशेषज्ञता साझा करेंगे. मेदांता हार्ट इंस्टीट्यूट, पटना के निदेशक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि बिहार को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के दायरे में लाना उनका संकल्प है. उन्होंने कहा कि मेदांता लगातार राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की उटए और कॉन्क्लेव के माध्यम से उन्नत चिकित्सा ज्ञान को बिहार तक पहुंचा रहा है, ताकि मरीजों को वही अत्याधुनिक उपचार उनके राज्य में मिले, जो देश और विश्व के प्रमुख मेडिकल सेंटर्स में उपलब्ध है. उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन डॉक्टरों के ज्ञान-विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिसका लाभ सीधे हृदय रोगियों को मिलता है. आयोजन सचिव एवं इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. शमशाद आलम ने बताया कि इस कार्यक्रम में गुड़गांव, नोएडा, लखनऊ, ऋषिकेश, दिल्ली, हैदराबाद, चेन्नई, जयपुर, मुंबई, रांची, कोलकाता सहित देश के प्रमुख शहरों से वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करेंगे. उन्होंने कहा कि कॉन्क्लेव में जटिल एंजियोप्लास्टी, वायरलेस पेसमेकर, अतालता की आधुनिक तकनीक, बिना चीरा-फाड़ वाली हृदय सर्जरी, एवं देर से अस्पताल पहुँचने वाले हार्ट अटैक मरीजों के प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी. यह मंच चिकित्सकों के लिए अत्याधुनिक हृदय उपचार तकनीकों को समझने का बड़ा अवसर होगा. इस अवसर पर मेदांता पटना के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रवि शंकर सिंह, कार्डियोलॉजी विभाग के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. अजय कुमार सिन्हा, डॉ. शाहिन अहमद, डॉ. विजय कुमार, डॉ. पवन कुमार सिंह तथा वैज्ञानिक समिति के सदस्य—डॉ. आशुतोष सप्रे, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. मीनू कुमारी, डॉ. श्रद्धा रंजन, डॉ. श्रेयस त्रिदेव और डॉ. दीपाश्री भी उपस्थित रहेंगे. एडवाइजरी कमेटी में डॉ. अरविंद गोयल, डॉ. सप्रीत वल्लूर, डॉ. अनुज कुमार और डॉ. मयंक आर्या शामिल हैं, जबकि आयोजन समिति में डॉ. कृपांशु चंद्रा, डॉ. दयाशंकर सिंह, डॉ. राहुल कुमार और डॉ. इरफान सम्मिलित हैं.

## अंडरपास में भरा गंदा पानी और कचरा, एक लेन बंद होने से जाम की स्थिति



**स्थानीय लोगों ने नगर निगम और जनप्रतिनिधियों से की तुरंत सफाई की मांग**

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना बाइपास स्थित रामकृष्ण नगर के राम लखन पथ के सामने बने अंडरपास की एक लेन पूरी तरह गंदे पानी और कचरे से भर गई है. नल का गंदा पानी लगातार जमा होने के कारण इस लेन से लोगों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई है. अंडरपास की दूसरी लेन पर पूरा दबाव होने से आने-जाने वाले वाहनों की लंबी कतार लग रही है और जाम आम बात बन गई है. स्थानीय लोगों का कहना है कि अंडरपास रामकृष्ण नगर सोरंग पुर देवी मंदिर के पास बना है, जिसकी एक ओर सड़क कंकड़बाग के राम लखन पथ में निकलती है और दूसरी ओर राम कृष्णा नगर बाजार की तरफ जाती है. यह इलाका घनी आबादी वाला है और रोजाना हजारों लोगों का आवागमन होता है. इसके बावजूद अंडरपास की एक लेन महीनों से कचरा और गंदे पानी से भरी पड़ी है. लोगों ने आरोप लगाया कि नगर निगम, स्थानीय वार्ड पार्षद और जनप्रतिनिधि इस समस्या को जानने के बावजूद आंखें मूंदे हुए हैं. अंडरपास के बाहर कचरे का ढेर और भीतर घुटन भरी बदबू ने राहगीरों का चलना मुश्किल कर दिया है. कई दोपहिया वाहन चालक गिरकर घायल भी हो चुके हैं. स्थानीय निवासियों ने कहा कि अंडरपास में सिर्फ दो संकरी लेन हैं. इनमें से एक के बंद होने से दूसरी लेन पर भारी भीड़ जमा हो रही है. इससे दोनों ओर जाम लग जाता है और सुबह-शाम बड़ी समस्या पैदा होती है. लोगों ने नगर निगम से तुरंत सफाई अभियान चलाकर अंडरपास में जमा कचरा और गंदा पानी हटाने, दोनों लेन को चालू कराने और जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है. उनका कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे.

### फर्नीचर दुकान से 25 हजार नकदी समेत अन्य सामान की चोरी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपूर थाना क्षेत्र के नरकटिया फार्म स्थित सलोनी फर्नीचर की दुकान में चोरी की घटना घटी है। घटना शनिवार की रात्रि की है। चोरों ने एक फर्नीचर दुकान में सीढ़ी वाले कमरे का करकट तोड़कर दुकान से 25 हजार नगदी समेत अन्य सामानों की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि बैरीया गाव निवासी दुकानदार सुजीत शर्मा शनिवार को एक शादी समारोह में शामिल होने गौरीपुर मंझरिया गए थे। रविवार को वे दुकान पहुचे तो देखा कि सीढ़ी वाले कमरे की करकट टूटी हुई थी। करकट टूटा देख उन्हें दुकान में चोरी की आशंका हुई। जिसके बाद दुकानदार ने दुकान खोलकर दुकान के अंदर गए तो दुकान में समान बिखरा पड़ा हुआ था।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार


### सदर अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में अनुश्रवण समिति की बैठक

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति (अत्याचार निवारण अधिनियम) की बैठक सदर अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विधायक नरकटिया विशाल कुमार भी उपस्थित थे। बैठक के दौरान सभी थानों में अनुसूचित जाति / जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज कांडो समीक्षा की गई। लंबित आरोप पत्र वाले कांडो पर अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई तथा इस पर त्वरित करवाई हेतु निर्देश दिया गया। बैठक में मौजूद सदर अनुमंडल के सभी अंचलाधिकारियों को भी निर्देश दिया गया कि जितने भी परचाधारी हैं उनको जमीन पर दखल कब्जा दिलवाएं। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर को लंबित आरोप पत्र,अनुसंधान आदि को शीघ्र निष्पादित कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में सदर अनुमंडल के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थानाध्यक्ष , समिति के सदस्य राजू बैठा, मनोज कुमार अकेला, अनुमंडल कल्याण पर अधिकारी आनंद मोहन बिहारी आदि उपस्थित थे



### निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिस ठोस एवं तीव्र कार्रवाई की जाये : उप विकास आयुक्त

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन भवन के सभागार में उप विकास आयुक्त,पूर्वी चंपारण डॉ. प्रदीप कुमार के द्वारा सभी ग्रामीण आवास पर्वेक्षक, सभी प्रखंड समन्वयक, सभी कनीय अभियंता,सभी कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कार्यपालक अभियंता, मनरेगा, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के विभिन्न अवयवों की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया कि अब वित्तीय वर्ष धीरे - धीरे समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। ग्रामीण विकास के कार्यों को लेकर विभाग के द्वारा जो भी लक्ष्य निर्धारित है उसे हर हाल में प्राप्त करने की दिशा में ठोस एवं तीव्र कार्रवाई की जाए। उक्त बैठक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा एवं निदेशक, एन.ई.पी.,निदेशक लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन भी उपस्थित रहे। बैठक में प्रोग्राम पदाधिकारी, कल्याणपुर के अनुपस्थित रहने पर उनसे स्पष्टीकरण किया गया।



### बिहार के अंतर्राष्ट्रीय सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र ने धर्मेंद्र को अनोखे अंदाज में दी श्रद्धांजलि

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चर्चित अंतर्राष्ट्रीय सैंड एवं लीफ आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने सिनेमा जगत के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र साहब के निधन पर कुछ यूं अंदाज में भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने पीपल के पत्ते पर बेहद सूक्ष्म नक्काशी करते हुए धर्मेंद्र की यादगार छवि उकेरी और उस पर 'हमसे ना टकराना' तथा 'अलविदा ही-मैन धरम पाजी' लिखकर अपनी कला के माध्यम से अभिनेता को अंतिम विदाई दी। इंटरनेशनल लीफ आर्टिस्ट मधुरेंद्र ने बताया कि धर्मेंद्र साहब भारतीय फिल्म उद्योग के ऐसे अभिनेता थे जिन्होंने अपनी अदाकारी, व्यक्तित्व और सरल स्वभाव से करोड़ों दिलों में जगह बनाई। उनकी याद में बनाई गई यह कलाकृति कलाकार की ओर से एक विनम्र श्रद्धांजलि है। धर्मेंद्र जी के निधन से फिल्म जगत में शोक की लहर है। इसी बीच मधुरेंद्र की यह अनोखी कलाकृति सोशल मीडिया पर भी लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है और प्रशंसा बटोर रही है। कलाकार मधुरेंद्र ने कहा कि महान कलाकारों की विरासत कभी समाप्त नहीं होती-कला और यादें उन्हें हमेशा अमर बनाए रखती हैं।




### विवाहिता की हत्या मामले में केस दर्ज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानिय थाना क्षेत्र के हाजमाटोला गांव में विवाहिता की हत्या कर उसके शव को गायब कर देने का मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इधर घटना की सुचना मिलते ही मैनाटांड पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन ससुरालवालें घर में ताला बंद कर फरार थे। वही पुलिस द्वारा काफी खोजबीन के बाद शव को बरामद किया गया। मृतक की पहचान राजकुमार पटेल की पत्नी सुनीता देवी (25) बतायी जाती है। मैनाटांड थानाध्यक्ष शंभूशरण गूप्ता ने बताया कि पति राजकुमार पटेल,व्यास पटेल समेत दस लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम हेतु बेतिया भेज दिया गया है। पुलिस आरोपीयों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी शुरू कर दी है।

### नदी किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामनगर थाना क्षेत्र के मेघवल मठिया गांव के पश्चिम कच्ची सड़क के पास ढोंगई नदी किनारे एक युवक का शव मिलने से अफरा-तफरी मच गई। मृतक की पहचान सपही पंचायत के मधुवनी गांव निवासी 30 वर्षीय बीरेन्द्र उरांव के रूप में हुई है। शव की स्थिति देख ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई है, क्योंकि उसके सिर पर गहरा जख्म पाया गया है। ग्रामीणो ने थाना को सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष दीपक कुमार पुलिस बल के साथ स्थल पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेज दिया। मृतक की पत्नी कलवाती देवी ने आरोप लगाया है कि उसके पति की हत्या की गई है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि प्रथम द्दष्टया मामला सड़क दुर्घटना जैसा प्रतीत हो रहा है। मामले की जांच जारी है और परिजनों द्वारा आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

### फर्जी बंटवारा के विवाद को लेकर एफआईआर दर्ज

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामनगर थाना क्षेत्र के सबेया गांव में जमीन को फर्जी बंटवारा दिखाकर निबंधन करा लेने का मामला सामने आया है। इस मामले में मजहर अली ने एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें बताया है कि मेरी खरीदगी जमीन 16 कठ्ठा जमीन को मेरे सगे भाई गौरूल आजम साजिश व षड्यंत्र कर फर्जी बंटवारा के आधार पर उक्त भूमि से 8 कठ्ठा जमीन अपनी पत्नी को निबंधन करा दिए है का आरोप लगाया है।

# प्रमोद सिन्हा की जीत के साथ ही रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण की उम्मीदें जगी

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनडीए सरकार के एक बार फिर से सत्ता में लौटने और रक्सौल से प्रमोद सिन्हा के लगातार दूसरी बार विधायक चुने जाने के बाद इस सीमायी क्षेत्र में विकास की उम्मीदें फिर से एक बार और तेज हो गई हैं। खासकर रक्सौल शहर में पास हो चुके दो रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण को लेकर लोगों में भारी उत्साह और इंतजार देखा जा रहा है। रक्सौल शहर में रेलवे फाटक पर प्रतिदिन लगने वाले लंबे जाम और ट्रेन आवागमन के कारण आम लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। कई बार आपातकालीन सेवाएं भी जाम में फंस जाती हैं। ऐसे में इन दोनों ओवर ब्रिज का निर्माण वर्षों पुरानी मांग रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवर ब्रिज बन जाने के बाद शहर को जाम से बड़ी राहत मिलेगी, यातायात सुगम होगा और व्यापार भी तेजी पकड़ेगा। व्यापारी वर्ग और छात्र-छात्राओं में भी इस परियोजना को लेकर काफी उम्मीदें हैं। लोगों को विश्वास है कि विधायक प्रमोद सिन्हा के नेतृत्व में अब इन दोनों आरओबी परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर जल्द शुरू कराया जाएगा और रक्सौल को लंबे समय से चली आ रही इस जाम की समस्या से छुटकारा मिलेगा। वर्तमान में पूरे शहर में इन ओवर ब्रिजों के निर्माण को लेकर चचाओं का माहौल है और जनता को जल्द शिलान्यास तथा निर्माण कार्य शुरू होने की प्रतीक्षा है।



## भेलाही बाजार में आयोजित हुआ 'अभिनंदन व धन्यवाद' सभा, विधायक प्रमोद सिन्हा का भव्य स्वागत

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भेलाही बाजार में भाजपा जिला महामंत्री सह पूर्व मुखिया अजय पटेल के नेतृत्व में आयोजित ह्लअभिनंदन व धन्यवादह्ल सभा कार्यक्रम में रक्सौल विधानसभा से लगातार दूसरी बार विजयी विधायक प्रमोद सिन्हा का भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें स्थानीय छोटी बच्चियों ने 'राम आयेंगे' गीत पर मनमोहक डांस प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चियों के शानदार प्रदर्शन पर उपस्थित लोगों ने खूब तालियां बजाई और उनका उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक प्रमोद सिन्हा ने कहा कि जनता ने जो विश्वास और समर्थन दिया है, उस पर वे खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने रक्सौल क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर काम करने का भरोसा दिलाया। सभा में पश्चिमी चंपारण के सांसद संजय जायसवाल भी मौजूद रहे। उन्होंने प्रमोद सिन्हा को जीत की बधाई देते हुए कहा कि रक्सौल के विकास के लिए केंद्र सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ क्षेत्र की जनता को दिलाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और लोग लगातार जयकारों और तालियों के साथ विधायक का स्वागत करते रहे।







## मातेश्वरी विद्यापीठ मेहिया में श्रीगीताजयंती प्रतियोगिता संपन्न, पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन एक दिसंबर को

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मेहिया स्थित मातेश्वरी विद्यापीठ, बसाढ़ी रोड में श्रीगीताजयंती प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रो. बैद्यनाथ मिश्र, शंभू कमलाकर मिश्र, विजय सिंह व उत्तम कुंडू द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। इसके बाद सरस्वती सिंह द्वारा दीप-वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या किरण सागर ने मंत्रोच्चार एवं गीता-वंदना के माध्यम से आयोजन को गरिमा प्रदान की। प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक किया गया, जिसमें चित्रकला एवं श्लोक-पाठ दो वर्गों में प्रतियोगिताएँ संपन्न कराई गई। आयोजन में कुल छह अलग-अलग वर्गों के माध्यम से सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों को अवसर प्रदान किया गया। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 01 दिसंबर (सोमवार) को आयोजित होने वाले श्रीगीताजयंती पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। निर्णायक मंडली में पंडित बद्रीनाथ पांडेय, मनीषा शर्मा, जयप्रकाश गुप्ता, राजीव रंजन एवं किरण सागर शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के संचालक मंडल, पदाधिकारी, शिक्षक एवं अभिभावकों का सराहनीय योगदान रहा।



## महिला के खाते से 10 हजार रुपये गायब

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के माधोपुर शेख टोली वार्ड संख्या 7 में साइबर ठगी का नया मामला सामने आया है। स्थानीय निवासी अब्दुल्ल वहाब की पत्नी समीमा खातून के बैंक खाते से बिना अनुमति 10 हजार रुपये की निकासी कर ली गई। उन्होंने मझौलिया थानाध्यक्ष अवनीश कुमार को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और साइबर सेल की मदद से संदिग्ध ट्रांजैक्शन की ट्रैकिंग की जा रही है।

## बारात में फायरिंग करने वाले दो को पुलिस ने पकड़ा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिरिसिया थाना क्षेत्र के पटखौली गांव में शनिवार की रात बारात में वरमाला के दौरान फायरिंग करने में शामिल दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में कई मामलों के आरोपी सबेया गांव निवासी आलोक मिश्रा (37) तथा जटाशंकर मिश्रा (35) शामिल हैं। इनकी गिरफ्तारी एकरहिया चौक के समीप से की गयी। आलोक मिश्रा के पास से एक देशी कट्टा व बाइक से दो किलो 230 ग्राम गांजा जब्त हुआ है। दोनों को न्यायायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। एसडीपीओ ने बताया कि शनिवार की रात मझौलिया थाना क्षेत्र के धनकुटवा निवासी इंद्रजीत महतो के पुत्र मुन्ना कुमार की बारात सिरिसिया थाना क्षेत्र के स्व. विनोद महतो के घर आई थी। द्वार पूजा के बाद सराती और बाराती खाना खा रहे थे। पंडाल में वरमाला का कार्यक्रम चल रहा था।

## बनकटवा प्रखंड के सभी पैक्स में शुरू हुई धान की खरीद, किसानों में हर्ष

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड में नवम्बर महीने में सरकारी स्तर से धान की खरीद शुरू हो गई है । वर्तमान समय मे प्रखंड क्षेत्र के सभी पैक्सों में धान खरीद आरम्भ हुआ है।समय पर धान की खरीद आरम्भ होने से इस वर्ष किसानों को इसका लाभ मिलेगा। दरअसल अन्य वर्ष अक्टूबर महीने में धान की खरीददारी शुरू होती थी और इस समय तक अधिकांश किसान अपना धान बाजार में बेच देते थे जिस वजह से किसान इस लाभ से अछूते रह जाते थे।सहकारिता पदाधिकारी समीर कुमार ने बताया कि इस वर्ष सरकारी स्तर से धान की कीमत 2389 रुपया प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि धान अधिप्राप्ति केंद्र या पैक्स के माध्यम से धान बेचने वाले किसानों को 48 से 72 घंटे के अंदर भुगतान कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि किसान भी इस वर्ष सरकारी क्रय केंद्रों में धान बेचने में रुचि दिखा रहे हैं। धान में ज्यादा नमी नहीं हो इसका ख्याल रखेगी, पैक्स साथ ही पैक्स अध्यक्ष धान खरीदते समय ध्यान रखेंगे कि धान से कम से कम 68 प्रतिशत चावल कि मात्रा हो ।वहीं सिकरहना एसडीओ साकेत कुमार ने बताया कि किसानों को सरकारी योजना का लाभ मिले इसको लेकर सभी प्रखंडों में पैनी नजर बनाये हुए हैं। जिन किसानों को किसी भी तरह की परेशानी हो वह सीधा संपर्क करें। किसानों के साथ किसी तरह की परेशानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



## मुक्ति नारायण सिंह का अकास्मिक निधन, शोक

**कल्याणपुर (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनता दल यूनाइटेड के प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष मुक्ति नारायण सिंह की आकस्मिक निधन सोमवार को हो गया। उनके पर पूर्वी चम्पारण जिला जदयू परिवार की ओर से जिलाध्यक्ष मंजू देवी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे। श्रीमती मंजू देवी ने कहा कि वे पार्टी के प्रति समर्पित सच्चे सिपाही थे । इनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूर्णीय क्षति हुई है।जिसकी भारपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। सुख संवेदना प्रकट करने वालों में बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सह जिला के प्रभारी मंत्री सुनील कुमार,सांसद लवली आनंद,विधायक शालिनी मिश्रा, विशाल कुमार शाह,विधानपार्षद प्रो.विरेन्द्र नारायण यादव, डॉ.खालिद अनवर, पूर्व मंत्री विरेन्द्र सिंह कुशवाहा, पूर्व विधायक मोहम्मद ओबैदुल्लाह,रजिया खातून, पूर्व विधानपार्षद सतीश कुमार, वरिष्ठ जदयू नेता प्रो.दिनेश चन्द्र प्रसाद , दीपक पटेल अधिवक्ता, हिमराज राम अधिवक्ता,भरत पटेल, शंभू कुशवाहा, राजकिशोर ठाकुर, रंजन सिंह पटेल,साकेत सिंह, जिला जदयू के प्रवक्ता जन्मेजय कुमार पटेल सरपंच, संजीव श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष दिवाकर कौशिक, महानगर अध्यक्ष प्रकाश चौधरी अधिवक्ता,वरिष्ठ जदयू नेता मिथिलेश सिंह, ब्रजेश श्रीवास्तव, अमरेन्द्र सिंह, यतिन्द्र कश्यप, विनय कुमार सिंह, कविन्द्र कुशवाहा,देवेन्द्र सहनी, ब्यास प्रसाद सिंह,सरदार मंजीत सिंह, शमानंद सहनी, संजय सिंह,हाजी मोहम्मद अकिलुर्रहमान, बबन कुशवाहा, कुणाल पटेल, शकील अंसारी, दिनेश पासवान, बृजबिहारी पटेल, कैप्टन अब्दुल हमीद, परमानंद पटेल,पप्पु कुशवाहा, रोहित गिरी, सुनील सिंह, जितन पटेल, प्रमोद पासवान, विरेन्द्र राय पटेल, सचिन्द्र कुशवाहा, सुनील भूषण ठाकुर, शोभा सिंह, अनील कुशवाहा, कुणाल सिंह पटेल,अभिषेक प्रकाश रजक, अमरनाथ प्रसाद अधिवक्ता,शाहजाद खान,ई.श्यामाकांत कुशवाहा, संजय मोदी, बृजमोहन गुप्ता,रंधीर कुमार सिंह, जितेन्द्र चौधरी, संजय सिंह पटेल, डॉ खुर्शीद अजीज,सगीर अहमद, कुमार शिवशंकर,श्री सरफराज अहमद, कौशल सिंह,दिनेश गुप्ता, जितेन्द्र कुमार सिंह उर्फ चुन्नू बाबू,कबीर पटेल, असदुल्ला उर्फ बाबू साहेब, कृष्ण कांत मिश्र, अमिरूल होदा, मणी गुप्ता,इशरत जहां,लक्ष्मण पासवान,विश्वनाथ पासवान,ध्रवलाल मांझी, संजय किशोर तिवारी,सुदामा बैठा, धीरज चन्द्रवंशी,गोविन्द सिंह,डॉ .आसीफ हुसैन, ई.राजेश कुमार पाण्डेय, चन्द्र भूषण सिंह,अभय गुप्ता, गुड्डू खान,सन्नी पटेल, रमेश चंद्र मिश्र,अभिषेक राम, ज्याऊल हक, डॉ.तफ्फजुल हुसैन, सुनील पटेल, ई.राजीव कुमार सिंह, ब्रजेश पटेल, ई.रुपेश कुमार सिंह, शामिल थे।



## रबी सीजन में गेहूं बीज को किसानों की भारी भीड़

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को सुबह से सैकड़ो की संख्या में किसान बीज को लेकर किसान भवन एक पहुंच चुके थे। लेकिन वितरण की धीमी रफ्तार से किसानों को परेशानी हो रही है। किसान मिथलेश तिवारी,लालबाबू राव ,रामेश्वर साह ,जगदीश यादव, उमेश ठाकुर,गिरीश ठाकुर,अरुण कुमार, जितेंद्र साह आदि ने बताया कि वे लोग गेहूं बीज के लिए लगातार तीन दिन से किसान भवन आ रहे है,लेकिन हमें बीज नहीं मिल पा रहा है। जिसको लेकर किसानों में काफी रोष देखा जा रहा है। किसान उदासीनता का आरोप लगा रहे हैं। किसानों का कहना है कि मौजूदा समय गेहूं के बुआई को लेकर उपयुक्त समय है। ऐसे में अगर समय पर उन्हें गेहूं बीज मिल जाएगा तो उनकी खेती बेहतर होगी। वहीं दूसरी ओर प्रखंड बगहा एक के प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार का कहना है कि प्रखंड में 1380 क्विंटल गेहूं बीज वितरण का लक्ष्य है।

## 27 नवंबर तक दंपति सम्पर्क सप्ताह अभियान व 28 नवंबर से 12 दिसम्बर तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा होगा

- पूरे राज्य में जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य
- 21 नवंबर से शुरू होगा पुरुष नसबंदी पखवाड़ा

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में 21 नवंबर से पुरुष नसबंदी पखवाड़ा अभियान चल रहा है इस अभियान में 12 दिसम्बर तक विशेष अभियान के तहत योग्य चिकित्सकों के द्वारा पुरुष नसबंदी की सेवा प्रदान किया जाएगा। 21 से 27 नवंबर तक दंपत्ति सम्पर्क सप्ताह व 28 से 12 दिसम्बर तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा संपादित किया जाएगा। इसकी जानकारी डीसीएम नन्दन झा ने दी है। उन्होंने बताया की इसको लेकर राज्य द्वारा पत्र जारी किया गया है। सिविल सर्जन डॉ. रवि भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि पूरे राज्य में जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना, परिवार नियोजन कार्यक्रम अंतर्गत उपलब्ध सेवाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना तथा योग्य दंपतियों को इच्छित सेवा प्रदान करना स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है। जिसके लिए जिलास्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर राज्य स्वास्थ्य समिति के तरफ से निर्देश दिया गया है। पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के बेहतर प्रबंधन के लिए विभागों से समन्वय के लिए जिला स्तर पर बैठक का आयोजन किया जायगा। समुदाय स्तर पर आमजन को उत्प्रेरित करने में आशा, आंगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदी, विकास मित्र आदि की भागीदारी होगी। जागरूकता उत्पन्न के उद्देश्य से ई-रिक्शा बैठक की। अन्य।

**बंध्याकरण व नसबंदी कराने पर मिलेगा लाभ**

पीएसआई के जिलाप्रतिनिधि अमित कुमार ने सेवाप्रदाताओं को पखवाड़ा के दौरान दिए जाने वाले सेवाओं पर प्रशिक्षत किया साथ हीं परिवार नियोजन के साधन इन्जेक्शन अंतरा, माला एन, छाया, एवं कंडोम के उपलब्धता एवं उपयोग पर विशेष चर्चा किया साथ हीं उनके द्वारा सभी आशा फैसलीटेटर को महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी हेतु आमजनों को जागरूक लाने के लिए प्रशिक्षित किया गया ' जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीसी भारत भूषण ने बताया कि नसबंदी के लिए पुरुष लाभार्थी को 3000 रुपए एवं प्रेरक को प्रति लाभार्थी 300 रुपए प्रोत्साहन के तौर पर दिए जाने का प्रावधान है। जबकि महिला बंध्याकरण के लिए लाभार्थी को 2000 रुपए एवं प्रेरक को प्रति लाभार्थी 300 रुपए आर्थिक लाभ दी जाती है । गर्भनिरोधक के उपयोग को बढ़ाने, गर्भनिरोधक साधनों की सामुदायिक स्तर पर पहुंच सुनिश्चित करने व परिवार नियोजन के प्रति जन-जागरुकता को बढ़ाने के लिए उच्च कुल प्रजनन दर की सूची में है ।





# पंडित काशी तिवारी के जीवन का मूल मंत्र था सेवा : डा संजय जायसवाल

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोतिहारी, आदापुर विभूति पंडित काशी तिवारी की सातवां स्मृति पर्व पर उनको दी गई श्रद्धांजलि आदापुर। आदापुर विभूति पंडित काशी तिवारी सातवां स्मृति पर्व समारोह में उनको श्रद्धांजलि दी गई। आदापुर के गम्हरिया खुर्द गांव में आयोजित स्मृति दिवस समारोह को संबोधित करते हुए सांसद डा संजय जायसवाल ने कहा कि पंडित काशी तिवारी जी के जीवन का मूल मंत्र सेवा था। गांव में सड़क, बिजली, शिक्षा के लिए स्कूल का निर्माण गरीबों के इलाज के लिए अस्पताल का निर्माण उन्होंने गांव में कराया। आज हम लोग भी उनके अधूरे काम सेवा को आगे बढ़ा रहे हैं। बताया कि उनका हमारे परिवार से गहरा रिश्ता था। भाजपा के मंडल अध्यक्ष रहते हुए संगठन विस्तार और मजबूती के लिए जो उन्होंने काम किया। आदापुर क्षेत्र में भाजपा का जो विकास हुआ है उसमें उनका अमूल्य योगदान है। सांसद ने जीविका दीदियों के काम की सराहना की। महिला को सशक्त व मजबूत बनाने का काम जीविका दीदियों ने जो काम है । वह महत्वपूर्ण है। आदापुर नहर रोड से धबधबवा गम्हरियां खुरू बगही-- बख्तौरा होते हुए सिमरहिया सडक को पीडब्ल्यूडी सड़क से जोड़ा जाएगा। इसकी पहल करेंगे। इस मौके पर 14 वरीय नागरिकों को महर्षि दक्षिची सम्मान से सम्मानित किया गया। तीन जीविका दीदीयों को नारी शक्ति सम्मान तथा 10 लोगों को पंडित काफी तिवारी सेवा सम्मान से विभूषित किया गया। पूर्व उप प्रमुख राम जीवन बैठने कहा कि वे भाजपा मंडल के अध्यक्ष रहने के बाद भी सर्वदलीय नेता थे। गांव से जमींदारी प्रथा को खत्म करने और मजदूरों को सही मजदूरी मिले इसकी पहल की। पीड़ित मानवता की सेवा को सबसे बड़ा धर्म माने। उन्होंने समाज सेवा के लिए धन को कभी भी बाधक नहीं बनने दिया। अपने जीवन काल में उन्होंने बहुत सारा काम कराए जिनका लाभ आज सबलोगो को मिल रहा है। पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सुरेश प्रसाद ने कहा कि वर्ष 1990 के दौरान उनके प्रशासनिक देख रेख में बाबा सोमेश्वर नाथ मंदिर कार्यभार करीब छह माह तक संभाला। वहां पूजा पाठ चला। समारोह के अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष नीतीश पटेल ने किया। संचालन विधायक प्रतिनिधि लालाबाबू सिंह ने की। मौके पर पूर्व सरपंच हीरालाल प्रसाद कुशवाहा, पूर्व उप प्रमुख रामजीवम बैठा, रमेंद्र कुशवाहा, देवचन्द्र यादव, जितेंद्र बर्नवाल, पूर्णिमा दीदी, प्रदीप सर्राफ, दिनेश दास, संजय कुमार बर्नवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता परमानन्द प्रसाद, पूर्व भाजपा अध्यक्ष शंभू प्रसाद, सुभाष सिंह, विजय पटेल, धीरेन्द्र निराला आदि शामिल रहे।



**इनको मिला महर्षि दधीचि सम्मान**

वरीय नागरिकों वीरेंद्र राय,हरिहर साह,भागीरथ राम, जयरानी देवी, श्री राम,शरफ देव साह, माया देवी देवीलाल महतो, शिवबालक राय, चंद्रकली देवी, श्यामनंदन प्रसाद उर्फ छोटन जी विश्वनाथ राय को महर्षि दधीचि सम्मान से सम्मानित किया गया। वहीं नारी शक्ति सम्मान से जीविका दीदी कृति देवी, सुमन कुमारी, रुचि कुमारी को सम्मानित किया गया। पंडित काशी तिवारी सेवा सम्मान से भाजपा नेता बूथ अध्यक्ष रामजीवन बैठा, विंदेश्वरी कुशवाहा, महासचिव अशोक कुशवाहा व गौरी शंकर राय, अजय कुशवाह, सन्नी कुमार, संजीत कुमार, सुरेन्द्र कुमार, सखीचंद्र राम, मुन्ना गुप्ता को सम्मानित किया गया।

**समारोह में ग्रामीणों ने रखी यह मांग**

पीडब्लूडी रोड धबधाबवा से गम्हरीयां खुर्द होते हुए सेमरहिया रोड को जोड़ने , पूर्व के भांति दरभंगा से रक्सौल आने वाली सभी पैसेंजर ट्रेन को भाया सिकटा, नरकटिया गंज से भैया सिकटा रक्सौल आदापुर होते हुए परिचालन करने तथा नरकटियागंज से भाया रक्सौल पाटलिपुत्र के लिए दोपहर में एक नई इंटरसिटी चलाने की मांग की। इस पर संसद ने इस मांग पर सार्थक पहल का आश्वासन दिया। किसानों ने घोड़परास व वनबकरी से किसानों को फसल क्षति ग्रस हो रही है इससे निजात दिलाने का मांग किया।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर मेरा युवा भारत ने की पदयात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। लौह पुरुष के नाम से चर्चित सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जहानाबाद में भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मेरा युवा भारत जहानाबाद द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अस्पताल मोड़ से हुई, जहां जिला पदाधिकारी तथा घोसी के नव निर्वाचित विधायक घोषी श्री ऋतुराज कुमार, अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच), अनुमंडल पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अपर समाहर्ता-सह जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला बीस सूत्री सदस्य, निदेशक डीआरडीए, निदेशक एनईपी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, युवा अधिकारी— मेरा युवा भारत एवं जिला परियोजना पदाधिकारी नमामि गंगे सहित विभिन्न





विभागों के वरीय अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया। पदयात्रा शहर के पटना- गया मुख्य मार्ग से होते हुए गांधी मैदान पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान जिलेभर से भारी संख्या में जुटे युवाओं, छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति ने पूरे कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण बना दिया। पदयात्रा के दौरान मार्गभर राष्ट्रीय एकता, सद्भाव एवं सरदार पटेल के आदर्शों पर आधारित नारे गूंजते रहे। युवाओं ने देशभक्ति गीतों और एकता संदेशों के माध्यम से जन-जन तक राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया। गांधी मैदान में आयोजित समापन समारोह में जिलाधिकारी ने बच्चों से सरदार वल्लभभाई पटेल की जीवनी, उनके योगदान और उनके जीवन से ली जाने वाली प्रेरणाओं पर चर्चा की। इस दौरान बच्चों, अधिकारियों और उपस्थित लोगों ने बिहार को नशा-मुक्त बनाने का संकल्प लेते हुए नशा मुक्ति शपथ भी ग्रहण किया। इस दौरान विधायक ऋतुराज कुमार ने बच्चों से बातचीत करते हुए पटेल के सिद्धांतों पर चलने की अपील की और कहा कि नशा से दूर रहकर ही एक सशक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने बच्चों से यह भी कहा कि यदि आसपास कोई व्यक्ति नशे की लत में दिखे तो उससे दूरी बनाए रखें और नशा मुक्त वातावरण बनाने में सहयोग दें। मेरा युवा भारत, जहानाबाद द्वारा आयोजित यह पदयात्रा सरदार पटेल के आदर्शों— एकता, अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रप्रेम का जीवंत संदेश लेकर जिले में युवा शक्ति और जनभागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आई। इस दौरान कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों और आम नागरिकों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# वाणावर महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जहानाबाद की जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय तथा पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को वाणावर महोत्सव की आवश्यक तैयारियों की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजित की गई। इस दौरान महोत्सव के तैयारियों में जुटे संबंधित विभागों के अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा दिया गया।



पर्यटन विभाग, बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन, जहानाबाद के संयुक्त तत्वावधान में मखदुमपुर प्रखंड अंतर्गत वाणावर पहाड़ी के तलहटी में आयोजित होने वाले ''वाणावर महोत्सव, 2025'' के लिए 24 दिसम्बर, 2025 की तिथि निर्धारित है। इसके लिए समीक्षा बैठक के दौरान विभिन्न विभागों को महोत्सव के सफल संचालन हेतु बिंदुवार निर्देश दिए गए, जिसमें कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, मखदुमपुर को वाणावर महोत्सव स्थल, मंदिर तथा पूरे बराबर पहाड़ी क्षेत्र में साफ- सफाई की व्यवस्था एवं कचरा प्रबंधन का दायित्व देते हुए कार्यक्रम से पूर्व आवश्यक प्रचार- प्रसार करने का दिशा निर्देश दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी पीएचइडी को महोत्सव स्थल पर पानी तथा पूर्व से निर्मित शौचालय मरम्मती एवं अस्थाई शौचालय की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला नजारत उप समाहर्ता को इस महोत्सव के आयोजन में कलाकारों के चयन हेतु निविदा संबंधी आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को महोत्सव के संबंध में सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार करने, समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराने एवं आवश्यकतानुसार फ्लेक्स संस्थापन करने हेतु निर्देश दिया गया। विधि व्यवस्था के संधारण हेतु अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को दायित्व दिया गया। वहीं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, को रोड की मरम्मती करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान बताया गया कि स्थानीय कलाकारों को बढ़ावा देने हेतु पदाधिकारियों एवं कला विशेषज्ञों की चयन समिति गठित की गई है। चयन समिति के समक्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्थानीय प्रतिभागियों को वाणावर महोत्सव में कला प्रस्तुति का अवसर प्राप्त हो सकेगा।

# सौ वर्ष पहले हुआ था हसपुरा तालाब का निर्माण

## तालाब में क भी नहीं सुखता पानी, उद्धारक की तलाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के हसपुरा प्रखंड में कई ऐतिहासिक राज छिपे हुए हैं। यहां की प्राचीन धरोहरों का इतिहास जानने की जिज्ञासा आमजन में बनी रहती है। हसपुरा के रेफरल अस्पताल रोड पर देवी स्थान के समीप स्थिति प्राचीन तालाब का इतिहास अत्यंत रोचक है। ग्रामीण उपेंद्र खत्री व सुरेश आर्य का कहना है कि इस तालाब में पानी कभी सूखता नहीं है। तालाब की देखभाल में ग्रामीण हमेशा तत्पर रहते हैं। सावन पूर्णिमा के मौके पर विशे्ाष रूप से महिला श्रद्धालुओं की भीड़ यहां स्नान करने के लिए उमड़ती है। समय-समय पर तालाब की उड़ाही कराई जाती है परंतु इसके सुंदरीकरण की आवश्यकता है। तालाब में किनारे घाट निर्माण होने से तालाब में स्नान करना सुरक्षित हो जाएगा। पंचायत द्वारा तालाब की उड़ाही के बाद कुछ



वर्ष पूर्व घाट का निर्माण कराया गया था परंतु यह पर्याप्त नहीं है। बता दें कि तालाब कि विशेषता यह है कि इसका पानी कभी भी सूखता नहीं है। ग्रामीणों ने तालाब के संबंध में एक पौराणिक कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि लगभग 100 वर्ष पूर्व हसपुरा में अकाल का संकट मंडराने लगा था। भूख और बीमारी से ग्रामीणों की जाने जाने लगी। गांव में हाहाकार मच गया। तब एक संत के कहने पर सरोवर का निर्माण कराया गया और उसी के पास देवी मंदिर बनाया गया। इसके बाद से स्नान और पूजा का क्रम शुरू हुआ जिससे प्रकृति का स्वरूप सामान्य होने लगा। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पर्यटन विभाग इस स्थल पर ध्यान दे तो यह स्थान स्वर्ग के समान बन सकता है। यह तालाब ग्रामीणों की आस्था का केंद्र है। हसपुरा बीडीओ ने बताया कि तालाब का जीणोद्धार कराया जाएगा।

# कभी भी गिर सकता है मध्य विद्यालय मेह का छत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। बारुण प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेह का भवन इन दिनों काफी जर्जर हो चुका है। विद्यालय की छत गिरने का खतरा बना हुआ है। विद्यालय कक्ष और रसोईघर में गंभीर क्षति आई है। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक रेखा कुमारी ने बताया कि यहां कुल 283 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। विद्यालय में कुल छह कमरे हैं जिसमें से दो कमरे पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। शे्ाष चार कमरों में से एक में कार्यालय चल रहा है। जबकि तीन कमरों में पढ़ाई होती है। कक्षा दो के बच्चों को मजबूरी में बरामदे में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। दूसरे बरामदे में शिक्षकों द्वारा अवैध रूप से बाइक रखने का गैरेज बनाया गया है। कमरे की कमी के कारण कक्षा छह, सात और आठ के बच्चों को पास के उच्च माध्यमिक विद्यालय में पढ़ाई कराई जा रही है। इस स्थिति के कारण ठीक से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। बता दें कि विद्यालय में चार शौचालय हैं परंतु सभी जर्जर अवस्था में है। शौचालय के अभाव में बच्चों और शिक्षकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खे्ाल के सामान विद्यालय के कार्यालय में पड़े है परंतु खेल मैदान नहीं होने से बच्चों को खेल की शिक्षा नहीं मिल रही है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि भवन निर्माण के लिए संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखा गया है परंतु अबतक तक भवन का निर्माण नहीं कराया गया है।

# 24 वर्षों से कचरा प्रोसेसिंग प्लांट के लिए जगह खोज रहा नप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। नगर परिषद हमेशा से अपने कार्यों को लेकर सुर्खियों में रहता है। शहर की सफाई का मुद्दा हमेशा गर्म रहता है। सफाई के मामले में नगर परिषद फिसड्डी है जिस कारण शहर की गिनती गंदे शहर की सूची में है। कचरा फेंकने को लेकर हमेशा विवाद होता है। कई बार ग्रामीणों ने हंगामा किया है। इन दिनों नगर परिषद के द्वारा कचरे का उठाव शहर में सही ढंग से नहीं किया जा रहा है। कचरा निस्ताकरण के लिए जगह नहीं मिल रहा है। शहर के मोहल्लों में कचरे का ढ़ेर देखने को मिल रहा है। नगर परिषद कचरे का निस्तारण करने में अबतक असफल साबित हुआ है। बता दें कि औरंगाबाद को नगर



परिषद बने 24 वर्ष बीत गए परंतु अबतक कचरा प्रोसेसिंग प्लांट नहीं लगा है। अब तक जमीन न मिलने के कारण प्लांट नहीं लग पाया है। वर्षो से जमीन की खोज हो रही है। जमीन उपलब्ध नहीं हो रहा है। कई जगह जमीन चयनित किया गया परंतु स्थानीय ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। ग्रामीणों के विरोध के कारण अबतक प्लांट नहीं लगा है जिस कारण नप के द्वारा जहां-तहां कचड़ा फेंका जाता है। अब देखना है कि प्लांट कब तक लगता है ताकि कचड़ा को प्लांट में रखा जाए।

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

### आवश्यक सूचना, (नोटिस)

PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED

(U/s 82 of the CrPC)

FORM NO.4

WHEREAS a complaint has been made before me that Dinesh Korwa, S/o Ramdas Korwa, a resident of Bhandar Tola, Baherwadamar, P.S-Dhurki, Dist-Garhwa (name, description and address) has committed (or is suspected to have committed) the offence of Unlawful Association, Extortion, punishable under section 385 of the IPC and 17 CLA, Act, and it has been returned to a warrant of arrest thereupon issued that the said Dinesh Korwa (name) cannot be found, and whereas it has been shown to my satisfaction that the said Dinesh Korwa (name) has absconded (or is concealing himself to avoid the service of the said warrant);

Proclamation is hereby made that the said Dinesh Korwa, a resident of Bhandar Tola, Baherwadamar, P.S-Dhurki, Dist-Garhwa is required to appear at the Court of Judicial Magistrate I st class-VI, Sub-Divisional Courts, Nagar Untari, Dist-Garhwa (place) before this Court (or before me) to answer the said complaint on or before the 03rd day of January, 2026, at 11:00 am.

Dated, this 17th day of November, 2025.

Court of J.M. 1st Class Nagar Untari (Seal of the Court)

Kamlesh Behra. JM-VI, Nagar Untari. (Signature)

नाम—(1) दिनेश कोरवा, पिता—रामदास कोरवा, सा0—भण्डार, टोला—बहेरवादामर, थाना—धुरकी, जिला—गढ़वा, राज्य—झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप धुरकी थाना कांड सं0—09/2021 दिनांक—21.01.2021 धारा—385, 506, भा0द0वि0 के अप्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय श्री कमलेश बेहरा, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, नगर उँटारी, जिला—गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा दिनांक—17.11.2025 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक—19.11.2025 को आपके निवास स्थल, सा0—भण्डार, टोला—बहेरवादामर स्थित घर पर उपस्थित गवाहों एवं ग्रामिणों के समक्ष डुग—डुगी बजा कर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से फिरार चल रहे हैं। उक्त इश्तिहार में आपको दिनांक—03.01.2026 तक माननीय न्यायालय श्री कमलेश बेहरा, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, नगर उँटारी, जिला—गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक—03.01.2026 तक माननीय न्यायालय श्री कमलेश बेहरा, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, नगर उँटारी, जिला—गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 366932 Police(25-26)#D

# मिट्टी में दफन हो गया मध्य विद्यालय आलमपुर का भवन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। राज्य में भले ही शिक्षा व्यवस्था को सुधारने की बात हो रही है परंतु इसका सकारात्मक नहीं हुआ है। सदर प्रखंड के मध्य विद्यालय आलमपुर का भवन अब मिट्टी में दफन हो गया है। विद्यालय का निर्माण वर्ष 1956 में हुआ था। भवन अब पूरी तरह से खंडहर में तब्दील हो गया है। विद्यालय के पास कला मंच भवन है जहां बच्चें शिक्षा ग्रहण करते हैं। सुविधाएं और सुरक्षा के प्रति विभाग की उदासीनता से बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। सदर प्रखंड के फेसर पंचायत का यह विद्यालय अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यहां दो जर्जर भवन है जहां शिक्षण कार्य बंद कर दिया गया है। 145 छात्र-छात्राओं



को पढ़ाने के लिए कला मंच भवन में दो छोटे-छोटू कमरे हैं। कुछ बच्चे बेंच पर तो कुछ जमीन पर बैठकर शिक्षा ग्रहण करते हैं। पहले कमरे में एक से पांचवे तक के बच्चे जमीन पर और छठे से आठवे वर्ग के बच्चे दूसरे कमरे में बेंच डेस्क पर बैठकर शिक्षा ग्रहण करते हैं। इसके बावजूद विद्यालय पर न तो अधिकारियों का और न ही जनप्रतिधियों का ध्यान गया है। यहां सरकारी स्तर से एक छोटा सा कमरे का निर्माण हुआ है जिसमें कार्यालय कक्ष बनाया गया है।

# रात्रि रक्त पट्ट संग्रह अभियान के तहत फाइलेरिया की जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। रात्रि रक्त पट्ट संग्रह अभियान के तहत रेफरल अस्पताल कुटुंबा के द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन के लिए निशुल्क फाइलेरिया जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नवल किशोर सिंह ने बताया कि 24 और 25 नवंबर की रात्रि ग्राम पंचायत सूही तथा 28 और 29 नवंबर की रात्रि डुमरा पंचायत में जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया मादा क्यूलेक्स मच्छर द्वारा फैलने वाली गंभीर और दीर्घकालिक बीमारी है। इसका




परजीवी वुचेरेरिया बैनक्रॉफ्टी बिना लक्षण के शरीर में प्रवेश करता है और छह माह से पंद्रह वर्षों के भीतर किसी भी समय शरीर के अंगों को प्रभावित करता है। रात्रि रक्त पट्ट संग्रह, माइक्रोस्कोपिक जांच और समय पर इलाज ही इसका प्रभावी समाधान है। फिलहाल नाइट ब्लड सर्वे ही एक ऐसा माध्यम है जिसके जरिए फाइलेरिया के परजीवी की पहचान की जा सकती है। उन्होंने अपील किया है कि नाइट ब्लड सर्वे के दौरान जांच कराएं और लोगों को जांच के लिए प्रेरित करें।

# विश्व यादव परिषद की बैठक में शिक्षा और सामाजिक चेतना को सर्वोपरि रखने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। स्थानीय मोहल्ला नागा बिगहा में रविवार को विश्व यादव परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह 'यादव' ने की। बैठक में सामाजिक चेतना, शिक्षा के प्रसार और नई पीढ़ी को सही दिशा देने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। अध्यक्षता कर रहे संतोष कुमार सिंह ने कहा कि समाज किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि सामूहिक सहयोग और संवाद का प्रतीक होता है। समाज के विविध आयाम मनुष्य को कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों के प्रति सचेत करते हैं। उन्होंने कहा कि परिवर्तन और सामाजिक सहयोग के लिए परिषद लगातार कार्यक्रमों के माध्यम से जनमानस में चेतना का संचार कर रही है। उन्होंने यह



भी कहा कि वर्तमान समय कलम और समझ का है। कठिन परिस्थितियों में धैर्य, मुस्कुराहट और शांत प्रतिक्रिया ही व्यक्ति के सम्मान की रक्षा करती है। उन्होंने युवाओं और अभिभावकों से शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की। पूर्व मुखिया धानुक यादव ने कहा कि परिषद पूर्वाग्रह से प्रेरित किसी व्यक्ति की सहायता नहीं करेगी, लेकिन सच्चाई और न्याय के मार्ग पर चलने वालों के साथ हमेशा खड़ी रहेगी। इस अवसर पर प्रभावती राय, रघुनंदन सिंह, राजू यादव, अतुल यादव, राजकिशोर सिंह, विनोद यादव, श्यामता प्रसाद यादव, सिद्धेश्वर यादव, लवलेश यादव, रामप्रवेश यादव, धर्मेंद्र कुमार सिंह, रामजन्म सिंह, गौरीशंकर सिंह और अखिलेश भारती सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। सभी ने शिक्षा को समाज की मूल आवश्यकता बताते हुए रोटी, कपड़ा और मकान से ऊपर महत्व देने की बात कही।

कार्यक्रम का समापन प्रधानाध्यापक गौरीशंकर सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, मेदिनीनगर

### अति—अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0—DWSD/04/2025-26 (1st Call)

1. विभाग का नाम :— पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड़।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :— कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर।
3. परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट पर ऑपलोड/ डाउनलोड की तिथि/समय :— 27.11.2025 को 12:30 बजे अपराहन में।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय :— 05.12.2025 को 3:30 बजे अपराह्न् तक।
5. निविदा खोलने की अंतिम तिथि/समय :— 05.12.2025 को 04:00 बजे अपराह्न में ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :— विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से download करना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :— कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय।
8. निविदा खोलने का स्थान :— कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय।

| क्र0 सं0 | कार्य की विवरणी आँगनबाड़ी केन्द्रों में वर्षा जल संचय (Rain Water Harvesting) का कार्य। (शीर्ष जिला कल्याण विभाग, मेदिनीनगर) | आँगनबाड़ी केन्द्रों की सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | प्रखण्ड – विश्रामपुर ग्रुप संख्या – 1 | 17 अदद | 272000.00 | 5500.00 | 750.00 | 45 (पैंतालीस) दिन |
| 02 | प्रखण्ड – चैनपुर ग्रुप संख्या – 2 | 23 अदद | 368000.00 | 7500.00 | 750.00 | 45 (पैंतालीस) दिन |
| 03 | प्रखण्ड – छत्तरपुर ग्रुप संख्या – 3 | 37 अदद | 592000.00 | 12000.00 | 1250.00 | 45 (पैंतालीस) दिन |
| 04 | प्रखण्ड – मेदिनीनगर (ग्रा0) ग्रुप संख्या – 4 | 32 अदद | 512000.00 | 10500.00 | 1250.00 | 45 (पैंतालीस) दिन |
| 05 | प्रखण्ड – हैदरनगर ग्रुप संख्या – 5 | 14 अदद | 224000.00 | 5000.00 | 500.00 | 45 (पैंतालीस) दिन |
| 06 | प्रखण्ड – हरिहरगंज ग्रुप संख्या – 6 | 21 अदद | 336000.00 | 7000.00 | 750.00 | 45 (पैंतालीस) दिन |
| 07 | प्रखण्ड – हुसैनाबाद ग्रुप संख्या – 7 | 20 अदद | 320000.00 | 6500.00 | 750.00 | 45 (पैंतालीस) दिन |
| 08 | प्रखण्ड – लेस्लीगंज ग्रुप संख्या – 8 | 36 अदद | 576000.00 | 11500.00 | 1250.00 | 45 (पैंतालीस) दिन |
| 09 | प्रखण्ड – मनातू ग्रुप संख्या – 9 | 20 अदद | 320000.00 | 6500.00 | 750.00 | 45 (पैंतालीस) दिन |
| 10 | प्रखण्ड – नौडीहा बाजार ग्रुप संख्या – 10 | 20 अदद | 320000.00 | 6500.00 | 750.00 | 45 (पैंतालीस) दिन |
| 11 | प्रखण्ड – पाँकी ग्रुप संख्या – 11 | 22 अदद | 352000.00 | 7500.00 | 750.00 | 45 (पैंतालीस) दिन |
| 12 | प्रखण्ड – पाटन ग्रुप संख्या – 12 | 18 अदद | 288000.00 | 6000.00 | 750.00 | 45 (पैंतालीस) दिन |
| 13 | प्रखण्ड – तरहसी ग्रुप संख्या – 13 | 18 अदद | 288000.00 | 6000.00 | 750.00 | 45 (पैंतालीस) दिन |

**नोट**:— निविदा की शर्त्तें एवं परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से download किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,मेदिनीनगर

PR 366978 District(25-26).D

# पुरातात्विक स्थल पर शोध के लिए पहुंची विदेशी शोधार्थियों की टीम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। इंग्लैंड की राजधानी लन्दन से अनुसंधानकर्ताओं का एक दल सोमवार को जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखंड क्षेत्र के पुरातात्विक स्थल दावथू पहुंचा। विदेशी अनुसंधानकर्ताओं के दल ने यहां छठी शताब्दी के आसपास के काल के पुरातात्विक भग्नावशेषों को देखकर स्तब्ध रह गए। इंग्लैंड से आए रिसर्चर लक्ष्मी ग्रीव्स फिओना बकी, साक्षी अहलावत एवं सुष्मिता नंदिनी देवस्तू (दावथू) गांव पहुंचकर वहां पर पुरातात्विक धरोहर एवं अवशेषों का अवलोकन किया। खासकर इंग्लैंड की ग्रीव्स एवं फिओना तो गांव में सूर्य मंदिर एवं पत्थरों को तराशकर बनाए गए स्तूप को देखकर कहा कि ऐसा पुरातात्विक अवशेष अभी तक उन्होंने नहीं देखा है,यह अद्वितीय है। अनुसंधानकर्ताओं के दल के साथ चल रही लक्ष्मी ग्रीव्स ने बताया कि यहां



स्थापित मंदिर एवं अन्य पुरातात्विक अवशेष देखने से प्रतीत होता है कि यह छठी- सातवीं शताब्दी का बना हुआ है। जबकि यहां पर प्राप्त प्रतिमाएं 12वीं सदी के काल की लगती है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण पुरातात्विक धरोहर को संरक्षित करने की जरूरत है। इंग्लैंड से आए अनुसंधानकर्ताओं के दल ने कहा कि भारत भ्रमण के क्रम में उन्हें यहां आकर काफी अच्छा अनुभव हुआ है। वही टीम में शामिल साक्षी अहलावत ने बताया कि यह स्थल काफी पुरातात्विक धरोहरों का खजाना अपने अंदर समेटे हुए है। मौके पर मौजूद दावथू गांव के ग्रामीण एवं वरिष्ठ पुजारी पंडित परमानंद पाठक, श्याम नारायण सिंह आदि से अनुसंधानकर्ताओं के दल ने मंदिर के इतिहास और उससे जुड़ी तथ्यों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। टीम में मौजूद सुष्मिता नंदिनी ने कहा कि इस गांव में काफी पुरातात्विक संभावनाएं हैं। इस पर काफी अनुसंधान करने की जरूरत है। इस अवसर पर विदेशी अनुसंधानकर्ताओं के दल के आगमन की जानकारी होने पर उत्साहित स्थानीय लोगों ने इस पुरातात्विक स्थल को जल्द से जल्द पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की मांग सरकार से की है।

# स्वयंसेवकों को कचरा प्रबंधन व किचन गार्डनिंग की दी गई जानकारी

## जीडी कॉलेज में गो ग्रीन पर कार्यशाला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय।** जीडी कलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना व सेहत केंद्र के पहल पर लक्ष्य- ए सोसाइटी एनवायरनमेंट डेवलोपमेन्ट द्वारा कार्यान्वित असेंड टेलेकम्युनिशशन इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु के द्वारा गो ग्रीन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें कचरा से खाद बनाने, किचन गार्डन डेवेलप करने व प्लांट तैयार करने के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन पियर एडुकेटर सुमित कुमार ने किया वहीं धन्यवाद ज्ञापन यूनिट दो के कार्यक्रम पदाधिकारी दिनेश कुमार ने किया। कार्यशाला के दौरान लक्ष्य टीम के परियोजना प्रबंधक किरण मोय पाल, परियोजना अधिकारी विश्वजीत कुमार व परियोजना अधिकारी अदिति शेखर ने सेमिनार के दौरान कचरा से खाद बनाने, किचन गार्डन विकसित करने और पौध तैयार करने की महत्वपूर्ण तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घर व कलेज परिसर में उत्पन्न जैविक कचरे का उपयोग करके आसानी से उच्च गुणवत्ता वाली कम्पोस्ट तैयार की जा सकती है, जो मिट्टी की उपजाऊ शक्ति बढ़ाने के साथ पर्यावरण प्रदूषण को भी रोकती है। अपने घरों में छोटे-छोटे किचन गार्डन तैयार करने के तरीके बताए। साथ ही यह भी समझाया कि कैसे कम स्थान में देशी सब्जियों, औषधीय पौधों एवं फूलों की खेती कर पर्यावरण को स्वच्छ रखा जा सकता है। सेहत केंद्र की नोडल अधिकारी सह राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट एक की कार्यक्रम पदाधिकारी डा. सहर अफरोज ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। यूनिट दो के कार्यक्रम पदाधिकारी दिनेश कुमार ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि गो ग्रीन जैसी पहल युवाओं में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना मजबूत करती है। कार्यक्रम के अंत में सेहत केंद्र के पियर एडुकेटर सुमित कुमार ने सभी स्वयंसेवकों को अपने स्तर से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। इस मौके पर एम.आर.जे.डी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डा. रविन्द्र कुमार मुरारी, जी.डी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट एक के कार्यक्रम पदाधिकारी डा. सहर अफरोज, यूनिट दो के कार्यक्रम पदाधिकारी दिनेश कुमार, सेहत केंद्र के पियर एडुकेटर सुमित कुमार, अजित कुमार, नीतीश कुमार, सूरज कुमार, विक्रम राठौड़, फलक, तसनीम, महिमा, ऋतिका, गुलशन, अभिनव, कुलदीप सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद थे।

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** परम पूज्य पाद श्रीश्री बड़दा का 115 वाँ आविर्भाव दिवस का आयोजन किया गया। सोमवार को इस पावन दिवस में मुफ्त मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने मेडिकल जाँच और परामर्श का लाभ उठाया। समेडिकल कैम्प में डा. बीके तिवारी, डा. रोहित, डा. अंकित, और डा. दीपशिखा आदि ने अपना सेवा अर्पण किया। अपराह्न 2 बजे से मातृ सम्मलेन और 3 बजे से सत्संग सह नाम संकीर्तन का आयोजन आरंभ हुआ। सत्संग में वक्ता एवं सत्संग विहार बेगूसराय के इनचार्ज श्रद्धेय श्री नरेश कुमार सिंह ने बताया कि मनन करो, सत्संग का आश्रय ग्रह्ला करो।इस उत्सव में रणवीर सिंह, सुधीर कुमार, जयनारायण ठाकुर, अभिनव चौधरी, विद्यानंद पोद्दार, विकास कुमार सिन्हा, बीरेन्द्र प्रसाद, घनश्याम कुमार, निरंजन शर्मा, गोविन्द कुमार आदि उपस्थित थे।

## प्रखंड के कई विद्यालयों में शिक्षकों की कमी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के अधिकतर मध्य विद्यालयों में षष्ठ से अष्टम वर्ग तक के बच्चों को पढ़ाने के लिए विषय वार शिक्षक नहीं हैं। कहीं संस्कृत विषय के हैं तो कहीं हि्दी तो कहीं सामाजिक विज्ञान के हैं। कहीं कहीं गणित और विज्ञान विषय के शिक्षक हैं। गणित और विज्ञान विषय की पढ़ाई के लिए विशेष व्यवस्था की गयी है। इस विषय की पढ़ाई के लिए प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग विधि अपनाई जा रही है। इसके लिए इस विषय के शिक्षकों को प्रशिक्षण के माध्यम से दक्ष बनाया जा रहा है। पिछले दिनों प्रखंड स्तर पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का भी आयोजन किया गया है। इसमें प्रधानाध्यापक और गणित विज्ञान विषय के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। यहां प्रश्न उठता है कि जिस विद्यालय में गणित और विज्ञान के शिक्षक हैं वहां तो इस विधि से पढ़ाई की जा रही है किन्तु जहां इन विषयों के शिक्षक नहीं हैं वहां क्या होगा। बच्चे कैसे प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग के माध्यम से तकनीक अपनाएंगे। ऐसा कहना मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापकों का है। प्रखंड के अनेकों मध्य विद्यालयों में गणित-विज्ञान के पद खाली पड़े हैं। इतना ही नहीं स्नातक ग्रेड के हि्दी, संस्कृत, अंग्रेजी सहित अन्य शिक्षकों की भी भारी कमी है। इससे एक ओर विद्यालय संचालन की समस्या उत्पन्न होती है। वहीं स्नातक शिक्षकों के नहीं रहने से पठन पाठन की समस्या उत्पन्न होती है। मध्य विद्यालय नावकोठी, कन्या नावकोठी, रजाकपुर, उत्क्रमित मध्य नीरपुर, गरही, हसनपुर बागर में स्नातक ग्रेड के गणित विज्ञान विषय के शिक्षक नहीं रहने से षष्ठ से अष्टम वर्ग तक के बच्चों के पठन पाठन में कठिनाई होती है। प्रधानाध्यापक राजेश कुमार, विभाकर कुमार, अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि पीबीएल बच्चों के लर्निंग की उत्तम विधि है किन्तु शिक्षक नहीं रहने के कारण एक से पांच वर्ग तक के शिक्षकों से इन बच्चों की पढ़ाई होती है। इधर सिया लषण मध्य विद्यालय समसा के प्रधानाध्यापक मंटून महतो ने बताया कि एक गणित विज्ञान विषय के शिक्षक हैं। इस स्कूल में षष्ठ से अष्टम वर्ग तक के तीन वर्गों के लिए छह सेक्शन में पढ़ाने के मात्र एक शिक्षक हैं जो गणित और विज्ञान दोनों विषयों के पढ़ाने के लिए हैं। छह सेक्शनों में बारह घंटी गणित और विज्ञान विषय की पढ़ाई में भारी कठिनाई होती है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय हसनपुर बागर की प्रभारी प्रधानाध्यापिका कंचन कुमारी ने बताया कि पीबीएल बच्चों की लर्निंग की अच्छी व्यवस्था है। यह बच्चों में खोजी कौशल, समस्या-समाधान और निर्णय लेने जैसे कौशल विकसित करने में मदद करता है। इससे वे ज्ञान और कौशल को बेहतर ढंग से समझते और लागू कर पाते हैं। इस दृष्टिकोण में, छात्र सिर्फ जानकारी याद करने के बजाय, उसे वास्तविक जीवन की स्थितियों में इस्तेमाल करना सीखते हैं। छात्रों को ऐसी परियोजनाएं दी जाती हैं जो वास्तविक दुनिया की समस्याओं और चुनौतियों से संबंधित होती हैं। छात्र अक्सर समूहों में काम करते हैं, जिससे सहयोग, संचार और नेतृत्व जैसे सामाजिक-भावनात्मक कौशल विकसित होते हैं। ऐसी स्थिति में बिना शिक्षक के यह नयी व्यवस्था में कठिनाई होती है।

# सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च का आयोजन

### जिला प्रशासन अररिया एवं मेरा युवा भारत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अररिया।** जिले में पदयात्रा का आयोजन अररिया कालेज से +2 राजकीय उच्च विद्यालय, अररिया (चांदनी चौक) तक किया गया। इससे पूर्व का पदयात्रा का शुभारंभ सांसद, अररिया प्रदीप कुमार सिंह, जिला पदाधिकारी अररिया अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक अररिया अंजनी कुमार, एसएससी कमांडेंट महेन्द्र प्रताप, माननीय विधायक नरपतगंज देवंती यादव, जिला युवा अधिकारी अंजाम कुमार सहित उपस्थित अन्य माननीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों द्वारा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही कार्यक्रम में सांसद, जिला पदाधिकारी अररिया सहित अन्य उपस्थित अतिथियों को शॉल एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर सांसद द्वारा अपने संबोधन में समाज में एकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि अररिया में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह भारत सरकार और माई भारत की पहल है, जो भारतीय एकता व अखंडता के सूत्रधार लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है। इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है। जिला युवा अधिकारी द्वारा बताया गया कि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के माय भारत के तहत सरदार अ150 पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस पदयात्रा का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना है।

# मैट्रिक पंजीयन-अनुमति आवेदन का समय बढ़ा

**राहत**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने वार्षिक माध्यमिक परीक्ष में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए विलंब शुल्क के साथ पंजीयन-अनुमति आवेदन भरने की तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी 24 नवंबर से आठ दिसंबर तक अनलाइन पंजीयन आवेदन भर सकते हैं। इससे पहले अंतिम तिथि 23 नवंबर निर्धारित थी। बोर्ड ने कहा कि माध्यमिक स्तर के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा नौवीं में नामांकित नियमित रूप से अध्ययन कर रहे और स्वतंत्र कोटि के विद्यार्थी समिति की वेबसाइट पर जाकर आवेदन भर सकते हैं। विलंब शुल्क छह दिसंबर तक जमा किए जाएंगे। बोर्ड ने कहा कि उनकी विवरणी परिशुद्धता एवं सत्यापन के लिए पहले से भरा हुआ घोषणापत्र डाउनलोड कर विद्यार्थी, माता-पिता, अभिभावक एवं शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा हस्ताक्षर के बाद समिति के पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करना होगा।

## वीरपुर में तीन वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**वीरपुर।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से वीरपुर पुलिस ने सोमवार को तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए बेगूसराय न्यायालय भेज दिया जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के बरैपुरा गांव निवासी रामप्रताप पासवान के पुत्र महेश पासवान थाना कांड संख्या 62/24 एवं पानापुर वार्ड संख्या 2 गांव निवासी अरविंद सिंह के पुत्र शिबू सिंह थाना कांड संख्या 215᠎25 और सहूरी गांव वार्ड संख्या 4 निवासी स्व दामोदर सहनी के पुत्र धर्मेंद्र सहनी थाना कांड संख्या 13/25 के तहत नामजद अभियुक्त थे।

# भिखारी ठाकुर साहित्य शिखर सम्मान से सम्मानित किए गए कुमार अजय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुरी साहित्य सम्मेलन तथा हबीब भोजपुरी विकास मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भोजपुरी प्रतिभा सम्मान सह कवि सम्मेलन पर भोजपुरी के गीतकार व कहानीकार कुमार अजय सिंह को 'भिखारी ठाकुर साहित्य शिखर सम्मान' से एमएम कालोनी, ब्रह्मपुर (छपरा) में सम्मानित किया गया। यह सम्मान कुमार अजय सिंह के द्वारा लिखे गए पुस्तक भोजपुरी नवग्रह चेतना पर दिया गया। जो अध्यात्म एवं भक्ति पक्ष के एक नया विषय पर आधारित है। समीक्षा करते हुए विद्वान एवं शायर डॉ जौहर शफियावादी ने बताया कि भोजपुरी नवग्रह चेतना पुस्तक से भोजपुरी जगत का जो सम्मान बढ़ा है। यह सिलेबस में लगने के लिए लेखक द्वारा रचित अपने आप में एक ऐतिहासिक पहल है। यह पुस्तक अब तक भोजपुरी में छुटे हुए विषय को पूरा कर दिया है। यह पुस्तक भोजपुरी साहित्य को अंधेरा से उजाले कि ओर ले जाने के लिए ज्योति का काम करेगा उद्घाटन एमएलसी बीरेंद्र यादव, विश्व भोजपुरी साहित्य सम्मेलन बिहार के अध्यक्ष प्रो गुरुचरण सिंह, साहित्यकार ब्रजेंद्र सिन्हा ने भोजपुरी भाषा के विकास करने के प्रति अपने बातों को रखा। संचालन एवं अतिथियों का स्वागत ऐनुल बरौलवी साहित्यकार ने किया। मौके पर आचार्य शुभ नारायण सिंह शुभ जिनका लिखा हुआ पुस्तक भोजपुरी साहित्य के इतिहास का विमोचन हुआ। कार्यक्रम में भाग लेने वालो में कथाकार कृष्ण कुमार भोजपुरी, राज्य संदेश लखनऊ के संपादक डॉ जनार्दन सिंह, कृष्णेंदु जी, दिवाकर उपाध्याय समेत अन्य साहित्यकारों ने भाग लिया।




## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।

दूरभाष सं०–(जिला भू–अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

### NH-75 (Section-II) कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण परियोजना अन्तर्गत

### नोटिस

मुआवजा राशि का प्रकार :– जमीन/मकान/संरचना का मुआवजा।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि अर्जन वाद में आपको हितबद्ध व्यक्ति समझा गया है। परन्तु आपके द्वारा आजतक अधिग्रहित भूमि से संबंधित दस्तावेज एवं वैद्य रैयती प्रमाण पत्र यथा (बंध पत्र, शपथ पत्र, निबंधित केवाला, अद्यतन लगान रसीद, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, बंटवारा/आपसी सहमति, पासपोर्ट आकार का दो फोटोग्राफ, भू–धारण प्रमाण पत्र एवं वंशावली अंचल द्वारा निर्गत) दस्तावेज के साथ दावा पत्र जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू को उपलब्ध नहीं कराया गया है।

अतः आपको अंतिम रूप से स्मारित किया जा रहा है कि आप अपना मुआवजा भुगतान लेने हेतु अधिग्रहित भूमि से संबंधित उपरोक्त वैध दस्तावेज के साथ दावा पत्र जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में 15 दिनों के अन्दर जमा करें। मुआवजा भुगतान हेतु दावा पत्र निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत नहीं किये जाने पर यह समझा जाएगा की आपको मुआवजा प्राप्त करने में कोई अभिरूचि नहीं है। अन्यथा मुआवजा की राशि L.A. कोर्ट में संदर्भित कर दी जाएगी।

**अधिग्रहीत भूमि का विवरण।**

| अंचल का नाम | भू–अर्जन वाद सं० | ग्राम का नाम | एवार्ड सं० | खाता नं० | प्लॉट नं० | रकबा (ए० में) | रैयत/एवार्डी एवं पिता/पति का नाम | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | 5 | 1 | 126 | 0.1094 | ओकिन्द्र साव, पिता स्व० रामप्रसाद साव | 3,48,515.58 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | 10 | 39 | 344/P | 0.0700 | खिरोध महतो वो लगु महतो, पिता स्व० कलटु महतो | 2,22,999.00 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | 12 | 92 | 52/P | 0.1230 | 1. गोरखनाथ चौधरी, पिता रामबेलास चौधरी, पिता मुनेश्वर चौधरी | 3,91,841.10 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | | 92 | 52/P | | 2. अज्ञात | |
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | 32 | 2 | 46/P | 0.3290 | 1. रामकेवल चौधरी, पिता मोहर चौधरी | 10,48,095.30 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | | 2 | 46/P | | 2. लालमोहन प्रसाद वो प्यारे मोहन प्रसाद वो मनमोहन प्रसाद वो हरिमोहन प्रसाद वो वृजमोहन प्रसाद, पिता गया प्रसाद | |
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | | 2 | 46/P | | 3. रिता देवी, पति कन्हाई चौधरी | |
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | | 2 | 46/P | | 4. उपनेती देवी, पति राजेन्द्र राम | |
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | 37 | 30 | 341/P | 0.0505 | लईची साव, पिता स्व० दुरूप साव | 1,60,877.85 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | 40 | 1 | 343 | 0.3335 | लालमोहन प्रसाद वो प्यारे मोहन प्रसाद वो मनमोहन प्रसाद वो हरिमोहन प्रसाद वो वृजमोहन प्रसाद पिता गया प्रसाद | 10,62,430.95 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | | 1 | 785 | 0.2080 | तदैव | 6,62,625.60 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | | 1 | 336 | 0.0054 | तदैव | 17,202.78 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | | 9 | 105 | 0.6429 | तदैव | 20,48,086.53 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | | 69 | 337 | 0.0069 | तदैव | 21,981.33 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | | 69 | 338 | 0.0212 | तदैव | 67,536.84 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | 49 | 85 | 786 | 0.2819 | अज्ञात | 8,98,048.83 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | 53 | 35 | 85/P | 0.0074 | अज्ञात | 23,574.18 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | 60 | 51 | 134/P | 0.0431 | अज्ञात | 1,37,303.67 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | 62 | 69 | 94/P | 0.0224 | अज्ञात | 71,359.68 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | 15 | 120 | 787/P | 0.0164 | झुलर महतो, पिता बुधन महतो, द्वारिका महतो, बलजोरी महतो वो मदु महतो, पिता किशुन महतो | 52,245.48 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | 27 | 98 | 142 | 0.0763 | विनोद चौधरी, पिता जोधन चौधरी | 2,43,068.91 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | | 111 | 175 | 0.0155 | तदैव | 49,378.35 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | 35 | 120 | 787/P | 0.0375 | रामप्यारी साहु वो रामविलास साहु पिता स्व0 नन्हक साहु | 1,19,463.75 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | 50 | 111 | 55/P | 0.0422 | अज्ञात से ज्ञात अशर्फी देवी, पति जयलाल चौधरी | 1,34,436.54 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | 57 | 48 | 157/P | 0.0250 | अज्ञात से ज्ञात श्याम लाल चौधरी, पिता घरभरन चौधरी | 79,642.50 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | 58 | 48 | 157/P | 0.0200 | अज्ञात से ज्ञात श्याम लाल चौधरी, पिता घरभरन चौधरी | 63,714.00 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | खामडीह | 61 | 66 | 129/P | 0.0222 | अज्ञात | 70,722.54 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | नावाडीह | 12 | 4 | 215/P | 0.6102 | अज्ञात | 17,25,505.25 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | नावाडीह | 11 | 12 | 195 | 0.2550 | अज्ञात | 7,21,081.35 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | 19 | 61 | 636 | 0.0089 | धानीदेवी पति रामवृक्ष महतों जाति कोइरी निवासी निज ग्राम | 58,456.98 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 61 | 639 | 0.0700 | तदैव | 4,59,774.00 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | 20 | 109 | 1804 | 0.0659 | पतिया देवी पति गणेश यादव एवं अन्य | 4,32,844.38 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | 35 | 143 | 1017 | 0.0180 | राजकुमार वो सुग्रीम महतो वो चन्द्रेश महतो पिता दशइ महतो वो पुनादेवी वो जयमतिदेवी वो सुमन्तीदेवी वो कालोदेवी वो चन्द्रवतीदेवी पिता दसइ महतो वो नान्हु महतो पिता छकू महतो वो रामवृक्ष महतो वो सुर्यनाथ महतो उर्फ देवइ महतो वो जयश्री महतो वो वनारसी महतो वो मदनमोहन महतो पिता कौलेश्वर महतो जाति कोइरी निवासी निज ग्राम | 1,18,227.60 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 143 | 628 | 0.0840 | तदैव | 5,51,728.80 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 143 | 629 | 0.0324 | तदैव | 2,12,809.68 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | 39 | 156 | 627 | 0.0635 | रामवृक्ष महतो पिता कौलेशर महतो जाति कोइरी निवासी निज ग्राम | 4,17,080.70 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 156 | 646 | 0.0098 | तदैव | 64,368.36 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | 40 | 159 | 638 | 0.1618 | रामवृक्ष महतो वो देवइ उर्फ सूर्यनाथ महतो वो जयश्री महतो वो वनारसी महतो वो मदनमोहन महतो पिता कौलेशर महतो अश समान जाति कोइरी निवासी निज ग्राम एवं अन्य | 10,62,734.76 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | 41 | 159 | 641 | 0.1843 | रामवृक्ष महतो वो देवइ उर्फ सूर्यनाथ महतो वो जयश्री महतो वो वनारसी महतो वो मदनमोहन महतो पिता कौलेशर महतो अश समान जाति कोइरी निवासी निज ग्राम | 12,10,519.26 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 159 | 644 | 0.3844 | तदैव | 25,24,816.08 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 159 | 1841 | 0.4700 | तदैव | 30,87,054.00 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 160 | 952 | 0.0981 | तदैव | 6,44,340.42 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 160 | 938 | 0.1203 | तदैव | 7,90,154.46 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 160 | 1808 | 0.5821 | तदैव | 38,23,349.22 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | 60 | 146 | 951 | 0.2500 | राधा साह पिता हरीचरण साह 1 अंश वो गोपाल साह पिता भुनेश्वर साह 1 अंश जाति तेली निवासी सतबरवा | 16,42,050.00 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | 3 | 12 | 761 | 0.2107 | कौलेश्वर महतो पिता सिधारी महतो जाति कोइरी निवासी निज ग्राम | 13,83,919.74 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 12 | 1786 | 0.0205 | तदैव | 1,34,648.10 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | 4 | 14 | 1827 | 0.2900 | कौलेश्वर महतो वो पांचू महतो वां रघु महतो वो धनु महतो वो मनु महतो पिता सिधारी महतो 15 अंश समान वो सीताराम महतो पिता लालजी महतो 1 अंश वो तपसी महतो वो महादेव महतो पिता देवा महतो 2 अंश समान वो सुग्रीम महतो वो बालकेश्वर महतो वो सीताराम महतो वो अमरदयील महतो पिता बुधु महतो 3 अंश समान जाति कोइरी निवासी निज ग्राम | 19,04,778.00 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 14 | 1828 | 0.1136 | तदैव | 7,46,147.52 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 14 | 1829 | 0.0620 | तदैव | 4,07,228.40 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 15 | 824 | 0.0486 | तदैव | 3,19,214.52 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 15 | 823 | 0.0254 | तदैव | 1,66,832.28 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 15 | 822 | 0.0536 | तदैव | 3,52,055.52 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | 7 | 23 | 642 | 0.1717 | चामु महतों पिता डोमन महतों जाति कोइरी निवासी निज ग्राम | 11,27,759.94 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 23 | 949 | 0.0479 | तदैव | 3,14,616.78 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 23 | 763 | 0.0173 | तदैव | 1,13,629.86 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 23 | 813 | 0.1749 | तदैव | 11,48,778.18 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 23 | 1806 | 0.2320 | तदैव | 15,23,822.40 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 23 | 893 | 0.0173 | तदैव | 1,13,629.86 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | 14 | 35 | 826 | 0.1902 | जीतन वैगा पिता अविलाख वैगा 1 अंश वो हीरू सिंह पिता रघु वैगा 1 अंश वो छठु सिंह वो विश्वनाथ सिंह पिता प्रताप सिंह 1 अंश सामान वो सोमर सिंह वो ठेधु सिंह पिता तुसा खरवार 1 अंश समान जाति खरवार निवासी निज ग्राम | 12,49,271.64 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | 26 | 89 | 856 | 0.2115 | बालकचंद साहु दुर्खइ साहु 8 अंश वो फुटोदेवी वो कैलीदूवी पिता दुर्खइ साहु 4 अंश समान वो देवनंदन साहु वो केशवर साहु वो गणेश्वर साहु वो पुरन साहु वो रामस्वरूप साहु पिता शिचरण साहु 60 अंश समान वो सरजू साहु वो बिन्दू साहु पिता रामनंदन साहु 10 अंश समान वा जपलीदेवी वो नेफरीदेवी पिता रामनेंदन साहु 2 अंश समान जाति तेली निवासी कसियाडीह | 13,89,174.30 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 89 | 853 | 0.0622 | तदैव | 4,08,542.04 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 89 | 850 | 0.0953 | तदैव | 6,25,949.46 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | 36 | 147 | 981 | 0.0067 | रामदेव यादव वो बंधन यादव पिता भीखर यादव | 44,006.94 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | 38 | 155 | 764 | 0.1546 | रामवृक्ष साहु वो अमरजीत साहु पिता रामदेव साहु अंश समान वो छत्रधारी साहु वो निहारा साहु वो प्रयाग वो बीरबल पिता रघुनंदन साहु 1 अंश समान वो जगधर साहु पिता महगु साहु 1 अंश जाति तेली निवासी कसियाडीह | 10,15,443.72 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | 46 | 168 | 931 | 0.0113 | लोधर उरॉव वो धनी उरॉव वो बच्चु उरॉव पिता एता उरॉव 1 अंश समान वो तुलसी उरॉव वो जमुना उरॉव पिता जीतन उरॉव 1 अंश समान जाति उरॉव निवासी निज ग्राम | 74,220.66 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 168 | 930 | 0.0017 | तदैव | 11,165.94 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | 47 | 169 | 762 | 0.0600 | लोधर उरॉव वो धनी उरॉव वो बचु उरॉव पिता एता उरॉव 3 अंश समान वो जगत वो झरी पिता हलकन 2 अंश समान वो लच्छावा वो लक्ष्मीपिया पिता नेकू उरॉव 1 अंश समान वो तुलसी उरॉव वो जमुना उरॉव पिता जीतन उरॉव 6 अंश समान वो बालसुन्दर वो रामवृक्ष पिता चमरू 3 अंश समान वो विनधेशर वो महेशर पिता माना 3 अंश समान वो लालजी वो रामजी वो गजन पिता लोटन 3 अंश समान वो भीकवादेवी पिता देवा उरॉव 3 अंश वो बखोरी उरॉव पिता माहवीर उरॉव 6 अंश वो हलखोरी उरॉव पिता हरवंश उरॉव 6 अंश जाति उरॉव निवासी निज ग्राम टोला परसही | 3,94,092.00 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 169 | 965 | 0.2900 | तदैव | 19,04,778.00 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 169 | 756 | 0.0835 | तदैव | 5,48,444.70 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 169 | 757 | 0.0850 | तदैव | 5,58,297.00 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 169 | 758 | 0.0598 | तदैव | 3,92,778.36 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | 61 | 195 | 964 | 0.1885 | हरिचरण सिंह वो मन्दु सिंह पिता किनु 4 अंश समान वो परमेश्वर सिंह वो रमेश्वर सिंह वा सोहराइ सिंह पिता टीपु सिंह 2 अंश समान वो रोइनीदेवी वो मोधवादेवी पिता भैरो सिंह 6 अंश समान वो मुसमात जसमतीया पति हरदयाल सिंह 3 अंश वो बीगु सिंह पिता रामधन सिंह 3 अंश जाति खरवार निवासी निज ग्राम | 12,38,105.70 |
| सतबरवा | 04/2022-23 | पिपराकला | | 195 | 626 | 0.0056 | तदैव | 36,781.92 |

ह०/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू।

PR 366898 (District) 25-26 (D)

# वेधशाला व म्यूजियम बनाने को लेकर संयुक्त सचिव एवं निदेशक ने किया स्थल निरीक्षण

## खगोलविद् आर्यभट्ट की कर्मभूमि है मसौढ़ी का तारेगना

शशि तुलस्यान / नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** महान खगोलविद आर्यभट्ट की कर्मभूमि रही मसौढी का तारेगना जहां कभी आर्यभट्ट अपने शिष्यों के साथ तारों की गणना करते थे। जिसके कारण उस स्थान का नाम तारेगना पड़ा था। आज एक बार फिर तारेगना चर्चा में है। दरअसल सोमवार को विज्ञान एवं प्रवैधिकी तकनीकी शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव सिद्धार्थ कुमार एवं विज्ञान प्रोधोगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक मंजीत कुमार अपनी पूरी टीम के साथ तारेगना गांव में पहुंचे, मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, बीडीओ प्रभाकर कुमार, अंचलाधिकारी प्रभात रंजन समेत कई अन्य पदाधिकारी भी शामिल रहे। स्थल निरीक्षण करते हुए विज्ञान एवं प्रवैधिकी विभाग के संयुक्त सचिव सिद्धार्थ कुमार ने कहा की सबसे पहले इसका पूरा नक्शा तैयार किया जाएगा और एक खाता बनाते हुए पूरी जमीन की सर्वे की जाएगी जितनी जमीन की जरूरत पड़ेगी उस हिसाब से सरकार को रिपोर्ट की जाएगी, इसके अलावा अंचलाधिकारी को भी कई दिशा निर्देश दिए गए हैं जमीन का पूरा ब्योरा के साथ रिपोर्ट सबमिट करने को कहा गया है। वहीं सूचना एवं प्रवैधिकी विभाग के निदेशक मनजीत कुमार ने बताया कि यह विभागीय तौर पर स्थल का निरीक्षण किया जा रहा है यहां पर सरकार के निर्देशानुसार वेधशाला या फिर म्यूजियम बनाने का प्रस्ताव है इसको लेकर स्थल को चिन्हित किया जा रहा है। गौरतलब है कि वेधशाला निर्माण की मांग को लेकर पहले से ही तारेगना के तकरीबन आठ किसानों ने दो एकड़ भूमि सतत लीज पर सरकार को दी है लेकिन अभी तक उन सबो का भुगतान लंबित है और लगातार किसान इस दिशा में मांग भी कर रहे हैं। बहरहाल सोमवार को हुए स्थल निरीक्षण से एक बार फिर से मसौढीवासियों को उम्मीद जग गई है कि आर्यभट्ट की कर्मभूमि रही तारेगना में इस बार सरकार की ओर से वेधशाला या फिर म्यूजियम निर्माण कार्य होगा। मौके पर आर्यभट्ट चेतना मंच के राष्ट्रीय संयोजक डॉ सुनील गावस्कर, नवल भारती समेत कई लोग शामिल रहे।



# धनरूआ के नौरंगाबाद से मिर्जाचक तक तकरीबन 30 बिजली पोलों का चोरों ने काटा तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ में एक बार फिर से बिजली पोल से तारकटवा गिरोह का आतंक दिखने लगा है। दरअसल बीते रात धनरूआ थाना क्षेत्र के नौरंगाबाद से मिर्ज़ाचक तकरीबन 30 बिजली पोल के तार चोरों ने काट लिया है। जिससे 60 बीघा की जो फसल की पटवन होती थी उससे किसान परेशान हो गए हैं। यहां तक की राजकीय बुनियादी नौरंगाबाद विद्यालय भी अंधकार में है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बीते रात को तकरीबन 30 से अधिक बिजली के पोल के तार काट लिए हैं यह बिजली पोल कृषि फीडर से संबंधित था और विद्यालय में इसी से बिजली गई हुई थी। मिर्ज़ाचक गांव के विनोद सिंह, राकेश कुमार, विनय सिंह, कमलेश सिंह, सुजय सिंह आदि ने बिजली विभाग से गुहार लगाई है कि जल्द ही इस क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल करवायी जाये ताकी खेती प्रभावित न हो सके। वहीं इस मामले में धनरूआ के बिजली सहायक अभियंता पीयूष कुमार से बात की गई। उन्होंने बताया कि सूचना स्थानीय लोगों ने दी है पूरी जांच पड़ताल की जा रही है।



# भोजपुर में रजिस्ट्री शुल्क बढ़ने की संभावना

**आरा।** भोजपुर जिले में जमीन का रजिस्ट्री शुल्क जल्द ही बढ़ने वाला है। इसे लेकर सर्वे का कार्य निबंधन विभाग के द्वारा शुरू कर दिया गया है। सर्वे पूरा होते ही जिला मुख्यालय से जिला मूल्यांकन समिति इसका प्रस्ताव राज्य मुख्यालय को भेजेगी। इसके बाद दिसंबर या इस वित्तीय वर्ष में विभाग द्वारा मूल्य बढ़ाए जाने की संभावनाएं हैं। नई व्यवस्था लागू होने के बाद जमीन की खरीद-बिक्री महंगी हो जाएगी। विधानसभा का चुनाव संपन्न होने के बाद निबंधन विभाग जमीन का मिनिमम वैल्यू रजिस्टर अर्थात न्यूनतम मूल्य पणजी (एमवीआर) में बढ़ोतरी करने की तैयारी कर रहा है। इसे लेकर राज्य मुख्यालय से जिला मुख्यालय को हरी झंडी मिल चुकी है। राज्य मुख्यालय से हरी झंडी मिलने के बाद एक सप्ताह से जिले में सर्वे का कार्य शुरू हो चुका है। जमीन निबंधन कराने के दौरान जमीन जांच के क्रम में जहां भी पदाधिकारी और कर्मचारी जा रहे हैं वहां एक फार्म विभाग से मिला है जिसे लेकर जा रहे हैं।

# भदौरा पैक्स की प्रबंध कार्यकारिणी समिति भंग, प्रशासक की नियुक्ति का आदेश जारी

### प्रबंध समिति के अधिकांश सदस्यों ने जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना के समक्ष दिया था त्यागपत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी के नगर परिषद भदौरा पैक्स के प्रबंध कार्य समिति को भंग कर दिया गया है। इसके साथ ही संयुक्त निबंधक संतोष झा ने जिला सहकारिता प्राधिकारी को कार्य संचालन के लिए प्रशासक नियुक्त करने का आदेश जारी कर दिया गया है। दरअसल प्रबंधकारिणी सदस्य आर्यन वर्मा, भदौरा, एवं अन्य 05 प्रबंधकारिणी सदस्य, भदौरा नगर परिषद, पैक्स द्वारा दिनांक 13.10.2025 को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में एक आवेदन दिया गया कि पैक्स चुनाव के तुरन्त बाद अध्यक्ष, भदौरा नगर परिषद पैक्स अभद्र व्यवहार, भ्रष्ट आचरण में लिप्त हो गए है। उन्होने प्रबंध समिति के सदस्यों पर पैक्स के मामलों में गलत और गैर कानूनी फैसले लेने के लिए दबाव बनाने की भी कोशिश की। अध्यक्ष के ऐसे अवैध आचरण के कारण प्रबंध समिति के अधिकांश सदस्यों (दस में से छह) ने जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना के समक्ष अपना त्यागपत्र दे दिया। जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना ने अधिनियम की धारा-41 (5) के तहत कार्रवाई न करते हुए सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, मसौढ़ी अंचल, मसौढ़ी को प्रबंध समिति की बैठक आहुत करने का निर्देश जारी किया। जिसके अनुपालन में सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, मसौढ़ी अंचल, मसौढ़ी द्वारा भदौरा नगर परिषद पैक्स के प्रबंध समिति की बैठक दिनांक 27.09.2025 को बुलायी गयी परन्तु कोरम के अभाव में बैठक स्थगित कर दी गयी। जिससे पुष्टि होती है कि भदौरा नगर परिषद पैक्स, प्रखंड-मसौढ़ी, जिला-पटना के प्रबंधकारिणी सनिति के 06 सदस्यों के द्वारा त्याग पत्र देने के कारण प्रबंध समिति अल्पमत में है।आवेदन के साथ उक्त पैक्स के प्रबंधकारिणी के 06 सदस्यों जिसमें-आर्यन वर्मा, रंजन पंडित, तन्नू देवी, तेतरी देवी, प्रमिला देवी, रामेश्वर रविदास, के द्वारा समिति के प्रबंधकारिणी से दिया गया त्याग पत्र, कार्यपालक दंडाधिकारी, मसौढ़ी के समक्ष दिया गया।गौरतलब है की प्रबंधकारिणी के अल्पमत में आ जाने के कारण आवेदकगण द्वारा भदौरा नगर परिषद पैक्स के प्रबंधकारिणी समिति को बिहार सहकारी समिति अधिनियम, 1935 की धारा-41 (5) (थ) । ८ के तहत भंग करते हुए प्रशासक की नियुक्ति करने का आदेश जारी कर दिया गया है।

# मसौढ़ी मेन रोड स्थित निर्माणाधीन आरोबी पुल के नीचे लगे अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में बन रहे आरोबी के निर्माण कार्य के दौरान पुल के निचे अवैध रूप से फल मंडी, एवं कई दुकान बना लिये गये है जिसके कारण पुल निर्माण कार्य करने मे मे कर्मचारियों को फजीहत झेलनी पड रही है। ऐसें में अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर सोमवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया, जहां नगर परिषद की पूरी टीम मेंन रोड में अधिकरण हटाओ अभियान चला कर पुल के नीचे लगाए हुए दर्जनों ठेला पर बेच रहे फल दुकान को हटाया गया है और और कई ठेला को जब्त करते हुए नगर परिषद कार्यालय जमा की गई। ऐसें में सबों से 10,500 की राशी वसूली गई है। इसके साथ ही चेतावनी दी गई है कि अगर फिर दोबारा पुल के नीचे किसी भी तरह की दुकान लगाएंगे तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। दरअसल बताया जाता है की बन रहे आरोबी के दौरान कोई घटना ना घटे किसी को हानि ना पहुंचे, उसको लेकर बिहार राज्य पुल निगम के द्वारा जगह-जगह पर सूचना पट लगाया गया हैं जहां पर बड़े एवं छोटे वाहनों को प्रवेश निषेध किया गया है। बावजूद मसौढी बाजार में टेंपो ई रिक्शा, ठेला चालक के अलावा पुल के आसपास में अवैध रूप से फल मंडी एवं कई दुकानें भी लग गई है। ऐसे में निर्माण कार्य में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसको लेकर सोमवार को एसडीएम के निर्देश पर नगर परिषद की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर सभी अस्थाई दुकानों को हटाया गया है और जुर्माना राशिद की गई है इस मौके पर टैक्स दारोगा अंजनी कुमार गौतम, अमीन रामाधार कुमार यादव ,राहुल आनंद स्वच्छता कर्मचारियों के साथ मसौढ़ी पुलिस बल की टीम शामिल रही।




# कृषि शोध की जननी है पूसा की धरती : डा. संजय कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिले के पूसा स्थित डा. राजेंद्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय मे आज से नये आगंतुक विधार्थियों के लिए दीक्षारम्भ पाठ्यक्रम शुरू हुआ। जो देश का पहला विश्वविद्यालय है जहां यह पाठ्यक्रम छात्र-छात्राओं के लिए चलाया जा रहा है। पाठ्यक्रम का उद्घाटन करते हुए केन्द्रीय कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष डा. संजय कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा शुरू किया गया दीक्षारम्भ एक अनोखा पाठ्यक्रम है जो युवाओं मे पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों मे आगे आने के लिए प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने कहा कि समस्तीपुर जिले की पूसा की धरती शोध एवं कृषि विकास की जननी है जहां वैज्ञानिकों द्वारा नई कृषि शोध और तकनीकों को विकसित कर किसानों के खेतों तक पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर कुलपति डाँ पी.एस पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के तहत नये आगंतुक विधार्थियों मे पढ़ाई के प्रति रूची जगाने और विधार्थियों का बहुमुखी विकास करने के उदेश्य से यह दीक्षारम्भ पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। श्री पाण्डेय ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा किसानों की आर्थिक प्रगति के प्रति कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि इसके लिए किसानों के खेतों तक कम लागत से उन्नत खेती करने के लिए तकनीकों को पहुंचाया जा रहा है। इस कार्यक्रम मे विश्वविद्यालय के कुलसचिव डाँ पी.के. प्रणव, निदेशक शिक्षा डाँ उमाकांत बेहरा समेत अन्य वैज्ञानिकों ने दीक्षारम्भ पाठ्यक्रम पर विस्तार से चर्चा किया।




### भोजपुर में सातवीं लघु सिंचाई गणना की गति धीमी

**आरा (नबिटा संवाददाता)।** भोजपुर जिले में सातवीं लघु सिंचाई एवं द्वितीय जल निकाय गणना की रफ्तार अभी तक अपेक्षा के अनुरूप नहीं है। विधानसभा चुनावों के व्यस्त कार्यक्रम के कारण फील्ड स्तर पर गणना कार्य काफी धीमा पड़ा है, जिसके चलते निर्धारित समय सीमा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि 25 दिसंबर तक हर हाल में जिले के सभी पंजीकृत एवं अपंजीकृत ट्यूबवेल, तालाब, आहर, पोखर, कुआं, लघु जलाशय तथा अन्य जल संरचनाओं का सर्वे कर फाइनल डेटा उपलब्ध कराया जाए। लघु सिंचाई गणना केवल एक तकनीकी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि कृषि आधारित जिले भोजपुर के लिए विकास योजनाओं की नींव है। इन आंकड़ों के आधार पर सरकार यह तय करती है कि किन क्षेत्रों में अतिरिक्त जल संरचनाओं की जरूरत है, कहां मरम्मत कार्य होना चाहिए।

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, पिता घायल, लोगों ने घंटों किया सड़क जाम

## घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर हुआ फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** पालीगंज नगर पंचायत के शिवपुर टोला के पास रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। मसौढ़ी कला गांव के रहने वाले पिता-पुत्र बाइक से घर लौट रहे थे, तभी धान से लदे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में 20 वर्षीय नीतीश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पिता सतेंद्र वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल सतेंद्र को स्थानीय लोगों की मदद से पालीगंज अस्पताल पहुंचाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार सतेंद्र वर्मा नीरखपुर मोड़ के पास दुकान चलाते हैं। रविवार दोपहर वह अपने 14 वर्षीय बेटे नीतीश के साथ दुकान से मोटरसाइकिल पर घर लौट रहे थे। शिवपुर टोला के पास पहुंचते ही सामने से आ रही धान लदे ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े, जिसके बाद ट्रक नीतीश को कुचलते हुए निकल गया। ट्रक चालक घटना के बाद वाहन छोड़कर फरार हो गया। मौत की खबर फैलते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना मिलते ही पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर जाम हटाने की कोशिश करते रहे। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय विधायक संदीप सौरभ भी मौके पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। प्रशासन की ओर से परिजनों को पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये की त्वरित सहायता राशि प्रदान की गई। तथा रोड एक्सीडेंट में मिलने वाली सहता दिलवाने के आश्वाशन के बाद पुलिस ने जाम हटवाया तथा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पालीगंज भेज दिया।

### पटना-गया फोरलेन पर दो बाइकों में भिड़ंत, चार जख्मी

**मसौढ़ी।** पटना गया फोरलेन पर डुमरी पुल के पास में सोमवार की दोपहर को दो बाईकों में आमने सामने की ज़बरदस्त भिड़ंत हो गई, जहां चार युवक गंभीर रूप में जख्मी हुए हैं। जिसमें एक की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। जहां मौके पर पुलिस पहुंचकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुनपुन में इलाज के लिए भर्ती कराया है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया की जख्मी युवकों में गोलू कुमार टिकाईचक, रोहित कुमार गफरीचक, अनंत कुमार, अनुज कुमार, चंदन कुमार बेलदारी टोला थाना गौरतलब के रहने वाला है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है जिसका इलाज चल रहा है एक की हालत गंभीर बनी हुई है। इन सभी घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है पूरी मामले की जांच में जुटी है।

# पैसा मांगने पर मिठाई दुकानदार को चाकू मारकर किया जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के साई बाजार स्थित एक मिठाई दुकानदार को पैसा मांगने पर चाकू मार कर जख्मी कर देने का मामला प्रकाश में आया है। जख्मी मिठाई दुकानदार का नाम सुरेंद्र कुमार पिता चंदेश्वर प्रसाद साई का रहने वाला बताया जाता है। जो साई बाजार स्थित मिठाई का दुकान चलाता है। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि सोमवार की दोपहर में चार युवक मिठाई दुकानदार में मिठाई खाने गए थे उसी दौरान मिठाई खाकर वह चल दिए हैं जहां पैसा मांगने पर वह झंझट करने लगा, उबी वक्त में एक युवक ने कमर से चाकू निकालकर उसके गर्दन पर वार कर दिया वहीं फिर घर पकड़ में भगाने के दौरान फिर उसके चाकू फेंक कर मारा जो उसे पर पीठ में भी चाकू लग गया। जख्मी मिठाई दुकानदार को स्थानीय लोग अस्पताल में ले गये जहां बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने कहा कि पूरे घटना की जांच की जा रही है अभी तक पिडीत के द्वारा थाने में आवेदन नहीं दिया गया है लेकिन आसपास के लोगों से और सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है कि आखिर कैसे घटना घटी और क्या है पूरा मामला। वही इस घटना से गुस्साए साई बाजार के सभी दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकानें बंद कर इसका विरोध जताया और पुलिस से दुकानदारों की सुरक्षा और आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है।

## विरोध में दुकानें रही बंद

# कादिरगंज में एक रायफल, दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार, छत पर छुपा कर रखा था हथियार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** कादिरगंज पुलिस ने कादिरगंज थाना क्षेत्र के गिरपरता बीघा गांव से रविवार की देर रात्रि को एक घर में छापेमारी करते हुए एक राइफल दो जिंदा कारतूस को जप्त किया है। वही एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम नागेंद्र प्रसाद 30 वर्ष पिता रामदेव प्रसाद बताया जाता है। थानाध्यक्ष सौरभ कुमार ने बताया कि पिछले कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि नागेंद्र प्रसाद के पास एक बड़ा सा राइफल है और जब भी वह आसपास के लोग से लड़ाई करता है तो छत पर राइफल लेकर चढ़ जाता है और उसे धमकता है ऐसे में सूचना को सत्यापन करते हुए पुलिस कई दिनों से उसके राइफल की तलाश में लगी हुई थी, ऐसे में बीते देर रात को तकरीबन 12:00 बजे उसके घर पर छापेमारी की गई जहां छत पर राइफल को बांधकर छुपाए हुए था छापेमारी करते हुए राइफल और दो जिंदा कारतूस को जब्त किया है साथ ही आरोपी नागेंद्र प्रसाद को मौके पर से ही गिरफ्तार कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।



### पालीगंज में ज्वेलरी दुकान का शटर काटकर तीन लाख की चोरी

**पालीगंज।** पालीगंज के सिगोड़ी थाना क्षेत्र के चंढोस बाजार में चोरों ने राधे कृष्णा ज्वेलर्स का शटर काटकर करीब तीन लाख रुपये की ज्वेलरी चोरी कर ली। दुकान मालिक श्रवण प्रसाद सोमवार सुबह जब दुकान पहुंचे तो शटर और अंदर का लॉकर टूटा हुआ मिला।

सूचना मिलते ही स्थानीय लोग जुट गए और पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पाकर मौके पर सिंगोड़ी थाने की पुलिस ने पहुंचकर जांच शुरू कर दी। पीड़ित ने बताया कि कुछ महीने पहले अपराधियों ने रास्ते में उनसे लूटपाट कर दुकान की चाभियां छीन ली थीं। चोरों ने इस बार भी वही चाभियां इस्तेमाल करने की कोशिश की, लेकिन ताला बदल जाने पर शटर काटकर चोरी को अंजाम दिया।

पुलिस का मानना है कि वारदात में पूर्व वाले अपराधी भी शामिल हो सकते हैं।

# पूर्व विधान पार्षद स्व. बृजलाल प्रसाद हर दिलों के अजीज थे : कृषि मंत्री

### 47वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पूर्व विधान पार्षद स्व ब्रजलाल प्रसाद की 47 वॉ पुण्यतिथि के अवसर पर बीएलपी महविद्यालय के परिसर में श्रद्धांजलि सभा मनाई गई, जहाँ मौके पर स्व. ब्रजलाल प्रसाद की प्रतिमा पर कृषि मंत्री रामकृपाल यादव, विधायक अरूण मांझी शैल सिन्हा,धर्मवीर प्रसाद, निशांत चन्द्र राहुल, निर्देश चन्द्र वरूण, डॉ जयमाला कुमारी, डॉ सतीश कुमार प्रो0 अभय कुमार, उपेन्द्र विद्यार्थी आदी माल्यार्पण एवं पुंष्पांजली की। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ साधु शरण सिंह (प्रभारी प्राचार्य बी0 एल0 पी0 कॉलेज ने की,संचालन प्रो0 सी0 पी0 मंडल ने की। मौके पर मुख्य अतिथि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि स्व. ब्रजलाला बाबु इस क्षेत्र के जाने माने समाजसेवी थे वो हमेशा सभी धर्मो एवं सभी जाती के लोगों को सम्मान करते थे। इस कार्यकम में विशिष्ट अतिथि विधायक अरूण मांझी ने आश्वासन दिया कि हमसे जितना बन सकेगा। महाविद्यालय के विकास में मदद करेंगें। कार्यक्रम में मसौढी प्रखण्ड के प्रमुख मो0 सद्दाम हुसैन, मो0 शाहिद, पूर्व मुखिया मनोज यादव, रंजन प्रसाद मुखिया, सुरेश पटेल, सोना लाल प्रसाद, प्रो0 सरयुग प्रसाद आचार्य, पूर्व प्रमुख राज किशोर प्रसाद, आदी शामिल रहे।



# सड़क हादसे में महिलाकर्मी समेत दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में जिला अभिलेखागार में कार्यरत महिला कर्मी समेत दो महिलाओं की मौत हो गयी। प्रात जानकारी के अनुसार मदनपुर थाना क्षेत्र के दरभंगा गांव की रहने वाली एवं जिला अभिलेखागार में कार्यरत महिला कर्मी दुलरिया बेटे के साथ बाइक से काम पर जा रही थी तभी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ओरा गांव के पास एनएच-19 पर दुर्घटना के शिकार हो गयी। बताया जाता है कि ओरा गांव के पास पहुंचते ही पीछे से आ रही कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिसके बाद दोनों मां-बेटे सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मौजूद मेडिकल स्टोर में काम करने वाले अजय कुमार ने मां-बेटे को अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने दुलरिया देवी को मृत घोषित कर दिया जबकि बेटे का इलाज चल रहा है। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार के सदस्य और ऑफिस के कर्मचारी अस्पताल पहुंचे। मृतका के पुत्र राजमोहन कुमार ने बताया कि वह शिवगंज बाजार में किराना दुकान चलाता है। पिता की मौत के बाद अनुकंपा पर मां की नौकरी हुई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार दुलरिया देवी के पति दामोदर पासवान की हत्या नक्सलियों ने कर दी थी। समाहरणालय कर्मियों ने शोक जताते हुए कहा कि दुलरिया देवी काफी मिलनसार थी। अपने कार्यों को भी जिम्मेवारी पूर्वक निभाती थी। वहीं दाउदनगर थाना क्षेत्र के बुधन बिगहा तरार के पास रविवार देर शाम एक सड़क दुर्घटना में 58 वर्षीय महिला केसरी देवी की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से यह हादसा हुआ। मृतका की पहचान दाउदनगर थाना क्षेत्र के तरार निवासी अवधेश राम की पत्नी के रूप में हुई है। लोगों ने बताया की केसरी देवी किसी काम से बाहर गई थीं और देर शाम घर लौट रही थीं। बुधन बिगहा तरार क्रॉसिंग के पास सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ीं। दाउदनगर थाना के अपर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। सोमवार सुबह शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया है। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि दोषी वाहन चालक को जल्द ही चिह्नित कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्धावस्था में विवाहिता की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा(औरंगाबाद)।** थाना क्षेत्र के तिलकपुरा गांव में रविवार की रात विवाहिता महिला प्रियदर्शिनी कुमारी उर्फ आरती (30 वर्ष) की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि प्रियदर्शिनी की शादी तीन साल पहले हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस तिलकपुरा गांव पहुंची तो देखा की घर पर शव पड़ा है और ससुराल के सभी सदस्य फरार हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर ग्रामीणों के समक्ष पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय औरंगाबाद भेज दिया। अपर एसआई सरोज कुमार ने बताया कि अभी मामले में किसी तरह का आवेदन नहीं मिला है। घटना के बारे में पुलिस ने बताया कि हत्या है या आत्महत्या पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चल पायेगा। ग्रामीणों के अनुसार तीन वर्ष पूर्व नालंदा जिले के परवलपुर थाना के बदौनी गांव की अरुण कुमार की पुत्री मृतका आरती से हसपुरा थाना के तिलकपुरा गांव निवासी ऋतुराज शर्मा के पुत्र चंदन कुमार से शादी हुई थी। मृतका को कोई संतान नहीं था। बताया जाता है कि बच्चे के लिए पति, सास सहित ससुराल वाले हमेशा प्रताड़ित करते थे। खासकर पति और सास द्वारा मृतका को बराबर प्रताड़ित किया जा रहा था। प्रताड़ना से तंग आकर मृतका जहर खाकर या फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली या ससुराल वालों द्वारा हत्या कर दी गयी, इस तरह की गांव में चर्चा हो रही है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# प्रियांशु हत्याकांड के आरोपित के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवीनगर के चर्चित प्रियांशु हत्याकांड मामले में फरार अभियुक्त के घर पर पुलिस द्वारा इश्तेहार चिपकाया गया है। यह कार्रवाई न्यायालय के निर्देश पर झारखंड के डाल्टेनगंज जिले के नावाटोली निवासी संतोष गोस्वामी के घर पर की गई है। बता दें कि फूफा जीवन प्रसाद सिंह के प्रेम में पागल भतीजी गूंजा सिंह ने अपने पति प्रियांशु सिंह की साजिश के तहत हत्या करवा दी थी। यह मामला जुलाई 2025 की है। कांड में अब तक आरोपी फूफा व पत्नी सहित चार अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सलाखों के बीच भेजा जा चुका है जबकि इस कांड के शूटर संतोष गोस्वामी और अमित तिवारी अबतक फरार है। मामले में न्यायलय के निर्देश पर नवीनगर



थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार के नेतृत्व में गाजे बाजे के साथ इश्तेहार चिपकाया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रियांशु हत्याकांड में फरार अभियुक्त संतोष गोस्वामी के घर पर आज इश्तेहार चिपकाया गया है। इसके पूर्व अमित तिवारी के घर पर भी इश्तेहार चिपकाया गया था। ये दोनों हत्याकांड के बाद से फरार चल रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए संबधित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। इश्तेहार के बावजूद यदि अभियुक्तों ने निर्धारित समय के अंदर आत्म समर्पण नहीं किया तो कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जायेगी।

# दो बंद घरों से लाखों की संपत्ति पर चोरों ने किया हाथ साफ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अज्ञात चोरों ने दो घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है जिसमें लाखों की सोने-चांदी के ज़ेवर सहित अन्य जरूरी सामग्रियां ले भागे। मामला मदनपुर थाना क्षेत्र के एनएच-19 पर खिरियावां मोड़ का है। जानकारी के मुताबिक गृह स्वामी शादी समारोह में शामिल होने अपने रिश्तेदारों के घर गए हुए थे। इसी क्रम में अज्ञात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। मामले में पीड़ित रामजी कुमार यादव ने बताया कि शनिवार को जमुनिया गांव में शादी था। जहां सपरिवार गए हुए थे। सोमवार की सुबह करीब पांच बजे लौटा तो घर के मुख्य दरवाज़ा का ताला टूटा हुआ पाया। घर के अंदर की सामग्रियां यत्र-तत्र पड़ा हुआ था और गोदरेज व बक्से से सोने-चांदी के ज़ेवर सहित 20 हज़ार नकद व जरूरी सामग्रियां गायब थे। इसके अलावा पड़ोसी मोहन सिंह के बंद घर में भी अज्ञात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। उनके घर से भी 1 लाख रूपये की सोने-चांदी के ज़ेवर व 40 हज़ार नकद सहित अन्य जरूरी सामग्रियां चोर ले भागे। पीड़ित मोहन सिंह ने बताया कि 21 नवंबर को इटकोहिया में रिश्तेदार की शादी थी। जहां सपरिवार गया हुआ था। घटना को लेकर थाना में तहरीर समर्पित किया गया है। कांड की गंभीरता के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# पारदर्शी व सरल तरीके से हुआ अभ्यर्थियों का चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** केंद्र और राज्य सरकार की ओर से बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की योजना के तहत आज औरंगाबाद जिला नियोजनालय के तत्वावधान में रोजगार मेला सह जॉब कैंप का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेला में कल्याण ज्वेलर्स इंडिया लिमिटेड एवं अन्य निजी कंपनियों की ओर से रोजगार के लिए आवेदक बेरोजगारों का चयन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में इच्छुक अभ्यर्थियों ने निर्धारित समय से जॉब कैंप में भाग लिया। योग्यता के अनुसार अभ्यर्थियों को सेल्समैन, फ्लोर होस्टेस ड्राइवर, कुकमैन, कंप्यूटर ऑपरेटर जैसे पदों पर चयन किया गया। चयनित होने के उपरांत मौके पर ही नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गये। जिला नियोजन पदाधिकारी




सोनू जायसवाल ने बताया कि यह शिविर से जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार की दिशा में नई राह मिलेगी। सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए कृतसंकल्प है। यह भर्ती पूरी तरह पारदर्शी और सरल प्रक्रिया के तहत किया गया। जिला नियोजनालय के प्रतिनिधि संजीत कुमार ने कहा कि आज रोजगार कैंप आयोजित किया गया। विभाग की ओर से महीने में दो बार जॉब कैंप आयोजित किया जाता है। जो युवक निजी कंपनियों में जॉब के लिए इच्छुक होते है, उनके लिए रोजगार का अवसर प्रदान किया जाता है। यह जॉब कैंप पूरी तरह निःशुल्क है। इसमें अभ्यर्थियों को किसी तरह का कोई शुल्क नहीं लगता है। उन्होंने कहा कि रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं के लिए यह खास अवसर है। शिविर के तहत सेल्समैन के लिए 10 पदों पर नियुक्ति की गई। अभ्यर्थियों की योग्यता स्नातक एवं आयु 18 से 25 वर्ष निर्धारित किया गया था। इसी तरह फ्लोर होस्टेस के लिए 4 पदों पर, योग्यता स्नातक एवं आयु 18 से 25 वर्ष। ड्राइवर के लिए 2, योग्यता इंटर एवं आयु 18 से 25 वर्ष । रसोईया के लिए 5 पदों पर, योग्यता आठवीं एवं आयु 18 से 40 वर्ष। सुपरवाइजर के लिए 8, योग्यता स्नातक एवं आयु 18 से 25 वर्ष एवं कंप्यूटर ऑपरेटर के लिए 8, योग्यता स्नातक एवं आयु 18 से 25 वर्ष। सभी पदों के लिए वेतन 15000 से 25000 रूपये तक निर्धारित है। इस अवसर पर नियोजन मेला में प्राधिकृत प्रतिनिधि प्रभु दुरई सहित अन्य मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में जख्मी सिपाही की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ढिबरा थाना में प्रतिनियुक्त सिपाही राकेश कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खर्राट गांव के रहने वाले थे। वह पांच दिनों की छुट्टी लेकर घर गये थे। रविवार की रात अपने ही गांव के निकट सड़क दुर्घटना में वे गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद परिजनों ने उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद उन्हें पटना के मेदांता अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान सोमवार दोपहर उनकी मौत हो गई। दुर्घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी, बच्चों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सिपाही राकेश की मौत की सूचना ढिबरा थाना पहुंचने पर शोक की लहर दौड़ गई। थानाध्यक्ष रितेश उपाध्याय ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि राकेश कुमार एक सौम्य स्वभाव और कर्तव्यनिष्ठ सिपाही था। उनकी अधिकांश ऊर्जा अपने काम में ही लगी रहती थी। वह हमेशा जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी निभाते थे। छुट्टी के दौरान हुए इस हादसे ने पूरे पुलिस परिवार को स्तब्ध कर दिया है। घटना के बाद गांव में भी मातमी माहौल है। लोग बताते हैं कि राकेश मिलनसार और मददगार प्रवृत्ति के युवक थे। सिपाही राकेश की असमय मौत ने एक परिवार को बेसहारा कर दिया, वहीं पुलिस विभाग ने भी एक कर्तव्यपरायण जवान खो दिया है।

# अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड क्षेत्र के जंगल व पहाड़ी इलाकों में शराब बनाने का धंधा इन दिनों खूब फल-फूल रहा है। नक्सल इलाका होने के कारण इन इलाकों में पुलिस कम पहुंचती है जिससे इस धंधे में शामिल तस्कर बड़े पैमाने पर महुआ से शराब बनाने का धंधा करते हैं। सलैया थाना क्षेत्र के चाल्हो पहाड़ से लेकर विभिन्न इलाकों में महुआ से शराब बनाने का मामला आए दिन सामने आ रहे है। इन क्षेत्रों में महुआ से शराब बनाने के धंधे का पर्दाफाश तब होता है जब थाना की पुलिस नक्सल अभियान के सुरक्षाबलों के साथ जंगलों में छापामारी करती है। इसी क्रम में सोमवार को थाना क्षेत्र के लखनपुर



स्थित चाल्हो पहाड़ पर कार्रवाई के फलस्वरूप 500 लीटर महुआ जावा को विनष्ट किया गया है। साथ ही एक भट्ठी और शराब निर्माण से जुड़ी कई सामग्रियों को नष्ट किया गया है। पुलिस पदाधिकारी के मुताबिक चाल्हो पहाड़ पर छापामारी के दौरान एक शराब भट्ठी को ध्वस्त किया गया है। साथ ही 500 लीटर महुआ जावा विनिष्ट किया गया है। जबकि तस्कर फरार हो गए। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर तस्करों की तलाश की जा रही है।

# चोरी का 18 टन स्क्रैप जब्त ट्रक चालक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सीआईएसएफ और नरारी कला खुर्द पुलिस के संयुक्त कार्रवाई में बड़ी सफलता मिली है। कार्रवाई के फलस्वरूप एक ट्रक से 18 टन चोरी के स्क्रैप बरामद किया गया है। साथ ही चालक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार चालक की पहचान उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र अंतर्गत नानो खैरा गांव का निवासी रामदेव के रूप में की गई है। दरअसल रविवार को नबीनगर प्रखंड क्षेत्र के नरारी कला खुर्द थानाध्यक्ष दिनेश कुमार को सूचना मिली। अवैध स्क्रैप से लदा ओवरलोड ट्रक जा रहा है। सूचना के आलोक में एनटीपीसी में कार्यरत सीआईएसएफ जवानों की मदद से एनटीपीसी गेट पर ससना गांव के समीप संदिग्ध ट्रक को रोककर तलाशी ली गई जिसमें कुल -26 टन स्क्रैप लदा हुआ था जिसमें 18 टन स्क्रैप का कोई कागज नहीं था। जब्त स्क्रैप की बाजार कीमत लगभग छह लाख रूपये आंकी गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि ठेके के तहत चालक एनटीपीसी से स्क्रैप ले जाने का काम क रता था, लेकिन उसने अवसर का लाभ उठाकर चोरी का माल भी ट्रक में लाद लिया। इस पूरे प्रकरण में चालक रामदेव के अलावा छह से सात अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। चोरी के इस पूरे नेटवर्क की जांच में जुट गई है और जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

# विभिन्न अपराधों में 31 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। अलग-अलग मामलों में 21 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 8 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 2, शराब कांड में 4 एवं अन्य शीर्ष कांड में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 208.60 लीटर देसी एवं 119.47 लीटर विदेशी शराब, 1 ट्रैक्टर, 100 सीएफटी बालू बरामद किया गया है। इसी क्रम में 400 लीटर महुआ घोल और 4 भट्ठी विनिष्ट किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1095 वाहनों की जांच की गई जिसमें 45000 रूपये बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि मादक प्रदार्थो की खरीद फरोख्त यथा विभिन्न अपराधों के खिलाफ चलाए गए अभियान के फलस्वरूप विभिन्न अपराधों में 31 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं ताकि गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके।

## लंबे समय से फरार दो वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** न्यायालय के निर्देश पर दो वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में फ़ेसर थाना की पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के बड़वा-बसंतपुर निवासी गणेश साव को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा ढिबरा पुलिस द्वारा तेतराईन गांव निवासी ललेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों लंबे समय से मामले में फरार चल रहे थे। न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आधार पर दोनों पकड़े गए। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया।

# विधि विरूद्ध किशोर को एक सप्ताह तक सामुदायिक सेवा का आदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** किशोर न्याय बोर्ड औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी सह एसीजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने मदनपुर थाना की एक कांड में सुनवाई करते हुए एक मात्र विधि विरूद्ध किशोर को एक सप्ताह सामुदायिक सेवा केन्द्र मदनपुर में सामुदायिक सेवा करने का आदेश दिया गया है। पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर के प्रभारी को यह भी आदेश दिया गया है कि सेवाकाल में विधि विरूद्ध किशोर का नाम पहचान व पता उजागर नहीं करें। साथ में एक निश्चित समय अवधि तक विधि विरूद्ध किशोर के आचरण और व्यवहार से संबधित प्रतिवेदन बोर्ड में समर्पित करें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# औरंगाबाद में 1.54 लाख हेक्टेयर भूमि में होगी रबी की खेती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** किसानों को अपनी फसल की उपज से दोगुनी आमदनी करने के लिए सरकार का कृषि विभाग हर संभव प्रयास कर रहा है। इसके लिए कृषि रोड मैप तैयार किया गया है, वहीं नित्य नये-नये प्रयोग किये जा रहे हैं और नयी टेक्नॉलजी की बढ़ावा दी जा रही है। इस बार जिले के विभिन्न प्रखंडों में 154287.54 हेक्टेयर भूमि में रबी की खेती की जानी है। इसके लिए प्रखंडवार लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इधर, बेहतर उत्पादन के लिए खेतिहरों के बीच उन्नत किस्म का बीज वितरण किया जा रहा है। आत्मा परियोजना द्वारा पंचायत स्तर पर चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। वर्तमान में धान की कटाई शुरू हो गयी है। अगले सप्ताह से रबी की बुआई शुरू कर दी जायेगी। ऐसे दक्षिणी क्षेत्र के किसानों ने चना, मसूर, मटर व सरसों का फसल लगाया दिया है। सिचिंत क्षेत्रो में मिट्टी में अधिक नमी होने के रबी की बुआई प्रभावित है। औरंगाबाद के किसान अपनी सुविधानुसार अपने खेतो में



चना, गेहू, मसूर, मटर, तीसी व सरसों आदि फसल की फसल लगाते है। इस बार जिले के नवीनगर प्रखंड में सबसे अधिक 26106 हेक्टयर भूमि में रबी की खेती की जानी है। वहीं, हसपुरा प्रखंड में सबसे कम 6696 हेक्टेयर भूमि में रबी की खेती की जायेगी। इधर, सदर प्रखंड में 15029 हेक्टेयर भूमि में, बारून में 16591 हेक्टेयर भूमि में, दाउदनगर में 12043 हेक्टेयर भूमि में, गोह में 10263 हेक्टेयर भूमि में, देव प्रखंड में 7441 हेक्टेयर भूमि में, कुटुंबा प्रखंड में 14177 हेक्टेयर भूमि में, मदनपुर प्रखंड में 8872 हेक्टेयर भूमि में, ओबरा प्रखंड में 18322 हेक्टेयर भूमि में तथा रफीगंज प्रखंड में 18743 हेक्टेयर भूमि में रबी फसल लगाने के लिए लक्ष्य तय किया गया है। जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज ने बताया कि जिले में पंजीकृत किसानों के बीच 28397 क्विंटल अनुदान आधारित उन्नत किस्म के रबी का बीज वितरण किया जाना है। चना, मसूर, सरसो व मटर का बीज करीब-करीब वितरण कर दिया गया है। गेहूं बीज का वितरण शुरू हो गया है। बीज वितरण के दौरान पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है।

# ग्रामीणों ने एपीएचसी में ताला लगा किया हंगामा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय से कुछ किलोमीटर दूर सुंदरगंज बाजार स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति बेहद बदहाल है। अस्पताल कब खुलता है और कब बंद हो जाता है, इसकी जानकारी न तो मरीजों को होती है और न ही आसपास के लोगों को। सोमवार को जब सुबह 11 बजे तक अस्पताल नहीं खोला गया, तो इलाज कराने आए मरीज वापस लौटने लगे। इससे ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने अस्पताल के गेट में ताला जड़कर हंगामा किया। इस दौरान ग्रामीणों ने चिकित्सा व्यवस्था के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। स्थानीय ग्रामीण बबलू कुमार सिंह, मोनू गुप्ता आदि ने बताया कि यहां स्वास्थ्य व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। चिकित्सक की अनुपस्थिति में स्वास्थ्य कर्मी अपनी सुविधा के अनुसार जब चाहते हैं, तब अस्पताल खोलते हैं और तुरंत बंद कर चले जाते हैं। अस्पताल के खुलने और बंद होने की कोई निश्चित समय-सारिणी नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार यहां चिकित्सक कभी दिखाई ही नहीं देते। मरीजों की जांच का पूरा जिम्मा एएनएम और अन्य कर्मियों पर है जिससे बेहतर स्वास्थ्य सुविधा की उम्मीद करना बेमानी है। इधर, आंदोलन की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य प्रबंधक मनीष कुमार मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। हालांकि ग्रामीणों ने उन्हें भी जमकर फटकार लगायी और संबंधित चिकित्सक व लापरवाह कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। सोमवार को जब स्वास्थ्य कर्मी अमिताभ रंजन करीब 11 बजे अस्पताल पहुंचे तो ग्रामीणों ने उनके सामने कई गंभीर आरोप लगाए। इसके थोड़ी देर बाद क्लर्क निर्मला कुमारी सहित अन्य कर्मी पहुंचे। स्वास्थ्य प्रबंधक के मुताबिक यहां डॉ. प्रकाश रावत की पोस्टिंग है। डॉक्टरों की कमी के कारण उन्हें अन्य स्थानों पर भी सेवाएं देनी पड़ती हैं। वर्तमान में अस्पताल में स्टाफ नर्स अमिताभ रंजन, क्लर्क निर्मला कुमारी, एएनएम ललिता कुमारी और दो चतुर्थ वर्गीय कर्मी तैनात हैं, फिर भी अस्पताल का संचालन नियमित नहीं हो पा रहा है। निरीक्षण के दौरान एएनएम ललिता कुमारी बिना सूचना के अनुपस्थित मिलीं, जबकि अन्य सभी कर्मचारी निर्धारित समय से देर से पहुंचे। पूरे मामले की जानकारी वरीय अधिकारियों को दे दी गई है और दोषी कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार
नवबिहार टाइम्स
एक अखबार, पूरा बिहार
राजधानी पटना में सर्वत्र उपलब्ध
अखबार की प्रति प्राप्त करने में कोई कठिनाई हो तो निम्नांकित नम्बरों पर सम्पर्क करें
9334115121/8540866721/8789755505
पटना कार्यालय
द्वितीय तल, रवि-उर्मिला काम्प्लेक्स
आशियाना-दीघा रोड, पटना-13
मो0-6206165107
7004534093

CMYK